राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-165
लखनऊ, शुक्रवार 02 फरवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



अयोध्या से 8 शहरों के लिए हवाई सेवा शुरू 03

बजट भारतीय अर्थव्यवस्था को उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जायेगा : नड्डा 12




### वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट में नयी पीढ़ी के सुधार, दो करोड़ मकान सहित 12 बड़ी योजनायें घोषित की

# बजट से बदलेगी 11 करोड़ किसानों की किस्मत

## बजट 2024

- सौर प्रणाली लगाने वाले एक करोड़ परिवारों को हर माह मिलेगी 300 यूनिट बिजली मुफ्त

**एजेंसी।**

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के अंतरिम बजट में प्रधानमंत्री योजना के तहत दो करोड़ और मकान बनाने तथा मध्यवर्ग के लोगों के लिए मकान की नयी योजना तथा अर्थव्यवस्था की आगे की जरूरतों के लिए नयी पीढ़ी के सुधार करने सहित 12 प्रमुख पहलों की घोषणा की।

इन पहलों में 10 हज़ार करोड़ रुपये के आबंटन के साथ रूफटॉप सोलर योजना, लखपति दीदी योजना के तहत लक्ष्य को दो करोड़ महिलाओं से बढ़ा कर तीन करोड़ करने, लघु, सूक्ष्म एवं मझोले उद्यमों को वैश्विक स्टार पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने और उन्हें नियमों के अनुपालन के साथ काम करने में समर्थ करने की घोषणा भी शामिल है।

अंतरिम बजट में कहने के लिए सरकार ने कोई बड़ा कदम नहीं उठाया है, लेकिन इसके बाद भी बजट की तमाम योजनाओं से किसानों को आर्थिक तौर पर मजबूत करने का काम किया गया है। सीधे तौर पर किसानों और ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था से जुड़े कई ऐसे कदम इस अंतरिम बजट में उठाए गए हैं, जिससे किसानों को आर्थिक तौर पर सशक्त करने में मदद मिलेगी।

अंतरिम बजट में बिहार, झारखण्ड और ओडिशा जैसे पूर्वी क्षेत्र के राज्यों को अमृत काल में विकास के नये इंजन के रूप में खड़ा करने, आम सहमत पर आधारित नयी पीढ़ी के सुधार करने की घोषणा भी शामिल है जिसमें क्रियान्वयन और कायाकल्प को रेखांकित किया गया है।

वित्त मंत्री ने रेलवे में सुधार के लिए कई पहल की घोषणा की है जिसमें तीन व्यस्त रेलवे मार्गों पर रेल परिवहन को अधिक कुशल बनाया जाएगा। इनमें एक कॉरिडोर, ज़्यादा व्यस्त यात्री मार्ग होगा और उस पर माल परिवहन की दक्षता भी सुधारी जाएगी।

अंतरिम बजट में रेलवे के लिए चार हज़ार पुरानी बोगियों को उन्नत कर वंदे भारत कोच के स्तर का बनाया जाएगा। इनके किराए का फैसला भारतीय रेल करेगी।

श्रीमती सीतारमण ने मेट्रो और नमो भारत की पहल की जो शहरीकरण की उभरती आवश्यकताओं को देखकर लागू किया जाएगा ताकि शहरों का परिदृश्य बदला जा सके।

वित्त मंत्री ने निजी क्षेत्र को अनुसंधान और नवाचार के लिये दीर्घकालिक क़र्ज़ देने के लिये एक लाख करोड़ रुपये का एक नया कोष बनाने की घोषणा की है जो किसी सरकारी क्षेत्र के वित्तीय संस्थान के माध्यम से चलाया जाएगा। कंपनियों को बिना ब्याज या बहुत ही सूक्ष्म ब्याज पर लम्बी अवधि के लिए क़र्ज़ दिये जायेंगे।

अंतरिम बजट में पर्यटन के विकास के लिये राज्यों को ब्याज मुक्त कर सुविधा देने की घोषणा की गयी है जिसमें हम आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये कर्ज भी होगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य सरकारों को अपने यहां के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को इस तरह विकसित करने के लिये सहायता दी जायेगी ताकि वहां विश्व भर से पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके।

बजट में राज्यों को नीतियों और कार्यक्रमों में सुधार के लिये मदद देने की घोषणा की गयी है। वित्त मंत्री ने कहा कि इस सरकार के दस साल के काम की इससे पहले के 10 साल के काम से तुलना के लिये श्वेत पत्र लाया जायेगा ताकि गलतियों से सबक लिया जा सके।

उन्होंने कहा कि हमने सुप्रबंधन के जरिये अर्थव्यवस्था को मज़बूत किया है और सरकार ने सुशासन विकास और इसके काम के उल्लेखनीय रिकॉर्ड के आधार पर जनता का विश्वास और भरोसा जीता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि छत पर सौर प्रणाली लगाने वाले एक करोड़ परिवारों को हर माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। यह योजना बहुत उपयोगी है और यह एक करोड़ परिवारों को हर माह तीन सौ यूनिट तक बिजली उपलब्ध कराने में सक्षम है। सार्वजनिक परिवहन के लिए बड़े स्तर पर ई-बसों को भुगतान सुरक्षा व्यवस्था के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाएगा।

### बजट 2024-25 की मुख्य बातें

- ⇨वर्ष 2014 तक कुप्रबंधन पर एक श्वेत-पत्र आयेगा
- ⇨पीएम-आवास योजना (ग्रामीण) के तहत तीन करोड़ मकानों का लक्ष?य जल्द ही हासिल
- ⇨अगले पांच वर्षों में दो करोड़ अतिरिक्त मकानों का लक्ष्य
- ⇨ छत पर सौर प्रणाली लगाने से एक करोड़ परिवार हर महीने 300 यूनिट तक निशुल्क बिजली
- ⇨हर परिवार को सालाना 15,000 से 18,000 रुपए की बचत होने का अनुमान।
- ⇨आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा सुरक्षा में सभी आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिका शामिल
- ⇨अनुसंधान एवं नवाचार 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण के साथ एक लाख करोड़ रुपए का कोष स?थापित
- – अनुसंधान एवं नवाचार कोष से दीर्घकालिक वित्त पोषण या पुनर्वित्तपोषण कम या शून्य ब्याज दरों पर उपलब्ध
- ⇨ डीप-टेक प्रौद्योगिकी को मजबूती देने और आत्मनिर्भरता में तेजी लाने के लिए एक नई योजना
- ⇨ पूंजीगत व्यय के परिव्यय को 11.1 प्रतिशत बढ़कर 11,11,111 करोड़ रुपए
- ⇨ सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.4 प्रतिशत
- ⇨ऊर्जा, खनिज एवं सीमेंट गलियारा पत्तन संपर्कता गलियारा अधिक यातायात वाला गलियारा
- ⇨ 40,000 सामान्य रेल डिब्बे 'वंदे भारत' मानकों के अनुरूप बदलेंगे
- ⇨वर्ष 2030 तक 100 टन की कोयला गैसीकरण और तरलीकरण क्षमता स्थापित होगी
- ⇨सीएनजी और पीएनजी में सीबीजी के मिश्रण अनिवार्य
- ⇨राज्यों को प्रतिष्ठित पर्यटक केन?द्रों का संपूर्ण विकास शुरू करने, उनकी वैश्विक पैमाने पर ब्रांडिंग और मार्केटिंग करने के लिए प्रोत्साहन
- ⇨पर्यटन केन्द्रों को उपलब्ध सुविधाओं और सेवाओं की गुणवत्ता के आधार पर रेटिंग देने के लिए एक फ्रेमवर्क
- ⇨राज्यों को 50 वर्ष के ब्याज मुक्त ऋण के रूप में 75,000 करोड़ रुपए के प्रावधान
- ⇨ कर प्राप्ति 23.24 लाख करोड़ रुपए
- ⇨कुल व्यय का संशोधित अनुमान 44.90 लाख करोड़ रुपए
- ⇨30.03 लाख करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति बजट अनुमान
- ⇨वित्त वर्ष 2023-24 के लिए राजकोषीय घाटे का संशोधित अनुमान 5.8 प्रतिशत
- ⇨उधारी से इतर कुल प्राप्तियां और कुल व्यय क्रमशः 30.80 लाख करोड़ रुपए और 47.66 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान
- ⇨कर प्राप्तियां 26.02 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान
- ⇨राज्यों के पूंजीगत व्यय के लिए 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण योजना कुल 1.3 लाख करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ इस वर्ष भी जारी
- ⇨वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान
- ⇨वित्त वर्ष 2009-10 तक की अवधि से जुड़ी 25 हजार रुपये तक की बकाया प्रत्यक्ष कर मांग को वापस
- ⇨वित्त वर्ष 2010-11 से 2014-15 तक की 10 हजार रुपये तक की बकाया प्रत्यक्ष कर मांग वापस
- ⇨सावरेन वेल्थ फंड अथवा पेंशन फंड द्वारा किए गए निवेश, स्टार्टअप के लिए कर लाभ 31.03.2025 तक
- ⇨खुदरा व्यवसायों के अनुमानित कराधान के लिए कारोबार सीमा को दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ रुपये
- ⇨पेशेवरों के लिए अनुमानित कराधान सीमा को 50 लाख रुपये से बढ़ाकर 75 लाख रुपये
- ⇨रिटर्न दाखिल करने के काम को सरल बनाने के लिए नया 26 एएस फार्म और पहले से भरे गये टैक्स रिटर्न विवरण के साथ इनकम टैक्स रिटर्न अद्यतन



आज का ये अंतरिम बजट समावेशी और नवान्वेषी बजट है। इस बजट में निरंतरता का विश्वास है। ये बजट विकसित भारत के चार स्तंभ- युवा, गरीब, महिला और किसान, सभी को सशक्त करेगा। ये बजट, देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। इस बजट में 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है। *नरेन्द मोदी, प्रधानमंत्री*

### नारी शक्ति को प्रोत्साहन : लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य को दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ किया जाएगा

वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में सरकार ने नारी शक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा है कि लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य को दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ किया जाएगा तथा देश में किशोरियों के लिए सर्वाईकल कैंसर टीकाकरण शुरु होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को संसद में बजट पेश करते हुए कहा कि लखपति दीदी के लक्ष्य को दो करोड़ से बढ़ाकर दो करोड़ करने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि नौ करोड़ महिलाओं के साथ 83 लाख स्वयं-सहायता समूह (एसएचजी) सशक्तिकरण और आत?मनिर्भर बनने के साथ ग्रामीण सामाजिक-आर्थिक परिवेश में बदलाव ला रहे हैं। इनकी सफलता से पहले ही करीब एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने में मदद मिल चुकी है। कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य बढ़ाया गया है। सीतारमण ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचने और नारी शक्ति पर ध्यान केन्द्रित करते हुए सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए टीकाकरण करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए विभिन्न योजनाओं में तालमेल स्थापित करेगी। सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए नौ से 14 वर्ष की आयु की बालिकाओं के लिए टीकाकरण कार्यक्रम चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार सभी पात्र श्रेणियों के बीच इस टीकाकरण को बढ़ावा देगी। माताओं एवं शिशुओं की देखरेख वाले विभिन्न कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में तालमेल स्थापित करने के लिए वित्त मंत्री ने एक व्यापक कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### संजय वर्मा ने यूपीएससी सदस्य के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के 1990 बैच के संजय वर्मा ने गुरुवार को यूपीएससी के मुख्य भवन के सेंट्रल हॉल में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के सदस्य के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। उन्हें यूपीएससी के चेयरमैन डॉ. मनोज सोनी ने शपथ दिलाई।

### तीन करोड़ 80 लाख के नकली नोट बरामद आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद की सरयापाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सर्चिंग के दौरान पुलिस ने नकली नोटों की बड़ी खेप पकड़ी गई है। पुलिस ने 3 करोड़ 80 लाख के नकली नोटों सहित 1 व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी साड़ियों की आड़ में छिपाकर ये नकली नोट सारंगढ़ से रायपुर ले जा रहा था। तस्कर के पास से पुलिस ने 500- 500 के नकली नोट के 750 बंडल जब्त किए हैं। पुलिस ने तस्कर के खिलाफधारा 489(ख) के तहत की कार्रवाई करके आगामी जांच शुरु कर दी है।

### राकांपा विधायक रोहित पवार से ईडी ने आठ घंटे की पूछताछ

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार के पोते और विधायक रोहित पवार से गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने बारामती एग्रो कंपनी मामले में मनी लॉड्रिंग ऐंगल से 8 घंटे पूछताछ की है। पूछताछ के बाद रोहित पवार ने पत्रकारों को बताया कि ईडी ने उनसे 8 फरवरी तक कुछ कागज सौंपने को कहा है। इसके बाद अगर जरूरत पड़ी तो वे फिर ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए पेश होंगे।

## ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष को सुप्रीम झटका

- पूजा पर रोक लगाने की मांग पर सीजेआई बोले हाई कोर्ट जाइए

**समृद्धि न्यूज, वाराणसी।**




वाराणसी ज्ञानवापी मामले में जिला अदालत का फैसला आने के बाद मुस्लिम पक्ष ने अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। वहीं, हिंदू पक्ष को मस्जिद के सीलबंद तहखाने के अंदर पूजा करने की अनुमति दे दी गई है। कोर्ट के फैसले में कहा गया कि 7 दिन के अंदर पूजा बहाली की व्यवस्था की जाए।

मिली जानकारी के अनुसार, मुस्लिम पक्ष की कानूनी टीम में वकील फुज़ैल अय्यूबी, निजाम पाशा और आकांशा शामिल थे। उन्होंने गुरुवार सुबह 3 बजे सुप्रीम कोर्ट के वेकेशन रजिस्ट्रार से संपर्क किया और वाराणसी कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया ताकि वह कानूनी उपाय तलाश सके। रजिस्ट्रार ने सुबह 4 बजे भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के सामने दस्तावेज रखे। कागजात देखने के बाद सीजेआई ने मुस्लिम पक्ष से किसी भी तरह की राहत के लिए मामले का उल्लेख इलाहाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष करने को कहा। बता दें कि वाराणसी की अदालत ने स्थानीय प्रशासन से ज्ञानवापी परिसर के तहखाने में सात दिनों में पूजा बहाली की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था। प्रशासन ने सात घंटे में ही सब काम पूरा कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दायर पत्र के अनुसार, मस्जिद कमिटी ने कहा कि प्रशासन के पास इस कार्य को जल्दबाजी और रात के अंधेरे में करने का कोई कारण नहीं था। क्योंकि ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित आदेश उन्हें आवश्यक व्यवस्थाएं करने के लिए एक सप्ताह का समय पहले ही दिया जा चुका था। मुस्लिम पक्ष ने आरोप लगाया कि प्रशासन हिंदू याचिकाकर्ताओं के साथ मिला हुआ है। वाराणसी अदालत का आदेश चार महिला याचिकाकर्ताओं द्वारा मस्जिद के सीलबंद हिस्से की खुदाई और सर्वेक्षण की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने के कुछ दिनों बाद आया है। हिंदू पक्ष के अनुसार, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की रिपोर्ट से पता चला है कि ज्ञानवापी स्थल पर मस्जिद के निर्माण से पहले एक बड़ा हिंदू मंदिर मौजूद था और 17 वीं शताब्दी में मुगल सम्राट औरंगजेब के आदेश पर इसे ध्वस्त कर दिया गया था।

### ज्ञानवापी में आधी रात के बाद शुरू हुई पूजा-अर्चना

वाराणसी वाराणसी जिला अदालत के फैसले के बाद ज्ञानवापी मस्जिद में स्थित तहखाने में देर रात 2 बजे पूजा- अर्चना शुरु हुई। गुरुवार अल-सुबह परिसर में मंगला आरती हुई। आरती को लेकर दर्शनार्थियों में भारी उत्साह देखा गया है। कोर्ट के आदेश के बाद रात को तहखाने से बैरीकेडिंग हटा दी गई। हालांकि तहखाने में पूजापाठ के समय पुजारियों के अलावा अन्य किसी भी भक्त को अंदर आने की अनुमति थी।

## चिन्मयानंद को कोर्ट से मिली बड़ी राहत, दुष्कर्म मामले में हुए बरी



**शाहजहांपुर।** पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद को कोर्ट से बड़ी राहत मिली हैं। उन्हे गुरुवार को शिष्या से दुष्कर्म मामले में कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया है। शाहजहांपुर में शिष्या से दुष्कर्म के 12 साल पुराने मुकदमे में पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद को एमपीएमएलए कोर्ट ने दोषमुक्त करार देते हुए बाइज्जत बरी कर दिया। स्वामी चिन्मयानंद के अधिवक्ता ने बताया कि सारे आरोप झूठे पाए गए हैं। उधर, पीड़िता की वकील ने कहा है कि वह अदालत के निर्णय से संतुष्ट हैं।

## आठ आईएएस के कार्यक्षेत्र में बदलाव

- एकता सिंह को अपर निदेशक सहकारिता बनाया गया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




लोकसभा चुनाव से पहले केंद्रीय निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत उत्तर प्रदेश में लगातार तबादले हो रहे हैं। 3 दिन के अंदर उत्तर प्रदेश के दो दर्जन से ज्यादा आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। गुरुवार को उत्तर प्रदेश में 8 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। कई जिलों के सीडीओ को परिवर्तित किया गया। वहीं आईएएस एकता सिंह को अपर निदेशक सहकारिता बनाया गया है। उत्तर प्रदेश में कई जिलों के जिलाधिकारी के तबादले के बाद अब प्रदेश के कई जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी को भी परिवर्तित किया गया है। लगातार प्रदेश सरकार के द्वारा तीन दिनों से आईएएस अधिकारियों के तबादले किए जा रहे हैं। ऋषिराज सिंह को सीडीओ उन्नाव से अयोध्या का नया सीडीओ बनाया गया है।

वहीं आईएएस अनीता को एसीईओ यूपी सीडा बनाया गया है। सुथन अब्दुल्ला सीडीओ बाराबंकी बने और लगभग 3 सालों से बाराबंकी की सीडीओ रही एकता सिंह को अपर निदेशक सहकारिता बनाने के साथ ही आईएएस सुथन अब्दुल्ला सीडीओ बाराबंकी बने। वही आईएएस प्रेम प्रकाश मीना एसीईओ यूपी सीडा को उन्नाव का नया सीडीओ बनाया गया है।

### विस सत्र आज से, पांच फरवरी को पेश होगा बजट



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू होगा। प्रथम दिन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का अभिभाषण होगा। इसी के साथ बजट सत्र शुरू हो जायेगा। योगी सरकार पांच फरवरी को 2024-25 के लिए बजट पेश करेगी। बजट सत्र 2 फरवरी से शुरू होकर 12 फरवरी तक चलेगा। शनिवार को भी विधानसभा की कार्यवाही चलेगी। 10 फरवरी को विधानसभा में बजट को मंजूरी दी जाएगी। योगी सरकार 2.0 का दूसरा बजट खर्चों में कटौती और ज्यादा कमाई पर केंद्रित होगा। राजकोषीय घाटा और उधारी का बोझ घटाया जाएगा। इसके बावजूद राजकोषीय घाटे में भारी वृद्धि का अनुमान है।

## बांग्लादेशियों को भारत में बसाने की थी साजिश एटीएस ने गिरफ्तार कर शुरू की जांच

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने बिना वैध दस्तावेजों के देश में रहने और अवैध रूप से बांग्लादेशी नागरिकों को भारत में लाने का गिरोह चलाने के आरोप में एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। एटीएस द्वारा गुरुवार को यहां जारी एक बयान के अनुसार, बांग्लादेश निवासी रशीद अहमद सरदार को मंगलवार को कानपुर रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार किया गया। उस समय आरोपी अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को लाने के लिए ट्रेन में यात्रा कर रहा था। बयान के मुताबिक, आरोपी करीब 8 साल पहले देश में दाखिल हुआ था। उसने 2016 में पश्चिम बंगाल के एक पते पर आधार कार्ड बनवाया और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में एक मदरसे में प्रवेश लिया। बयान में कहा गया है कि आरोपी वर्तमान में दारुल उलूम देवबंद में रह रहा था। वह अवैध रूप से बांग्लादेशी नागरिकों को देश के अंदर लाने और उन्हें यहां बसाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करने के काम में शामिल था। आरोपी भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों को फर्जी भारतीय दस्तावेज भी उपलब्ध कराता था। एटीएस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### उतार-चढ़ाव से गुजरकर उतरा शेयर बाजार




**मुंबई।** चुनावी साल होने के बावजूद नये वित्त वर्ष के अंतरिम बजट में लोकलुभावन वादों की बजाय देश के समग्र विकास के लिए उठाए गए ठोस कदम से आज शेयर बाजार पूरे दिन उतार-चढ़ाव से गुजरते हुए अंत में गिरकर बंद हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के गुरुवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट संसद पटल पर रखने के बाद जैसे ही अपना भाषण शुरू किया तो बाजार ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और 72,151.02 अंक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। लेकिन, जैसे ही उनका भाषण समाप्ति की ओर बढ़ा बाजार गिरने लगा। हालांकि बाजार में रिकवरी हुई लेकिन उतार-चढ़ाव से गुजरते हुए अंत में गिरकर बंद हुआ।

## चार्टर्ड प्लेन से हैदराबाद गए महागठबंधन के 38 विधायक, फ्लोर टेस्ट के समय लौटेंगे

- हैदराबाद जाने वाले विधायकों में झामुमो, कांग्रेस, राजद व भाकपा माले के विधायक शामिल
- हैदराबाद के बेगमपेट में विधायकों के ठहरने का इंतजाम

**एजेंसी।**

रांची। झारखंड में महागठबंधन को अब अपने विधायकों के टूटने का डर सताने लगा है। इसलिए महागठबंधन के विधायकों को गुरुवार को एहतियातन रांची सर्किट हाउस से कड़ी सुरक्षा में बस से रांची एयरपोर्ट लाया गया। जहां से उन्हें तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के लिए रवाना किया गया।

रांची एयरपोर्ट से चार्टर प्लेन के जरिए 38 विधायक हैदराबाद के लिए निकले। इससे पहले रांची के सर्किट हाउस से बस के जरिए गठबंधन दलों के विधायक रांची एयरपोर्ट पहुंचे। इनके पहुंचने से पहले एयरपोर्ट पर दो चार्टर प्लेन तैयार थे। हैदराबाद जाने वाले विधायकों में झामुमो, कांग्रेस, राजद व भाकपा माले के विधायक शामिल हैं। जानकारी के अनुसार हैदराबाद के बेगमपेट में विधायकों के ठहरने का इंतजाम किया गया है।

### सोरेन ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा, सुनवाई आज



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर उनकी याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सोरेन की याचिका पर शीघ्र सुनवाई के लिए गुरुवार को उनकी गुहार स्वीकार करते कहा कि वह शुक्रवार को सुनवाई करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में एक नाटकीय घटनाक्रम में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ एक दिन बाद गुरुवार को शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा

▸ ईवीएम से सम्बंधित पूरा मैनुअल सम्बंधित सभी अधिकारी और कर्मचारी जरूर पढ़ लें, बल्कि इसे कंठस्थ कर लें

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण कार्य प्रशिक्षण है, प्रशिक्षण की व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव व्यवस्था को बेहद साफ़ सुथरा और पारदर्शी बनाए रखने के लिए सभी कर्मचारियों को स्वयं अच्छा कार्य करने की प्रेरणा अपने अंदर से आनी चाहिए। चुनाव की व्यवस्था में किसी तरह की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी आज लोक सभागार में इस आगामी चुनाव की तैयारियों के सम्बंध में आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुथान अब्दुल्ला, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, एएसपी एसएन सिन्हा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा बर्नवाल सहित समस्त सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि ईवीएम से सम्बंधित पूरा मैनुअल सम्बंधित सभी अधिकारी और कर्मचारी जरूर पढ़ लें, बल्कि इसे कंठस्थ कर लें। इससे जुड़ी हर बात जो मैनुअल में लिखी है और चुनाव आयोग के दिशानिर्देश प्राप्त हुए हैं, उन्हें अक्षरशः लागू किया जाना



होगा। उन्होंने कहा कि ईवीएम मैनेजमेंट त्रुटिरहित होना चाहिए। इस कार्य में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की गलती अक्षम्य होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव से सम्बंधित स्वीप की गतिविधियों की रफ़्तार को तत्काल बढाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी कॉलेजों से लेकर विद्यालयों तक में हर सप्ताह के कार्यक्रमों को लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद की स्वयं सेवी संस्थाओं, नागरिक संगठनों को भी पूर्व की भाँति सक्रिय किया जाए। स्वीप का लोगो और टोन आदि का शीघ्र ही लोकार्पण कराया जाए, उन्होंने स्वीप का प्रभारी अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी को बनाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन बूथों पर पिछले चुनाव में तीस प्रतिशत के आस पास वोट पड़े हैं, उन क्षेत्रों में मताधिकार के प्रयोग के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए और स्थानीय स्तर पर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास किए जाएं। जिलाधिकारी ने महिला मतदाता जागरूकता के प्रति अधिक संवेदनशील होकर कार्य करने के निर्देश देने के साथ ही कहा कि दिव्यांग जन को वोटिंग कराने की व्यवस्थाओं को पुख्ता रखें, जितनी भी व्हीलचेयर आदि चाहिए हों, अभी से व्यवस्था करना शुरू कर दी जाएं।

ग्राम पंचायत स्तर पर व्हील चेयर आदि की व्यवस्था रखी जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि इस चुनाव में जब्त किए जाने वाली वस्तुओं का विवरण चुनाव आयोग के एक एप पर फीड करना होगा, यह व्यवस्था पहली बार लागू हो रही है।

# किसान मेला व कृषि प्रदर्शनी का आयोजन

▸ सुबह से रुक रुक कर हो रही बरसात के कारण किसान मेले में बहुत कम संख्या में किसान पहुंच

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज**

जिला लखीमपुर खीरी मे कृषि विभाग द्वारा लखीमपुर खीरी द्वारा कृषि सूचना तंत्र का सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड स्तरीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन गुरुवार को ब्लाक सभागार बिजुआ मे किया गया जिसमें सहायक विकास अधिकारी कृषि अरविंद वर्मा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत अनिल कुमार वर्मा, गिरजेश सिंह एजीएम गुलरिया चीनी मिल,




पलविंदर सिंह, दिनेश चक्रवर्ती सहित मुख्य अतिथि ठाकुर प्रसाद गंगवार वरिष्ठ कार्यकर्ता ( वि हि प ), सहित भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, उपाध्यक्ष सतीश गौतम, महामंत्री सुत्तन अवस्थी, धीरेंद्र सिंह, मंडल मंत्री धीरेंद्र दीक्षित, नन्द किशोर अवस्थी, नितिन त्रिवेदी, व कुछ किसान उपस्थित रहे। सुबह से रुक रुक कर हो रही बरसात के कारण किसान मेले में बहुत कम संख्या में किसान पहुंचे।

मनोज अवस्थी ने किसानों को ट्रेश मल्चिंग अपनाने व फसल अवशेष न जलाने की अपील करते हुए सरकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए किसानो को जागरूक किया किसान मेले मे लगी मृदा परीक्षण कैंप मे मिट्टी की जाँच करवाने हेतु एक दो किसान मिट्टी का नमूना लेकर पहुँचे।

# सपा नेता व किसान की हत्या के मामले में दूसरे दिन जगह-जगह दी गई दबिश

▸ पुलिस की 6 से 7 टीम गठित की गई जो कई चिह्नित स्थानों पर दे रही है दबिश

▸ हमलावर दोनों लोगों को मृत समझकर वहां से भाग गए

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज**

उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढढेल में बुधवार को हुए हत्याकांड के आरोपियो की धर पकड़ के लिए दूसरे दिन लगातार दबिश दी गई लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी? आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की 6 से 7 टीम गठित की गई जो कई चिह्नित स्थानों पर दबिश दे रही है। ज्ञात हो कि ढढेल के मजरा मुस्तफाबाद निवासी रमेश यादव पुत्र सोहन अपने भतीजे शुभम सिंह पुत्र अखिलेश के साथ बुधवार को सुबह तड़के लगभग 2:00 अजबापुर फैक्ट्री से गन्ना तुलवाकर ट्रैक्टर ट्राली द्वारा वापस आ रहे थे। तभी पुरानी रंजिश में घात लगाए बैठे हमलावरों ने नहर की बंग पर ट्रैक्टर ट्राली लगाकर रास्ता बंद कर दिया। जिसके बाद रमेश यादव और उसका भतीजा शुभम सिंह ट्रैक्टर से उतरकर नीचे भागने लगे लेकिन हमलावरों ने लाठी डंडे और धारदार हथियारों से हमला करके बड़ी बेरहमी से रमेश यादव को मौके पर ही मौत के घाट उतार दिया जबकि उसका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। हमलावर दोनों लोगों को मृत समझकर वहां से भाग गए। जिसके बाद हमलावरों ने मृतक रमेश यादव के पड़ोसी के मोबाइल पर फोन करके कहा कि हम लोगों ने उनको मार डाला है जाओ लाश को उठा ले आओ जाकर। जिसके बाद रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दी।

इस संबंध में जानकारी लेने पर उचौलिया थाना प्रभारी डीपी सिंह ने बताया है कि आरोपियों की धर पकड़ के लिए 6 से 7 टीमें गठित की गई है जल्द ही सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## सेंट जॉन्स स्कूल की हेड मिस्ट्रेस ने बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल टेबलेट

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत जिले के गोला नगर स्थित सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों को एल्बेंडाजोल टैबलेट खिलाई गई। दरअसल शासन की मंशानुरूप कृमि मुक्ति दिवस को मनाने का एक लक्ष्य निर्धारित है। जिसके फल स्वरुप पेट में होने वाले कीड़ों से होने वाली बीमारियों से बच्चों को बचाना है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस अभियान के तहत जिले के 2663 सरकारी और 1939 निजी विद्यालयों के साथ ही 3565 आंगनबाड़ी केंद्रों को शामिल किया गया है। अभियान के अंतर्गत 2227885 बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल गोला गोकरननाथ में इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

# कुम्भी चीनी मिल ने निकाली जन जागरूकता रैली

**अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज**

बलरामपुर चीनी मिल्स लि. इकाई-कुम्भी द्वारा क्षेत्र के गन्ना उत्पादक कृषकों को बसन्त कालीन गन्ना बुवाई के लिये बीज के रूप में उन्नतशील गन्ना प्रजाति को. 15023, को. 0118 व को.लख. 14201 के चयन, वाईड-रो एवं ट्रेन्च विधि से गन्ना बुवाई आदि महत्वपूर्ण कार्यो के लिए जन-जागरूकता अभियान के अन्तर्गत एक विशाल बाईक रैली चीनी मिल परिसर से निकाली गई। चीनी मिल के इकाई प्रमुख डा0 सुनील कुमार यादव द्वारा विधिवत मन्त्रोचारण के बीच फीता काट कर इस अभियान का शुभारम्भ किया गया।

हरी झण्डी दिखाकर रैली दल को चीनी मिल क्षेत्र के ग्रामों में कृषकों को बसन्तकालीन गन्ना बुवाई से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारियों,



चीनी मिल के गन्ना विकास कार्यक्रमों तथा अवशेष पेराई सत्र में चीनी मिल को ही गन्ना आपूर्ति के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से शुभकामनाओं के साथ रवाना किया गया।

इस मौके पर चीनी मिल के महा प्रबन्धक (गन्ना), सन्दीप कुमार सिंह ने रैली दल के सभी कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा गया कि किसान भाईयों से गाँव-गाँव में जाकर जागरूक करें कि उन्नतशील गन्ना प्रजातियों के चयन से ही गन्ना उत्पादकता में वृद्धि लेकर ही आर्थिक खुशहाली लायी जा सकती है।इस अवसर पर चीनी मिल के समस्त विभागाध्यक्ष, समस्त अनुभागाध्यक्ष तथा गन्ना विभाग के समस्त रीजल हेड, जोनल इन्चार्ज, सी.एफ.ए. तथा गन्ना कार्यालय के समस्त स्टाफ व एच.आर. टीम उपस्थित रही।

## विद्युत उपकेंद्र की चलाया गया सफाई अभियान

**जैदपुर, बाराबंकी।** आने वाले समय मे उपभोक्ताओ को दिक्कत न हो इसलिये जैदपुर विद्युत उपकेंद्र द्वारा क्षेत्र में रखे ट्रांसफार्मर के आसपास फैले घासफूस व झाड़ की सफाई का कार्य गठित टीम द्वारा युद्ध स्तर पर चालू है। जिससे लोगो को काफी राहत मिलने के आसार दिख रहे है?।बताते चलेकि नगर पंचायत जैदपुर सहित आसपास मे अभियान के अंतर्गत रखे हुए ट्रांसफार्मर तार के पास लगे पेड़ की डालें,पीलंस आदि की सफाई का कार्य कर्मचारियो द्वारा किया जा रहा है।वही आने वाली गर्मी में विद्युत उपभोक्ताओ की किसी प्रकार की समस्या न हो इसलिये ट्रांसफर के आसपास भी फैली गंदगी घांस आदि को भी साफ करवाया जा रहा है। जिससे होने वाली फाल्ट में कमी होगी। इस संबंध में जेई शमसुल लका अंसारी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत लगभग यह काम एक महीने तक चलता रहेगा जब तक पूरी तरह से साफ सफाई न हो कर्मचारियो लगाया जायेगा।

## खबरें एक नजर में

### साइबर क्राइम को लेकर शीतलापुर में हुई बैठक

**सिंगाही खीरी।** लखीमपुर खीरी के निघासन ब्लॉक के ग्राम पंचायत शीतलापुर में साइबर क्राइम के बारे में जानकारी देने के लिए बैठक की गई। बैठक में ग्राम प्रधान कपिल वर्मा , ग्राम पंचायत सदस्य - सीताराम ,पंचायत मित्र -अवधेश यादव , कोटेदार -सुशीला देवी , पत्रकार - वीरेन्द्र कुमार व थाना सिंगाही पुलिस की टीम में एस एस आई हीरा लाल रावत , हेड कान्सटेबल -हिमान्सू दिनकर, कान्सटेबल- क्षत्रपाल व महिला कान्सटेबल - रिचा तिवारी समेत समूह की महिलाएं मौजूद रही।

### ट्रक की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

**सिद्धौर, बाराबंकी।** असंद्रा थाना क्षेत्र में गुरुवार को साइकिल खड़ी कर पैदल सड़क पार कर रहे बुजुर्ग की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के गढ़ी पट्टी सैयद मजरे असंद्रा गांव निवासी गुरु प्रसाद 70 वर्ष पुत्र जवाहर साइकिल से असंद्रा बाजार की ओर जा रहा था। असंद्रा नहर पुलिया के समीप हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग के किनारे साइकिल खड़ी कर पैदल सड़क पार कर रहा था उसी दौरान वह तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया ट्रक के पिछले पहियों के नीचे आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। चला गया। उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।सूचना पाकर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लेते हुए क्षत विक्षत शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। मामले में मृतक परिजनों द्वारा थाने पर हुई शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की है। फिलहाल घटना बाद लोगों में आक्रोश व्याप्त है। उधर घटना के बाद घर पर कोहराम मच गया। आनन फानन में रोते चिल्लाते परिजन भी पहुंच गए। उनका रो-रो कर बुरा हाल था। स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें ढाढस बधाया जा रहा था। फिरहाल के लिए मौके से ट्रक चालक फरार है।

### सीडीओ एकता सिंह को दी गई भावभीनी विदाई

**बाराबंकी।** करीब तीन वर्षों से मुख्य विकास अधिकारी पद पर कार्य कर रही सीडीओ श्रीमती एकता सिंह के स्थानांतरण के बाद डीआरडीए में अधिकारियों व कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी तो वहीं नवागत सीडीओ सुथान अब्दुल्ला, आईएएस ने जनपद बाराबंकी के मुख्य विकास अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। सुथान अब्दुल्ला 2020 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और इससे पूर्व वह जनपद प्रयागराज में बतौर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य कर चुके हैं। वह मूल रूप से तमिलनाडु के रहने वाले हैं।

### कच्ची शराब के साथ चार गिरफ्तार

**जैदपुर, बाराबंकी।** जैदपुर पुलिस ने 40, लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ 4 लोगों को गिरफ्तार किया। बताते चलें कि जैदपुर पुलिस टीम ने 40 लीटर कच्ची शराब के साथ चार लोगों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। गोविन्द गौतम पुत्र दुखीराम,निवासी वैशपुर,मजरे बलछत थाना जैदपुर,दूखीराम पुत्र रामदास लालपुर थाना कोठी,राम कुमार पुत्र श्रीकेशन बबुरिहा मजरे जरमाबाद थाना सतरिख नियाज पुत्र नबी अहमद मोहल्ला शाहकटरा थाना जैदपुर के कब्जे से 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी।जिनके विरूद्ध थाना जैदपुर में आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

# भारतीय संस्कृति का पर्याय है गोतौना मेला :राजू भैया

▸ गोतौना में बाबा गोशाई दास जी के स्थान पर मेला संपन्न, उमड़ी भीड़, नाटक का हुआ मंचन

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज**



बाबा गोसाई दास जी के पवित्र स्थान पर लगने वाला मेला भारतीय संस्कृति का पर्याय है। मेले दिलों को मिलाने का काम करते हैं। शहर से लेकर ग्रामीण स्तर तक मेलों का आयोजन आज भी प्रासंगिक है। उक्त बात सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी (राजू भैया) ने ग्राम बबुरिहा का पुरवा मजरे गोतौना गांव में आयोजित मेले में मुख्य अतिथि के रूप में कही। इस दौरान श्री भैया का मेला कमेटी के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। राजू भैया ने कहा कि बाबा गोसाई दास जी के पवित्र स्थान पर प्रतिवर्ष लगने वाले इस मेले में सैकड़ो लोग भाग लेते हैं। मेलें हमारी भारतीय संस्कृति की वह थाती है जिसे हमारी संस्कृति से कभी अलग नहीं किया जा सकता ।उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में छोटे से लेकर बड़े-बड़े मेले आयोजित किए जाते हैं ।जिसमें तमाम लोगों की मुलाकाते होती हैं। जबकि मेलों से व्यवसाय भी आगे बढ़ता है ।कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया ने मेला कमेटी का धन्यवाद अर्पित करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल में आयोजित यह मेला आज अपनी अलग पहचान बना चुका है। मेले में प्रमुख रूप से दुख हरण सिंह, पवन कुमार सिंह, हरि बहादुर सिंह बब्बू, रोहित सिंह, दीपू सिंह ,आदित्य योगी, महेंद्र सिंह ,वैभव सिंह, पुतान भाई,जयशंकर प्रसाद ,घिसियावन ,सुशील कुमार, शिव कुमार, कुंवारें, राजदेव, हंसराज ,जितेंद्र कुमार सिंह, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## अखिलेश यादव का बेलहरा आगमन आज

**बेलहरा बाराबंकी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 2 फरवरी शुक्रवार की दोपहर बाद करीब 4:00 बजे नगर पंचायत बेलहरा कार्यालय के समीप मैदान में मेधावी छात्र-छात्राओं में लैपटॉप व कंबल वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे और आयोजित विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उक्त कार्यक्रम की तमाम तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। बता दें कि इससे पूर्व 27 जनवरी की दोहर अखिलेश यादव को बेलहरा आना था लेकिन बलरामपुर से सपा के मौजूदा विधायक एसपी यादव के अचानक निधन के चलते उनका कार्यक्रम स्थगित हो गया था। यह जानकारी कार्यक्रम के आयोजक चेयरमैन प्रतिनिधि अयाज़ खान ने दी है।



## बीडीओ का रोजगार सेवक संघ ने किया स्वागत

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** ब्लॉक की नवनियुक्त खण्ड विकास अधिकारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल का ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष ने अपने साथियों के साथ स्वागत किया। गुरुवार को ग्राम रोजगार सेवक संगठन के जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी व जिला कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से श्री अयोध्या धाम में नव प्रतिष्ठित रामलला की फोटो व पुष्प गुच्छ भेंट कर प्रभारी बीडीओ का स्वागत किया ।उपाध्यक्ष ज्योति वर्मा ने अंग वस्त्र भेंट किया। संगठन के प्रतिनिधियों ने मनरेगा योजना से जुड़ी समस्याओं पर भी खंड विकास अधिकारी से चर्चा की। जिसपर उन्होंने संगठन को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का हर सम्भव निदान कराया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष शकील अहमद, रामविलास, राजकुमार,महादेव,अंजनी आदि रोजगार सेवक उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को साफ सफाई रखने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश।

गुरुवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा व्याडवाल ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिरौलीगौसपुर का औचक निरीक्षण किया विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृजेश शुक्ला को विद्यालय की साफ सफाई के साथ साथ शौचालयों में स्वच्छता रखनें के निर्देश दिए। वहीं सहायक विकास अधिकारी पंचायत आनन्द कुमार सिंह व ग्राम सचिव कुलदीप श्रीवास्तव को विद्यालय प्रांगण में सफाई कर्मी भेज कर झाड झंखाड साफ करवाने के निर्देश दिए इसी क्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अधीक्षक डाक्टर नीरज वर्मा के ओपीडी रजिस्टर का निरीक्षण किया। उन्होंने ने सीएमएस नीलम गुप्ता एंव सीएचसी अधीक्षक डाक्टर सन्तोष कुमार सिंह से ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या एंव सीजर आपरेशन एक्सरे खून जांच आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद उपजिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि ओपीडी में आने वाले मरीजों का विवरण समय और तारीख के साथ दर्ज करें।

# कर्तव्यनिष्ठ योद्धा कभी सेवानिवृत्त नहीं होते: क्षेत्राधिकारी

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज**

कर्तव्यनिष्ठ योद्धा कभी भी सेवानिवृत्त नहीं होते। क्योंकि कर्तव्य परायण होने की भावना व्यक्ति को समाज के हित के लिए हमेशा सजग रखती है। उक्त बात तहसील बार एसोसिएशन सभागार में हैदरगढ़ के पुलिस क्षेत्राधिकारी जे एन अस्थाना ने सेवानिवृत हुए होमगार्डों की विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कहीं। इस दौरान सभी सेवानिवृत्त होमगार्ड भाइयों को अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह देकर भावभीनी विदाई दी गई।

क्षेत्राधिकारी जे एन अस्थाना ने कहा कि होमगार्ड अपने पूरे सर्विस काल में समाज के हितों के लिए अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करते हैं। उनका सहयोग ,उनकी मेहनत




विभाग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऐसे में होमगार्डों की भूमिका को सम्माननीय रूप से देखा जाता है। उन्होंने सभी सेवानिवृत होमगार्डों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कोतवाली प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि सर्विस काल में सेवानिवृत्त होना एक सतत प्रक्रिया है। लेकिन इसी के साथ समाजिक योद्धा के रूप में हमारी नई भूमिका का जन्म भी होता है। कोतवाली प्रभारी ने सभी होमगार्डों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह कार्यक्रम में उपस्थित हिंदी पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया ने कहा कि होमगार्ड एक ऐसे योद्धा है जो पुलिस विभाग एवं समाज की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते है ।उन्होंने कहा कि जो सम्मानित होमगार्ड जन आज सेवानिवृत हुए हैं ।वह अपने आप को सेवानिवृत्त कतई ना समझे।श्री भैया ने सभी सेवानिवृत्त होमगार्डों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विदाई समारोह में सेवानिवृत होने वाले होमगार्ड राज नारायण द्विवेदी, अवधेश द्विवेदी ,काशीराम अवस्थी ,नागेश्वर नाथ शुक्ला, राम प्रताप लोधी को क्षेत्राधिकारी एवं कोतवाली प्रभारी तथा राजू भैया ने अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सासम्मान विदाई दी विदाई समारोह में प्रमुख रूप से बीओ नरेश कुमार, राम किशुन,राम सिंह, दिनेश द्विवेदी हरि कुमार शुक्ला सहित तमाम होमगार्ड व गणमान्य जन उपस्थित थे।

# कुष्ठ रोगी जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित




**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज**

स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान एवं 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलाएं जा रहे कुष्ठ पखवाड़ा के तहत गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला मुख्यालय से आए जादूगर मुकेश देव एवं उनकी टीम द्वारा जादू के माध्यम से कुष्ठ रोग के बारे में लोगों को जागरूक किया गया इस कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सौरभ शुक्ला ने लोगों को कुछ रोग के उपचार के बारे में बताया उन्होंने कहा कि कुष्ठ पीड़ित व्यक्ति किसी भी सामान्य व्यक्ति की तरह सामान्य एवं सम्मानित जीवन जी सकता है उन्होंने कुष्ठ रोग के लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए कहा कि कुष्ठ रोग छुआछूत का रोग नहीं है ।

और पुराना से पुराना कुष्ठ रोग लगातार इलाज से दूर किया जा सकता है। इस अवसर पर किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल देवी प्रसाद यादव, स्वास्थ्य कर्मी, आशा बहू, एएनएम आंगनबाड़ी कार्यकर्ती मौके पर मौजूद रही।

**आक्रोश** — रोड बनने के 1 सप्ताह बाद हुई जर्जर

# कार्यदायी संस्था पर कार्रवाई न होने से लोगों में आक्रोश

**मैंगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सड़कों को लेकर सरकार पूरी तरह से सक्रिय है और बदहाल सड़कों की स्थित को सुधारने के लिए जोरों से सड़क निर्माण कार्य जगह जगह किया जा रहा है मगर सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति को धरातल पर धराशाही करते हुए कुछ भ्रष्ट ठेकेदार अपनी जेब गर्म करने के चक्कर में सड़कों को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा देते है। अभी कुछ दिन पूर्व विकासखंड पसगवा के अंतर्गत ग्राम खखरा से खखरा मोड़ मैगलगंज नेशनल हाइवे तक बनी



डामर रोड पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। इस रोड का निर्माणकार्य अभी चंद दिनों पहले ही हुआ था और मात्र एक सप्ताह में ही यह रोड बनकर तैयार हो गई थी।

मानकों के विपरीत बनी रोड का आलम यह है की इस रोड पर डामर की मात्रा न के बराबर है। जिस वजह से सड़क पर पड़ी बजडी चंद दिनों में ही पूरी तरह से उखड़ने लगी है। ग्रामीणों की शिकायत पर लखनऊ से उच्च अधिकारियों के साथ जिला के अधिकारी भी जांच करने आए थे लेकिन जांच करने के बाद कार्यदाई संस्था पर कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में हुए भ्रष्टाचार पर विरोध जताया। ग्रामीणों का कहना है अब तक कार्यदाई संस्था पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई। ग्रामीणों ने एक साथ रोड पर उतरकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरीके की लापरवाही में विभाग अब तक मौन क्यों है। क्यों ठेकेदार पर अब तक कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। कहीं इसमें विभाग की मिली भगत तो नहीं है? गांव के वरिष्ठ लोगों का यह भी कहना है की अगर जल्द से जल्द ठेकेदार के प्रति कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई तो हम सब लोग मुख्यमंत्री जनता दरबार में पेश हो सकते हैं। इस मौके पर अखिलेश मिश्रा, पप्पू मिश्रा, दिलीप मिश्रा, दीपू पांडे, विपुल मिश्रा, श्लोक मिश्रा, गौरव अवस्थी, सुशील दीक्षित,नैमिष गौतम, प्रांशुल मिश्रा,जगन्नाथ राज, प्रखर मिश्रा, हिमांशु मिश्रा, टोनू राज मौजूद रहे।

# अयोध्या से 8 शहरों के लिए हवाई सेवा शुरू

## स्पाइस जेट की हवाई सेवाओं को सीएम योगी ने दिखाया हरी झंडी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरूवार को विमानन कंपनी स्पाइसजेट की 8 फ्लाइट का शुभारम्भ किया। ये सभी उड़ाने देश के आठ बड़े शहरों से सीधे अयोध्या के लिए संचालित होंगी। अयोध्यानगरी को देश के सभी बड़े शहरों से कनेक्टिविटी की दिशा में ये एक बड़ा कदम है। इस मौके पर सीएम योगी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री का आभार जताते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश तेजी से उभर रहा है। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिये हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। अयोध्या के नव्य-दिव्य-भव्य मंदिर में विराजित श्रीरामलला के दर्शन की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए अयोध्या पहुंचना और आसान हो गया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और राज्य मंत्री वीके सिंह ने 08 शहरों से अयोध्या आने-जाने के लिए स्पाइसजेट की सीधी उड़ान सेवा का शुभारंभ किया।विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दरभंगा, अहमदाबाद, चेन्नई, जयपुर, पटना, दिल्ली, मुंबई, और बेंगलुरु से अयोध्या के लिए स्पाइसजेट द्वारा नॉन-स्टॉप उड़ान सेवाएं शुरू होने से अयोध्या की कनेक्टिविटी और बेहतर हो गई है, इससे पर्यटन में भी वृद्धि होगी। इससे पहले दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु के लिए अयोध्या से वायु सेवा प्रारंभ हो चुकी है, जो सफलता पूर्वक संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि बीते 30 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री ने अयोध्या धाम के नए इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। अभी एक माह ही हुआ है, लेकिन इस अल्प अवधि में ही अयोध्या की कनेक्टिविटी देश के इतने महत्वपूर्ण नगरों के साथ होना, अयोध्या के बेहतर भविष्य का संकेत देती है। मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से अयोध्या की शान बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग नई वायु सेवा का समुचित उपयोग करें और अयोध्या की सुंदरता और परंपरा को दुनिया के साथ साझा करें। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या देश की आस्था का प्रतीक है। जनभावनाएं अयोध्या के साथ जुड़ी हुई है। प्रभु श्री राम लला के साथ जुड़ी हैं। हर अयोध्यावासी की एक अभिलाषा थी कि अयोध्या का भी विकास होना चाहिए। आज वह सपना साकार हो रहा है। वास्तव में अयोध्या इसकी हकदार थी। लेकिन किन्हीं कारणों से अयोध्या की उपेक्षा हुई। आज से 10 वर्ष पहले कोई सोचता भी नहीं था कि अयोध्या में भी कोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा। कोई सोचता भी नहीं था कि अयोध्या की कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। पांच सदी पूर्व जो एक कलंक अयोध्या पर लगाने का प्रयास हुआ था, उससे मुक्त होकर के प्रभु राम के भव्य मंदिर में रामलला फिर से विराजमान हो गए, इस सपने को साकार होते हुए देखकर के आज पूरी दुनिया प्रफुल्लित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी का कार्यक्रम केवल एक कार्यक्रम मात्र नहीं है। प्रभु तो सर्वव्यापी हैं लेकिन यह वास्तव में भारत के गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा हुई है। जब से श्रीरामलला के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ है, भारत के हर नागरिक के चेहरे पर जो तेज है, जो उत्साह है, जो उमंग है, वह एक नए भारत की तस्वीर को प्रस्तुत करती है। यही ऊर्जा 2047 तक भारत को दुनिया के एक विकसित देश के रूप में स्थापित करने के प्रधानमंत्री जी के संकल्प को पूरा करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 दिन के अंदर अयोध्या में 25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रभु रामलला के दर्शन किए हैं। एक अद्भुत स्थिति है जो लोगों के लिए कौतूहल और आश्चर्य का विषय बनी हुई है। मुख्यमंत्री ने अयोध्या के लिए नई उड़ान सेवाएं शुरू करने के लिए स्पाइसजेट के सीएमडी अजय सिंह को भी धन्यवाद दिया और कहा कि समूह को उत्तर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के लिए भी ऐसे ही प्रयास करने चाहिए। कार्यक्रम में केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अयोध्या के समग्र विकास के लिए मुख्यमंत्री योगी के प्रयासों को क्रांतिकारी बताया और कहा कि जहां राम का नाम होता है वहां सारे काम पूरे होते हैं।

### योगी ने टंडन हॉल के नवीनीकरण कार्य का किया उद्घाटन

सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विधान भवन स्थित राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन हॉल के नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन किया। इस दौरान यूपी की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत की कहानी को प्रोजेक्टर पर देखा। नवनिर्मित श्रीराम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम, लोकभवन, विधानभवन, दीपोत्सव आदि की गौरवगाथा को देख सीएम ने तारीफ की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सीएम को यहां की विशेषताओं के बारे में बताया। इस दौरान वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, महिला कल्याण व बाल विकास पुष्टाहार मंत्री बेबीरानी मौर्य, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय समेत कई विधायक आदि भी मौजूद रहे।

## अपराध मुक्त यूपी बनाना पहला लक्ष्य : प्रशांत कुमार

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

शासन की तरफ से यूपी का कार्यवाहक डीजीपी बनाने के बाद पूर्व एसडीजी ला एंड आर्डर प्रशांत कुमार ने एक प्रेस कांफ्रेंस की। डीजीपी ने प्रेस कांफ्रेंस में सबसे पहले शासन को कार्यवाहक डीजीपी बनाने के लिए धन्यवाद दिया। इसके बाद प्रशांत कुमार ने सीएम योगी का विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि सीएम योगी ने मुझे जो जिममेदारी दी है उसको वो पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे।

प्रशांत कुमार ने कहा कि उनकी यूपी के टीम जैसे खिलाड़ी में टीम भावना होती है उस तर्ज पर काम करेगी। उन्होंने कहा कि यूपी में कानून का राज स्थापित करने के लिए हम पूरी तन्मयता से काम करेंगे और अपने संवैधानिक दायित्वों को पूर्ण करेगे। कार्यवाहक डीजीपी ने कहा कि हमारे सामने हमेशा अनेकों चुनौतियां रही हैं जिनका हमारे वीर साथियों ने हमेशा सामना किया है और जीत हासिल की है। वर्तमान सरकार की अपराधियो के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति रही है। जिसपर सीएम योगी और हम सभी काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी यूपी सरकार ने मुझे कई जिम्मेदारी दी थी जिस पर हमने अपराध और अपराधियो पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी बखूबी निभाई है। कार्यवाहक डीजीपी ने कहा कि भारत सरकार के द्वारा जारी आंकड़ों से यह स्पष्ट होता है किसी भी प्रदेश की प्रगति और सुरक्षा कानून व्यवस्था पर निर्भर करती है। पिछले कुछ वर्षों में यूपी में अपराधों में खासी कमी आई है। बाहर से आने वाले निवेश में भी तेजी आई है। ग्लोबल ईंवेस्टर्स समिट में 40 करोड़ के एमयू साइन हुए हैं इससे रोजगार का सृजन बढ़ेगा। 2001 से 2017 से जितना विदेशी निवेश आया था, उससे 4 गुना अधिक निवेश 2019 से 2023 तक निवेश आया है। 2023 में जो डाटा जारी हुआथ था उसके अनुसार यूपी की पॉपुलेशन देश की लगभग 16.99: है। 16 राज्य ऐसे है जो अपराध में हमसे आगे हैं। मर्डर केस में 28वां नम्बर यूपी का है।



## खबरें एक नजर में

### राजधानी में गरज-चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी

**लखनऊ।** अफगानिस्तान व पाकिस्तान के पश्चिमी विक्षोभ के चलते यहां उत्तर प्रदेश के पश्चिमी जिलों में बारिश हुई। वहीं गुरुवार एक फरवरी की सुबह लखनऊ में हल्की बारिश हुई। आंचलिक मौसम केन्द्र लखनऊ के मौसम विज्ञानी मोहम्मद दानिश ने बताया कि आज 1 फरवरी, पश्चिमी जिलोंाँ लखनऊ समेत मध्य एवं तराई क्षेत्र के जिलों में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की सम्भावना है। उन्होंने बताया कि गरज-चमक के साथ बारिश और 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाओं के चलने से दृश्यता में कमीाँ विद्युत व्यवस्था में व्यवधानों यातायात व्यवस्था में व्यवधान के अलावा कच्चे और असुरक्षित भवनों को नुकसान पहुंच सकता है। बुधवार को प्रदेश के अधिकतर जिलों में दिन के समय ठंड से बहुत राहत रही। झांसी में दिन का तापमान सबसे अधिक 26.6 डिग्री रिकार्ड़ हुआ। नजीबाबाद में रात को ठंड पड़ी जहां न्यूनतम तापमान 18.5 डिग्री रिकार्ड हुआ। यह सामान्य से 3.9 डिग्री नीचे था। बीती रात को झांसी में गर्मी सा मौसम रहा। यहां न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री रिकार्ड हुआ। यह सामान्य से 0.2 डिग्री नीचे था। सबसे कम न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री गोरखपुर में व 6.6 डिग्री मुजफ्फरनगर में रिकार्ड हुआ।

### पीएम मोदी का रथ पहुंचा लखनऊ

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव की देखते हुए भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के सभी 6 संगठनात्मक क्षेत्रों में चुनावी रैली करेगी। वही इन सभी संगठनात्मक क्षेत्रों में पीएम मोदी रोड शो भी करेंगे। जिसके लिए आज पीएम मोदी का रथ लखनऊ स्थित भाजपा मुख्यालय पर पहुंचा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूपी के 6 क्षेत्र में जो भी रैलियां करेंगे वह इसी रथ में सवार होकर रोड शो करेंगे। लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी न सिर्फ उत्तर प्रदेश में बल्कि देश के अलग अलग राज्यों में इसी तरह के रथ पर रैलियों और रोड शो करेंगे। इसी क्रम में एक रथ आज यूपी भेजा गया है। इस रथ पर सामने की तरफविशेष एलइडी लाइट लगाई गई है जब पीएम मोदी इस रथ पर निकलेंगे तो लाइट सीधे उनके चेहरे पर पड़ेगी। इसके अलावा सुरक्षा उपकरणों से भी यह रथ पूरी तरह से लैस किया गया है।पीएम के साथ-साथ एसपीजी के जवान भी इस रथ पर उनकी पीछे सुरक्षा में पीछे तैनात रहेंगे इसका भी इंतजाम किया गया है।

### व्यास तहखाने में पूजा की अनुमति का स्वागत

**लखनऊ।** अखिल भारत हिन्दू महासभा, उत्तर प्रदेश ने ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास तहखाने में पूजा के लिये जिला न्यायालय की अनुमति का स्वागत करते हुये इसे सनातनियों की जीत बताया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि तीन दशकों से अधिक समय के बाद व्यास तहखाने में शुरू होने से पूरे देश में एक बार फिर हिन्दू समाज में खुशी का माहौल पैदा हुआ है और उनमें भरोसा जगा है कि देश में काशी मथुरा के साथ देशभर में मुगल आंक्रान्ताओं की शिकार हुयी हिन्दू धर्मस्थल पूरी तरह मुक्त होंगे। हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने कहा कि व्यास तहखाने में शुरू हुयी पूजा से साफहो गया है कि देश में मुगलों के शासन में हिन्दू धार्मिक स्थलों को क्षतिग्रस्त कर जबरन मस्जिदों को निर्माण किया गया था। श्री त्रिवेदी ने कहा कि अयोध्या में राम मन्दिर के निर्माण के बाद हिन्दू समाज की लड़ाई सिर्फकाशी और मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि तक ही सीमित नहीं रहेगी बल्कि देशभर में हजारों धर्मस्थलों को मुक्त कराने तक रहेगी।

### किसानों के पास खुद पहुंचेगी योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने खातिर किसान कल्याण मिशन अभियान शुरू करने जा रही है। प्रदेश के हर ब्लाक में किसान मेला व प्रदर्शनी लगाकर केंद्र व राज्य सरकार की खेती किसानी से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। मेलों व प्रदर्शनियों में संबंधित क्षेत्र के गांवों के किसान, बटाईदार, पशुपालक और श्रमिकों को आमंत्रित किया जाएगा। खाद बीज व कृषि यंत्र से लेकर गाय भैंस, भेड़-बकरी आदि से जुड़ी योजनाओं का मौके पर ही लाभ भी पहुंचाया जाएगा। किसानों,श्रमिकों बटाईदारों, पशुपालकों का रजिस्ट्रेशन होगा। अभियान में सरकार के आधा दर्जन से अधिक विभाग हाथ बंटाएंगे।किसान कल्याण मिशन अभियान इस माह के अन्तिम सप्ताह से शुरू करने की योजना है। कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा से जुड़े विभागों को आपसी सामन्जस्य के साथ अभियान में जुटने को कहा गया है। मेले व प्रदर्शनियों में संबंधित विभागों कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, रेशम, ग्राम्य विकास, कृषि विपणन, सिंचाई, लघु सिंचाई विभाग के स्टॉल लगेंगे जिनपर किसानों व ग्रामीणों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। विभाग अपने स्टॉल पर लाभार्थियों के रजिस्ट्रेशन से लेकर उन्हें प्रदान की जानेवाली खाद-बीज, कीटनाशक आदि के वितरण की सुविधाएं भी उपलब्ध कराएंगे। पशुओं के रोग नियंत्रण एवं गर्भाधान से जुड़ी सुविधाएं भी उपलब्ध कराने को कहा गया है।

## बजट 2024 : भाजपा सरकार की विदाई का है बजट : अखिलेश

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार के मौजूदा कार्यकाल का अंतिम बजट 2024-25 शुक्रवार को पेश हो गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरूवार को संसद में अंतरिम बजट पेश किया।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बजट को लेकर मोदी सरकार पर तंज कसा।

अखिलेश यादव ने कहा कि ये भाजपा सरकार की विदाई का बजट है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बजट को लेकर प्रतिक्रिया दी। अखिलेश यदाव ने कहा कि कोई भी बजट अगर विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वो व्यर्थ है। भाजपा सरकार ने जनविरोधी बजटों का एक दशक पूरा करके एक शर्मनाक रिकार्ड बनाया है, जो फिर कभी नहीं टूटेगा क्योंकि अब सकारात्मक सरकार आने का समय हो गया है। ये भाजपा का विदाई बजट है। अंतरिम बजट में इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अभी तक सात लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं देना पड़ता है।

## आरएमएल आयुर्विज्ञान संस्थान में पीडियाट्रिक आंकोलाजी वार्ड का उद्घाटन

▸ कैंसर से पीड़ित हमारे अनमोल बच्चे जीवित रहें, फलें-फूलें और उन्हें देखभाल की सर्वोत्तम सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मुख्य सचिव

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



विश्व कैंसर दिवस (4 फरवरी) और अंतर्राष्ट्रीय बाल्यावस्था कैंसर दिवस (15 फरवरी) से पहले मुख्य सचिवदुर्गा शंकर मिश्र ने डॉ0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में पीडियाट्रिक आंकोलाजी वार्ड का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्य सचिव ने कैंसर पीड़ित बच्चों एवं उनके परिवारों को एक्सेस2 केयर की सुविधा के लिए साइकिल रैली चैलेंज साइकिल फार गोल्ड एडिशन-3 को हरी झण्डी दिखाई, जिसनें आरएमएलआईएमएस से केजीएमयू तक 8 किलोमीटर की दूरी तय की।

मुख्य सचिव ने वार्ड के सभी बच्चों को उपहार दिए और उनके परिवारों से मुलाकात की और कैंसर के खिलाई उनकी लड़ाई में सरकार, अस्पताल और उनके स्टैकहोल्डर्स के पूरे सहयोग का विश्वास दिलाया। उन्होंने कहा कि कैंसर से पीड़ित हमारे अनमोल बच्चे जीवित रहें, फलें-फूलें और उन्हें देखभाल की सर्वोत्तम सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कैंसर से पीड़ित बच्चों एवं उनके परिवारों को बीमारी की दहशत से बाहर निकालने के लिए टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया जाये। उन्हें खुशी है कि कैंसर पीड़ित बच्चों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए कैनकिड्स किड्सकैन जैसे एनजीओज को पार्टनर बनाया गया है, जो कैंसर पीड़ित बच्चों के परिवारों का हाथ थामने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, तृतीयक देखभाल केंद्रों से उनका मार्गदर्शन करने और उन्हंए आवश्यक वित्तीय, चिकित्सा, सामाजिक, शैक्षिक और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करने में सक्षम हैं।

## ले जनरल कविता सहाय बनी एएमसी लखनऊ की पहली महिला कमांडेंट

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय ने गुरुवार को यहां कमांडेंट आर्मी मेडिकल कोर सेंटर (एएमसी) एवं कॉलेज, ऑफिसर-इन-चार्ज एएमसी रिकॉर्ड्स तथा कर्नल कमांडेंट एएमसी का पदभार संभाला। सेना मेडल और विशिष्ट सेवा मेडल से विभूषित लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय 74 साल पहले स्थापित एएमसी सेंटर और कॉलेज की कमान संभालने वाली पहली महिला जनरल ऑफिसर हैं। इससे पहले वह महानिदेशक सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (डीजीएएफएमएस), दिल्ली में अपर डीजीएएफएमएस (एचआर) थीं।

सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज (एएफएमसी), पुणे की पूर्व छात्रा रही लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय को 30 दिसंबर 1986 को आर्मी मेडिकल कोर (एएमसी) में कमीशन किया गया था। उन्होंने एएफएमसी पुणे से 1994 में एमडी (पैथोलॉजी) और 1997 में डीएनबी (पैथोलॉजी) किया था। जनरल ऑफिसर ने 2000-2002 तक एम्स, नई दिल्ली में ऑन्कोपैथोलॉजी में 2 साल की फेलोशिप और यूके के फैमर कील यूनिवर्सिटी से वर्ष 2020-22 में हेल्थ प्रोफेशनल एजुकेशन में डिप्लोमा भी किया। अपनी 37 वर्षों की सेवा के दौरान, लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय ने विभिन्न महत्वपूर्ण प्रशासनिक और स्टाफ नियुक्तियों पर काम किया है, जिनमें बेस अस्पताल, दिल्ली कैंट में लैब मेडिसिन विभाग के एचओडी और प्रोफेसर, एएफएमसी में पैथोलॉजी विभाग के प्रोफेसर, आर्मी हॉस्पिटल (आर एंड आर) नई दिल्ली में लैब मेडिसिन विभाग के एचओडी और प्रोफेसर शामिल है। उन्होंने सेना अस्पताल (आर एंड आर) नई दिल्ली में सलाहकार (पैथोलॉजी), उत्तरी कमान के कमान अस्पताल में डिप्टी कमांडेंट और वरिष्ठ कार्यकारी चिकित्सा अधिकारी (एसईएमओ) और महानिदेशक सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (डीजीएएफएमएस), नई दिल्ली के कार्यालय में अपर डीजीएएफएमएस (एचआर) जैसी कई स्टाफ नियुक्तियों पर भी काम किया है। लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित 100 से अधिक शोध पत्रों की लेखिका रही हैं। उनकी उत्कृष्ट और मेधावी सेवा, निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रति मेहनती गुणों और विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्टता के साथ प्रदर्शन करने की क्षमता के लिए, उन्हें 26 जनवरी 2024 को %नारी शक्ति% वर्ष के रूप में मनाए जाने पर 2024 में 'सेना मेडल' से सम्मानित किया गया । केंद्र सरकार ने वर्ष 2018 में उन्हें 'विशिष्ट सेवा मेडल' से अलंकृत किया । वर्ष 2008 और 2012 में उन्हें 'सीओएएस प्रशस्ति' से भी सम्मानित किया जा चुका है । जनरल ऑफिसर का विवाह मेजर जनरल राजेश सहाय, एवीएसएम, एसएम (सेवानिवृत्त) से हुआ है।

## बजट जमीनी वास्तविकता से दूर, चुनावी लुभावने वाला ज्यादा : मायावती

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को अगले वित्त वर्ष के लिए सुधारों को आगे बढ़ाने वाला अंतरिम बजट पेश किया, इसे लेकर उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बसपा सुप्रीमो मायावती ने सरकार पर हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा लोकसभा चुनाव से पूर्व, संसद में आज पेश बजट जमीनी वास्तविकता से दूर चुनावी लुभावने वाला ज्यादा। इस प्रकार, देश की जनता की अपार गरीबी, बेरोजगारी व बढ़ती हुई मंहगाई आदि से त्रस्त जीवन को नकारना अति-दुःखद व चिंतनीय। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही, देश की अर्थव्यवस्था व विकास संबंधी सरकारी दावों व वादों में जमीनी सच्चाई होती तो फिर यहाँ के 80 करोड से अधिक लोगों को फ्री में राशन का मोहताज जीवन जीने को मजबूर नहीं होना पड़ता। बता दें कि सरकार ने बृहस्पतिवार को 2024-25 के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय का बजट पिछले साल के 1.57 लाख करोड़ रुपये से करीब 12 प्रतिशत बढ़ाकर 1.77 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव किया। हालांकि, यदि 1.71 लाख करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से तुलना की जाए, तो यह वद्धि तीन प्रतिशत ही बैठती है।

## शिक्षा मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर अभ्यर्थियों में जगी नियुक्ति की आस

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

पिछले 595 दिन से नियुक्ति की माँग को लेकर आन्दोलन कर रहे 69 हजार शिक्षकभर्ती के अभ्यर्थियों की आज बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह की अध्यक्षता और प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डॉ एमएसके सुंदरम, महानिदेशक स्कूली शिक्षा कंचन वर्मा, निदेशक बेसिक शिक्षा महेंद्र देव, संयुक्त शिक्षा निदेशक गणेश कुमार व सचिव बेसिक शिक्षा परिषद प्रताप सिंह बघेल के साथ मीटिंग हुई व 5 जनवरी 2022 को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी 6800 चयनसूची पर नियुक्ति के लिए सभी पहलुओं पर चर्चा हुई।

प्रतिनिधि मंडल में शामिल विजय यादव ने बताया कि 69 हजार शिक्षकभर्ती में आरक्षण विसंगति में सुधार के उपरांत विभाग द्वारा जारी की गई 6800 आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए संभव सभी रास्तों पर आज बेसिक शिक्षा मंत्री व विभाग के सभी अधिकारियों से चर्चा हुई और संभावित रास्ते पर सहमति बनाकर नियुक्ति पत्र दिए जाने की बात की गयी जिसपर बेसिक शिक्षा मंत्री श्री संदीप सिंह ने उन्हें आश्वस्त किया कि बहुत जल्द इस मामले में निर्णय लेकर अभ्यर्थियों की नियुक्ति का रास्ता तैयार किया जाएगा और माननीय मुख्यमंत्री से अभ्यर्थियों के प्रतिनिधि मंडल की मुलाकात कराके इस मामले का समाधान किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में ममता प्रजापति,विजय यादव, अमरेंद्र सिंह पटेल,कृष्णा चंद्र व विक्रम मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव में सुभासपा अहम भूमिका निभाएगी : राजभर

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

चारबाग स्थित रविंद्रालय सभागार में बुलाई गई प्रदेश स्तरीय संगठन समीक्षा बैठक में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने उत्तर प्रदेश के सभी विंगों के संगठन की समीक्षा किया और कहा कि देश में अगले 2 महीनों में चुनाव होने वाला है। पूर्वांचल से ताक़त मिलने के बाद बड़ी तेज़ी से सुभासपा का पश्चिम उत्तर प्रदेश में पार्टी का जनाधार बढ़ रहा है हमें एनडीए के साथ मिलकर चुनाव लड़ना है,प्रदेश,मण्डल,ज़िला,ब्लॉक,बूथ लेवल के सभी नेता मिलकर पार्टी को मज़बूत करे सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी शोषित, वंचित, पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यकों के हक़ अधिकार की लड़ाई लड़ रही है सपा, बसपा, कांग्रेस पूरी तरह से ज़मीन पर समाप्त के कगार पर है ओम प्रकाश राजभर ने पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि वर्तमान समय में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी उत्तर प्रदेश ही नहीं अपितु बिहार राज्य की राजनीति में भी अपना दखल रखती है जिसकी बानगी बिहार राज्य में सुभासपा की रैली में उमड़ते हुए जनशैलाब से पता चलती है। आज शोषित, वंचित, पिछड़ा, दलित वर्ग सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से जुड़ता जा रहा है, सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अभी से 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं क्योंकि उत्तर प्रदेश ही इस देश की दशा और दिशा तय करता है और आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में सुभासपा की भूमिका इसमें निर्णायक होने वाली है ,पार्टी के पदाधिकारी एंव कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों व सिद्धांतों को प्रदेश के जन-जन तक पहुंचाते हुवे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करें।

बजट पर बोले ओम प्रकाश राजभर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज मा0 वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय अंतरिम बजट 2024 गाँव-गरीब के विकास, महिला सशक्तिकरण, टूरिज्म सेक्टर को प्रोत्साहन और किसानों की आय में वृद्धि को चरितार्थ करने वाला बजट है। यह बजट देश के युवा, गरीब, महिला और किसान... सभी को सशक्त करेगा। देश के किसान भाइयों के लिए खुशहाली व समृद्धि के नए अवसर लेकर आया है। मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत से प्रेरित इस बजट में एक तरफ तिलहनों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया गया है, तो दूसरी तरफ नैनो-डीएपी के प्रयोग व डेयरी विकास पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। मोदी सरकार आज 11.8 करोड़ किसानों को वित्तीय सहायता व 4 करोड़ किसानों को फसल बीमा से सुरक्षा दे रही है। बजट में मॉडर्न स्टोरेज और प्रभावकारी सप्लाई चेन स्थापित करने पर लिए गए अहम फैसलों से हमारे अन्नदाता आर्थिक तौर पर सशक्त एवं समृद्ध बन सकेंगे। इस बजट में लखपति दीदी के लक्ष्य को बढ़ाकर 3 करोड़ करने के लिए मै मा0 प्रधानमंत्री जी एवं मा0 वित्त मंत्री जी का हार्दिक आभार एवं अभिनंदन।

पूर्ववर्ती की सरकारों पर हमलावर होते हुए कहा कि सरकार में रहते हुए इन्हें शोषित, वंचित, पिछड़ा, दलित पिछड़ा, अतिपिछड़ा एवं अल्पसंख्यक समाज के लोगों की याद क्यो नहीं आई, सरकार में रहते हुए जातिगत जनगणना, सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट को लागू करने की याद क्यों नहीं आई परंतु सत्ता से बाहर जाते ही इन्हें ये सब याद आने लगा जो इनके दोहरे चरित्र को उजागर करता है। जबकि सुभासपा पिछले बीस वर्षों से जातिगत जनगणना, सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट लागू करने, एक समान अनिवार्य फ्री शिक्षा, फ्री स्वास्थ्य सुविधा, पुलिस सुधार, 300 यूनिट फ्री बिजली तथा उत्तर प्रदेश में शराब बंदी कि हमेंशा से पक्षधर रही है। बैठक में मुख्य रूप से अरुण राजभर राष्ट्रीय महाचिव, अरविंद राजभर राष्ट्रीय मुख्य महासचिव, रामललित चौधरी, शक्ति सिंह, सालिक यादव, संजय बंजारा,हरीश बंजारा आदि लोग उपस्थित रहे।






विभिन्न दलों के सैकड़ों की संख्या में लोगो नें सपा, बसपा, तथा कांग्रेस को छोड़कर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा राष्ट्रीय पदाधिकारियों की घोषणा की गयी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री हिरालाल जित्तन राजभर | राष्ट्रीय उपाध्यक्ष | मुम्बई (महाराष्ट्र) |
| 2. | श्री पंकज कुमार उर्फ योगी पंकज नाथ | राष्ट्रीय सचिव | सहारनपुर |
| 3. | श्री शेख अहमद अली उर्फ संजय भाई | राष्ट्रीय सचिव | बलिया |
| 4. | डॉ0 सर्वेश कुमार राणा | राष्ट्रीय सचिव | लखनऊ |
| 5. | श्री सूरज पाल सिंह नाई | राष्ट्रीय सचिव | लखनऊ |
| 6. | श्री सैयद शकील अहमद | राष्ट्रीय महासचिव-अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ | सहारनपुर |
| 7. | मो0 जुबेर | राष्ट्रीय महासचिव-अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ | मेरठ |

### ... फिर विवादों मे आया ऊंचाहार

# लड़कियों की बुकिंग ऑनलाइन, फोटो से तय होते है रेट

- व्हाट्सएप पर लड़कियों की फोटो भेज पूछा जाता है ग्राहकों की पसंद... , रेट फिक्स होते ही डिमांड होती है पूरी




**ऊंचाहार, रायबरेली समृद्धि न्यूज**

बड़े शहरों में देह व्यापार का अनेक कारोबारों के बारे में अक्सर खबरें सुनने को मिलती है , किंतु अब ऊंचाहार जैसे छोटे नगर भी इस सामाजिक बुराई की चपेट में है। जिसमें देह व्यापार के लिए ऑनलाइन बुकिंग हो रही है , और अग्रिम भुगतान पर लड़कियां ऊंचाहार के बस स्टेशन व एनटीपीसी गेट के पास होटल में सुलभ करने का करार किया गया है। ऑनलाइन सेक्स व्यापार का यह सनसनीखेज मामला ऊंचाहार में पहली बार सामने आया है। वायरल चैट में ब्रोकर एक ग्राहक से बात कर रहा है। जिससे यह प्रतीत होता है कि ऊंचाहार के कई होटल व गेस्ट हाउस देह व्यापार का अड्डा बने हुए है। वायरल चैट में ब्रोकर ने कई लड़कियों की तस्वीर ग्राहक को भेजकर चयन करने को कहता है । यही नहीं वह समय के अनुसार रेट भी बताता है। जिसमें ऊंचाहार के बस स्टेशन के पास होटल और एनटीपीसी गेट नंबर दो के पास एक होटल में लड़की उपलब्ध कराने की बातचीत है।

**ऑनलाइन पेमेंट के साथ बुकिंग कराने वाले युवक का चैट वायरल**

बताया जाता है कि ब्रोकर ऊंचाहार से बाहर का रहने वाला है , किंतु उसके संपर्क में ऊंचाहार की कई लड़कियां है , जो ब्रोकर द्वारा ग्राहक से ऑनलाइन अग्रिम भुगतान प्राप्त करने के बाद उन्हे नियत होटल में भेजता है । वायरल चैट में ग्राहक और ब्रोकर दोनो के फोन नंबर है। यह भी बताया जाता है कि इनका बहुत बड़ा रैकेट क्षेत्र में फैला हुआ है , जो लड़कियों को रुपया कमाने का प्रलोभन देकर उन्हें इस घिनौने धंधे में धकेल रहा है। इस रैकेट में कई लड़कियां शामिल है ।चैट वायरल होने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। लोग पूरा मामला जानने के बाद दंग है। पूर्व में रेलवे स्टेशन के पास एक गेस्ट हाउस में इस तरह के अवैध कारोबार की बात लोग करते थे , किंतु इसका पूरा रैकेट क्षेत्र में फैला हुआ है , इसकी किसी ने कल्पना तक नही की थी। अब जब वायरल चैट से पूरा मामला सामने आया है तो लोग इस मामले में कार्रवाई की मांग भी कर रहे हैं।

# श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन राजा परीक्षित का प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**सरेनी, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

सरेनी विकासखंड के अंतर्गत पूरे चंदू मजरे काल्हीगांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन गुरुवार को कथा वाचक श्री श्री 108 आत्मानंद सरस्वती जी महाराज ने राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म सहित अन्य प्रसंग सुनाया। कथा वाचक ने कहा कि मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं। लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है कथा व्यास ने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दर्शाया कथा व्यास ने शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार राजा परीक्षित शिकार के लिए वन में गए। वन्य पशुओं के पीछे दौड़ने के कारण वे प्यास से व्याकुल हो गए व जलाशय की खोज में इधर उधर घूमते-घूमते वे शमीक ऋषि के आश्रम में पहुंच गए।

वहां पर शमीक ऋषि नेत्र बंद किए हुए व शांतभाव से एकासन पर बैठे हुये ब्रह्मध्यान में लीन थे। राजा परीक्षित ने उनसे जल मांगा किंतु ध्यानमग्न होने के कारण शमीक ऋषि ने कुछ भी उत्तर नहीं दिया। सिर पर स्वर्ण मुकुट पर निवास करते हुए कलियुग के प्रभाव से राजा परीक्षित को प्रतीत हुआ कि यह ऋषि ध्यानस्थ होने का ढोंग कर के मेरा अपमान कर रहा है। उन्हें ऋषि पर बहुत क्रोध आया। उन्होंने अपने अपमान का बदला लेने के उद्देश्य से पास ही पड़े हुये एक मृत सर्प को अपने धनुष की नोक से उठा कर ऋषि के गले में डाल दिया और अपने नगर वापस लौट आए!कथा वाचक आत्मानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा शमीक ऋषि तो ध्यान में लीन थे उन्हें ज्ञात ही नहीं हो पाया कि उनके साथ राजा ने क्या किया है,किंतु उनके पुत्र ऋंगी ऋषि को जब इस बात का पता चला तो उन्हें राजा परीक्षित पर बहुत क्रोध आया।

- मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं, लेकिन उसका प्रायश्चित होना ये जरूरी है: आत्मानंद सरस्वती जी महाराज

## शहर में प्रवेश करने वाले 2 प्रमुख सड़क मार्गों का होगा चौड़ीकरण

**रायबरेली।** सदर विधानसभा से भाजपा के विधायक अदितीं सिंह ने लोक निर्माण विभाग से रायबरेली को कई सौगातें दिलवाई है इन सौग़ातों के तहत बताया जाए तो रायबरेली में कुल मिलाकर 28.49 करोड़ का बजट आवंटित कराया गया है जो रायबरेली शहर को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग के चौड़ीकरण व मरम्मत के लिए प्रयोग किया जाएगा। यह मार्ग होंगे सलोन विधानसभा से आने वाला मार्ग वही हैदरगढ़ महाराजगंज रायबरेली मार्ग इन मार्गों का चौड़ीकरण व सुधरणीकारण का कार्य कराया जाना है जिसको लेकर काफी समय से जद्दोजहद चल रही थी जिसके बाद सदर विधायक अदिति सिंह की अथक प्रयास के बाद इस बजट को आवंटित करवा लिया गया है।

# नो एंट्री लगाने को लेकर व्यापारियों में सौंपा ज्ञापन

**डलमऊ, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



सड़कों पर दौड़ रहे भारी वाहन ट्रक एवं डंपर क्षेत्र में दुर्घटनाओं का सबक बनते जा रहे हैं नित कोई ना कोई घटना या दुर्घटना सुनाई पड़ती है जिसके चलते लोगों को अपनी जान भी गंवानी पड़ती है।

मुराई बाग कस्बे में इन भारी वाहनों की वजह से सड़कों पर भारी जाम भी लगता है जिसके चलते व्यापारियों का व्यापार भी चौपट होता है जिसके चलते जनहित की समस्या को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल इकाई डलमऊ के नगर अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य एवं पदाधिकारी ने गुरुवार को उप जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि मुराई बाग कस्बे में सुबह 8:00 बजे से साइन रात्रि 8:00 बजे तक भारी वाहनों ट्रक एवं डंपर की नो एंट्री लगाने या अन्य कोई वैकल्पिक व्यवस्था करणी तथा कस्बे के मुख्य मार्गों पर स्थाई रूप से डिवाइडर बनाए जाने की मांग की मुराई बाग कस्बे के अंदर भारी वाहनों के आवागमन से स्कूल आने जाने वाले बच्चों के साथ भारी हादसा होने की आशंका बनी रहती है साथ ही नगर के व्यापारियों का व्यापार भी चौपट होता जा रहा है पूर्व में भी स्कूली बच्चों एवं राहगीरों के साथ कई बार हादसे हो चुके हैं जिसके चलते लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी उप जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा ने व्यापारियों को भरोसा देते हुए समस्या का हल निकाले जाने की बात कही इस मौके पर आशीष सोनी,पुरुषोत्तम शुक्ला, मोहित द्विवेदी,गौरव वैश्य,महताब आलम, मो सईद,पथवारी शंकर, विनीत जायसवाल,प्रशांत शर्मा,मनीष यादव आदि मौजूद रहे।

# आंगनवाड़ी सहायिका ने प्रधानपति पर लगाया आरोप

- पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर उठायी कार्यवाही की मांग

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

रायबरेली में एक प्रधान पति ने आंगनवाड़ी सहायिका को राशन न देने के मामले में पीट दिया जिसको लेकर पीड़िता ने संबंधित थाने में शिकायत की लेकिन थाने की पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की।

कार्यवाही न होने पर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर प्रधान पति के खिलाफ शिकायत की है और कार्यवाही की मांग की है आपको बता दे कि गुरुवार रायबरेली जनपद के शिवगढ़ थाना क्षेत्र के कोटवा ग्राम की रहने वाली आंगनबाड़ी सहायिका ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए बताया कि प्रधान पति द्वारा राशन न देने के मामले को लेकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई जिसको लेकर मामले का शिकायती पत्र संबंधित थाना शिवगढ़ में दिया गया था लेकिन शिवगढ़ थाने की पुलिस ने अब तक कोई कार्यवाही नहीं की।

कार्यवाही न होने को लेकर पीड़ित आंगनबाड़ी सहायिका ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र दिया है और प्रधान पति पर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# भैंस खरीदने के नाम पर ठगी का शिकार हुआ व्यापारी

- यूट्यूब पर दुधारू भैंस देखकर उसमें लिखे नंबर पर किया था संपर्क
- पीड़ित ने एसपी से की कार्यवाही की मांग



**विक्रेता ने लगाया दस हजार का चूना**

तब उसने उसकी कीमत पूछी जिस पर भैंस बेचने वाले व्यापारी ने बताया कि भैंस की कीमत 55 हजार रुपए है अगर आप भैंस खरीदना चाहते हैं तो आपको एडवांस में 10 हजार रुपए मेरे खाते में भेजना पड़ेगा उसके बाद जब भैंस आपके घर पर पहुंच जाएगी तो शेष भुगतान ट्रक ड्राइवर को कर देना इसके बाद सुनील कुमार ने ऑनलाइन भैंस बेचने वाले व्यापारी शुभम के खाते में 10000 ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए लेकिन दूसरे दिन जब भैंस नहीं आई तो उसने भेज बेचने वाले व्यापारी को फोन किया तो उसने कहा 25000 और भेजो तब भैंस मिल पाएगी, इसके बाद क्रेता सुनील कुमार को शंका हुई थी उसके साथ साइबर फॉड हो गया है पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

अगर आप ऑनलाइन भैंस खरीदने के लिए सोच रहे हैं तो सावधान हो जाइए साइबर ठगों के निशाने पर अब दूध के व्यापारी भी आ चुके हैं।

मामला हरचंदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत टांडा गांव का है जहां के रहने वाले सुनील कुमार पुत्र रामखेलावन अपने गांव में दूध का व्यापार करते हैं सुनील कुमार ने किसान भाइयों डेरी फार्म नाम के यूट्यूब पर दुधारू भैंस देखकर उसमें लिखे नंबर पर संपर्क करने के बाद जब फोन किया तब भैंस बेचने वाले जयपुर के व्यापारी शुभम ने बताया कि उसके पास अच्छी नस्ल की भैंस उपलब्ध है जो दिन में 18 लीटर दूध देती है, इसके बाद उसने भैंस का वीडियो बनाकर भी भेजा वीडियो देखने के बाद सुनील कुमार को भैंस पसंद आ गई।

## खबरें एक नजर में

### राज्य स्तरीय हाकी प्रतियोगिता श्री बरखण्डी विद्यालय में आज

**शिवगढ़, रायबरेली।** 2 फरवरी से श्री बरखंडी विद्यापीठ इंटर कॉलेज शिवगढ़ के मैदान पर श्री बरखंडी स्मारक राज्य हाकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 2 फरवरी को प्रातः 10:00 बजे से आयोजित की जाएगी जो 5 फरवरी 2024 तक चलेगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार गुप्ता ने बताया कि यह प्रतियोगिता रायबरेली जनपद की इकलौती प्रतियोगिता है, जो 1958 से अनवरत चली आ रही है और जिसने जनपद में हाकी की नर्सरी तैयार करके लगातार सहयोग कर रही है।इस प्रतियोगिता के संरक्षक राजा राकेश प्रताप सिंह व प्रबंधक कुंवर हनुमंत प्रताप सिंह,अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता व सचिव शैलेंद्र कुमार सिंह है।

### वित्त मंत्री का बजट कर्मचारी विरुद्ध

**लालगंज, रायबरेली।** केंद्र सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में बजट पेश किया है जिसको लेकर मजदूर संघ यूनियन ने ही विरोध जताया है। पेश हुए बजट के बारे में मॉडर्न रेल कोच कारखाना मजदूर संघ अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल ने कहा ये बजट निराशाजनक बजट है। इसमें कर्मचारियों व वेतनभोगी जनता को आयकर में कोई राहत नही दी गई। वही सरकारी कर्मचारियों व वेतनभोगी जनता को पेंशन में ओल्ड पेंशन स्कीम या न्यू पेंशन स्कीम में भी कोई सुधार/ राहत नही दी गई। उल्टा न्यू पेंशन स्कीम में सुधार के नाम पर कमेटीं बनाकर कर्मचारियों को ठगा गया है।

### खाते से गायब 3,71,500 रूपये कराये वापस

**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक व श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आवेदक के खाते से फ्रॉड तरीके से निकाले गये कुल 3,71,500 रुपये वापस कराये गये। ज्ञात हो कि गत 2 दिसम्बर 2023 को साइबर क्राइम सेल में डॉ0 विनोद कुमार पुत्र रामकुमार निवासी ओमनगर नाला कब्बाखेड़ा, थाना कोतवाली सदर ने प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि फ्राडस्टर कॉलर द्वारा एनी डेस्क (रिमोट एप्प) डाउनलोड कराकर ओ.टी.पी. प्राप्त करके क्रेडिट कार्ड से 371500 रूपये का फ्राड कर लिया गया है जिसपर आवश्यक कार्यवाही करते हुए साइबर क्राइम थाना की टीम द्वारा सम्पूर्ण धनराशि आवेदक के खाते में रिफण्ड करायी।

### मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर कस्बे के एक पेट्रोल पंप के समीप मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अविवाहित था अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। लकड़ी का काम करके अपना जीवन यापन करता था। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के बम्हना गांव निवासी नौरंग सिंह का पुत्र कुलदीप (25) किसी काम से सफीपुर कस्बा आया था जो अपना काम निपटाकर घर जा रहा था।

## बैराज मार्ग पर मिला अज्ञात युवक का शव

**उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बैराज मार्ग के किनारे झाड़ियों में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया है। वहीं लोगों ने हत्या की आशंका व्यक्त की है। बैराज चौकी से पहले झाड़ियों में एक 45 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पड़ा ग्रामीणों ने देखा। शव मिलने की सूचना पर आस-पास के लोगों में हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना बैराज चौकी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लिया। जहां आस पास के लोगों को बुलाकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया। पहचान न होने पर पुलिस ने शव को 48 घंटे के लिये उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया है।

# पुताई के लिए छत पर चढ़े युवक की पैर फिसलकर गिरने से मौत

**सरेनी,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

गुरुवार को थाना क्षेत्र के एक गांव में घर की पुताई के लिए सीढ़ी लगाने के लिए छत पर चढ़ा श्रमिक नीचे गिर गया, इससे उसकी मौत हो गई। घटना से कोहराम मच गया मृतक के बेटे ने पुलिस को तहरीर दे दिया है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के लोनियन खेड़ा मजरे पहुरी गांव का रहने वाला मोहन उम्र करीब 60 वर्ष पुत्र सुखलाल गुरुवार को पड़ोस के गांव शीतलखेड़ा में अजय सिंह पुत्र जागेश्वर सिंह के घर की पुताई करने गया था,जैसे ही वह सीढ़ी लगाने के लिए रामचंद्र सिंह पुत्र जगन्नाथ सिंह की छत पर चढ़ा तो अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नीचे आंगन में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों द्वारा इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया,जहां के चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अमल पटेल ने बताया कि अस्पताल आने से पहले ही उसकी मौत हो गई थी। घटना से कोहराम मच गया। परिजनों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं !उधर कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि मृतक के बेटे की तहरीर पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है,आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## दरवाजे पर बंधी बकरियां खोल ले गए चोर, जांच में जुटी पुलिस

**सरेनी,रायबरेली।** सरेनी क्षेत्र में भी चोरी की वारदातें बढ़ती नजर आ रही हैं एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है जहां अज्ञात चोरों ने दरवाजे बंधी आठ बकरियों व बकरा पर हाथ साफ कर पुलिस को चुनौती दी है। पीड़ित ने उक्त आशय की शिकायत पुलिस से की है।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुरानी सरेनी मस्जिद के पीछे रहने वाले फकीर बक्श उर्फ गोला पुत्र सुलेमान ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीती रात आठ बकरियां व बकरे दरवाजे बंधे थे। अज्ञात चोर चाकू से रस्सी काटकर दरवाजे बंधी बकरे व बकरियां चठा ले गए। सुबह जब मैंने देखा तो बकरे व बकरियां गायब थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए होमगार्ड को किया गया सम्मानित



**महराजगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

कार्यक्षेत्र में अच्छा कार्य एवं जनता के लिए पूरी तन्मयता से दिन-रात लगे रहने वाले होमगार्डों का एक मुहिम के तहत प्रशस्ति पत्र फूल माला अंग वस्त्र एवं मिष्ठान भेंट कर सम्मानित किया जा रहा है। आयोजनकर्ता इंद्रमणि सिंह पीसी ने बताया कि कार्यक्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले राजेश कुमार सिंह को प्रभारी निरीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया है ।वही होमगार्डों ने भी राजेश कुमार के द्वारा अच्छी ड्यूटी करने पर उन्हें मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बुद्धसेन शर्मा राजेश कुमार रमेश मौर्या रामकुमार सिंह राम प्रताप यादव माता फेर रामपति वाजपेई राजेश सिंह राम यश मौर्य देवनारायण रामसूरत पाल शिव शंकर मिश्रा लाल मोहम्मद देवी दयाल राजीव मिश्रा सतीश प्रताप सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने सदर तहसील का किया औचक निरीक्षण

- निरीक्षण में कमी मिलने पर एसडीएम व तहसीलदार को कमियां दूर करने के निर्देश
- जनता की समस्याओं को प्राथमिकता पर सुना जाए

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सदर तहसील का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील के सभी पटलों के अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कमी मिलने पर एसडीएम और तहसीलदार को कमियों को दूर करने के निर्देश दिए।

कहा कि जनता से जुड़ी हुई समस्याओं को शीघ्र निस्तारित किया जाए। फाइलों को एक पटल पर ज्यादा दिनों तक रोक कर ना रखा जाए। जिससे कि लोगों को बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े। राजस्व के मामलो में दोनों पक्षों की बातें सुनी जाए और मौका मुआयना करने के उपरांत ही निर्णय लिया जाए। एसडीएम सदर को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखा जाए जिससे की जरूरत पड़ने पर उनका पुनः सत्यापन हो सके। जनता की समस्याओं को प्राथमिकता पर सुना जाए और उनका गुणवत्तापरक निस्तारण करने का पूरा प्रयास किया जाए। इस अवसर पर एसडीएम सदर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# गंगा के आंचल से हो रहा अवैध बालू खनन का व्यापार

**डलमऊ, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

- ग्रामीणों ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों की मिली भगत का लगाया आरोप

डलमऊ तहसील के कटरी क्षेत्र के ग्राम जमाल नगर मोहद्दीनपुर बाबुरा अंबहा चक मलिक भीटी गांव की कटरी क्षेत्र में गंगा नदी के सूखे क्षेत्र में अवैध खनन का व्यापार धड़ल्ले से किया जा रहा है लगातार हो रहे अवैध खनन से आसपास की भूमि तालाब का रूप लेने के चलते नदी में बाढ़ के समय खेतों को जाने के लिए इधर से गुजरना पड़ता है जिससे डूबने आदि की घटनाओं की आशंका बनी हुई है ग्रामीणों की सूचना के बावजूद भी क्षेत्रीय प्रशासन के आला अधिकारियों द्वारा जांच करने की बात कह कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। कटरी क्षेत्र के बैजनाथ बबलू साजन रामेश्वर आदि के साथ अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव के पूर्वी तट पर गंगा नदी के किनारे गंगा नदी की रेत का अवैध खनन आए दिन गांव के आसपास के अवैध खनन माफियाओं द्वारा बेखौफ होकर दिनदहाड़े बालू का अवैध खनन क्षेत्रीय अधिकारियों की मिली भगत से किए जाने का आरोप लगाया और बताया कि क्षेत्रीय प्रशासन को सूचना देने के बावजूद भी हो रहे अवैध खनन की अनदेखी करते हुए जांच करने के नाम पर ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

## थाना परिसर में धर्मगुरुओं के साथ की गई बैठक

**रायबरेली।** जनपद रायबरेली के थाना गदागंज में न्यायालय के द्वारा दिए गए फ़ैसले के सापेक्ष एक इमामों, मौलवियों, संभ्रांत लोगों की बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता नायब तहसीलदार डलमऊ शिवेंद्र प्रताप ने किया।बैठक की अध्यक्षता कर रहे नायब तहसीलदार डलमऊ शिवेंद्र प्रताप सिंह व थाना गदागंज क्षेत्र में एक सर्व समाज को एक सूत्र में पिरोने वाले थाना प्रभारी गदागंज संतोष कुमार सिंह ने की उपरोक्त अधिकारी द्वय ने क्षेत्र में अमन चैन कायम रखने एवं किसी भी प्रकार से पैदा हुई समस्याओं का तुरन्तु निपटारा करवाने पर बल दिया थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि शासन के दिशा निर्देशों का पूरी तरह पालन कराया जायेगा कही कोई दिक्कत होती है तो वहां आप लोग कानून व्यवस्था बनाए रखें किसी भी कीमत पर कानून अपने हाथ में न ले हमारी पुलिस पग पग पर आपके साथ खडी है अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है आप लोग भी पुलिस का सहयोग करते हुए कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाये रखने में मदद करे।



## कंपनी से वेतन न मिलने पर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**लालगंज,रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना लालगंज में गुरुवार को सुबह से ही प्राइवेट कर्मचारी का गुस्सा हिंदुस्तान फाइबर ग्लास वर्क्स बड़ोदरा कंपनी के प्रति फूट पड़ा। सुबह से आरेडिका के गेट नम्बर 3 पर कंपनी के लगभग सौ से अधिक सभी कर्मचारी व ठेकेदार कई माह से वेतन न मिलने के कारण प्रदर्शन करना शुरू कर दिया प्रदर्शन इतना बढ़ता गया कि आरेडिका के उत्पादन में इसका असर दिखाई दिया थोड़ी ही देर में कंपनी सहित आरेडिका के अधिकारियों के कान फूलने लगे 7थोड़ी ही देर में प्राइवेट कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर ने आकर कर्मचारियों से मिले और उनका पूर्ण आश्वासन दिया कि अगले हफ्ते बुधवार तक पेमेंट कराया जाएगा। जब इस बाबत प्रोजेक्ट मैनेजर मुकेश शर्मा से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि रेलवे से कई महीनो से कंपनी का भुगतान न किया जाने के कारण कर्मचारियों के वेतन में एक महीने की देरी हो गई है।

**रवानगी** — हम दोनों दोस्तों की दिली इच्छा थी की अपने प्रभु के दर्शन के लिए साइकिल से जाए: अहीर जयदीप

# प्रभु श्री राम की ऐसी दीवानगी कि गुजरात से साइकिल से निकले अयोध्या

**शिवगढ़, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**




अयोध्या में भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से ही भक्तों में एक गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है देश-विदेश से प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए राम भक्त रामनगरी अयोध्या पहुंच रहे हैं कोई साधन से जा रहा है तो कोई पैदल ही अपने आराध्य के दर्शन के लिए चल पड़ा है इसी कड़ी में गुजरात के भावनगर जिले के जैसर तहसील के अंतर्गत करला गांव के रहने वाले दो दोस्त अहीर तरुण व अहीर जयदीप में भी अपने प्रभु की भक्ति का ऐसा जुनून चढ़ा की दोनों युवक साइकिल से ही 1800 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए अपने आराध्य भगवान प्रभु श्री राम के दर्शन के लिए निकल पड़े जिनके राम भक्ति के जुनून को देख सभी हतप्रभ रह गए आपको बताते चले की गुरुवार की सुबह जब वह दोनों दोस्त बांदा बहराइच हाईवे के रास्ते शिवगढ़ कस्बे से अयोध्या के लिए जा रहे थे तो रास्ते में चल रहे राहगीर भी उनका उत्साह वर्धन कर रहे थे जब हमारे संवाददाता ने उनसे बात की तो राम भक्त अहीर तरुण ने बताया कि हम सब बड़े भाग्यशाली हैं जो अपने प्रभु श्री राम को अपने घर में 500 वर्षों बाद वापस आते देख पा रहे हैं।

करोड़ों राम भक्तों की तपस्या सफल हुई है इसीलिए हम लोग भगवान राम लाल के दर्शन के लिए साइकिल से ही निकल पड़े हमारी बड़ी ही इच्छा थी की हम दोनो दोस्त साइकिल से ही चलकर अपने आराध्य भगवान श्री राम के दर्शन करेंगे साथ ही उन्होंने कहा की हम लोगों ने यह यात्रा 7 जनवरी को गुजरात स्थित भगवान द्वारकाधीश मंदिर से शुरू की थी लगातार 25 दिनों से चलते हुए रायबरेली के शिवगढ़ कस्बे पहुंचे है रास्ते में हमारे हिंदू भाइयों का हम लोगो को पूरा सहयोग मिला है अब यहां से हमारे आराध्य की कुछ ही दूरी बची है यह बच्चा हुआ सफर को पूरा करते हुए रामनगरी पहुंच कर अपने आराध्य प्रभु श्री राम लाला के दर्शन करेंगे वही दूसरे रामभक्त जयदीप ने कहा की हमारे भगवान प्रभु राम लला अपने घर वापस आ गए हैं जिन्हें देखने के लिए हम लोग साइकिल से रामनगरी जा रहे हैं।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि सुनील कुमार वर्मा पिता सत्य नरायन वर्मा मेरा हाई स्कूल का अंक पत्र एवं सह प्रमाण पत्र कहीं वास्तव मे खो गया है। जिसका अनुक्रमांक 2529745 है मैने वर्ष 2012 मे हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण किया था। सुनील कुमार वर्मा पिता सत्य नरायन वर्मा, ग्राम ऐनी अलहियापुर, कैसरगंज जिला बहराइच।

## विपक्ष नहीं, सरकार करे आत्मपरीक्षण

बुधवार से संसद का बजट सत्र प्रारंभ हुआ है। इससे पहले संसद के शीतकालीन सत्र में विपक्ष के करीब डेढ़ सौ सांसदों का निलम्बन किया गया था। इस सत्र में आशा बंधी थी कि आम चुनाव की दहलीज पर खड़े देश की महापंचायत का अंतिम सत्र तो कम से कम ऐसा होगा जिसमें सत्ता पक्ष, खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन तमाम मुद्दों पर जवाब देंगे जो सिलसिलेवार हों, तार्किक हों और तथ्यपरक हों- जिनसे देश जूझ रहा है और जिस पर खुली चर्चा अपेक्षित है। लेकिन ऐसा शायद ही हो, क्योंकि राष्ट्रपति के अभिभाषण से पहले, श्री मोदी ने संसद भवन के बाहर अपने तईं इस सत्र का प्रारम्भ विपक्ष को कोसते हुए किया। प्रधानमंत्री मोदी के संक्षिप्त उद्बोधन ने साफकर दिया है कि 17वीं यानी मौजूदा लोकसभा का अंतिम सत्र भी उसी तर्ज पर होने जा रहा है जिसमें विपक्षी सांसद देश के समक्ष ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करना चाहेंगे परन्तु प्रधानमंत्री स्वनिर्मित परम्परा के अनुरूप संसद के बाहर सभाएं एवं रैलियां करते फिरेंगे, अन्य मंत्रीगण मोर्चा सम्हालेंगे, असंतुष्ट सदस्यगण सभा त्याग करेंगे और किसी मौके पर नमूदार होकर मोदी आत्मगान करेंगे, नेहरू से लेकर वर्तमान कांग्रेसी नेताओं तथा समग्र विपक्ष का उपहास करते हुए संसद का सत्रावसान घोषित करा देंगे। हो सकता है कि पहले की भांति कुछ या बहुत से सदस्यों का फिर से निलम्बन देखने को मिले।

जो भी हो, पहले से कोई कयास लगाना उचित तो नहीं परन्तु मोदी कालखंड के दौरान हुए सभी सत्रों पर नजर डालें और याद करें कि उनका हश्र क्या हुआ था, तो इसके अलावा इस सत्र की भी किसी और तरह की परिणति नहीं सूझ सकती। वैसे श्री मोदी ने नये संसद भवन में जाने के बाद कम से कम यह अच्छी परम्परा तो प्रारम्भ की है कि वे सत्र प्रारम्भ होने के पहले मीडिया के समक्ष चन्द मिनटों के लिये ही सही, कुछ कहने लगे हैं। हालांकि उन्होंने इस लिहाज से अपनी लीक कतई नहीं छोड़ी है कि वे पत्रकारों को सवाल करने की छूट दें और हमेशा की तरह उनके उद्बोधनों की विषयवस्तु प्रतिपक्षी सदस्यों का अपमान और उपहास ही होता है। सो परिपाटी को बरकरार रखते हुए प्रधानमंत्री ने अपने बुधवार के वक्तव्य में अपने भीतर संचित कटुता की ही पुनर्प्रस्तुति की। उन्होंने विपक्षी सदस्यों के लिये इस बजट सत्र को श्पश्चाताप करने का अवसर बताया और उन्हें श्लोकतंत्र का चीरहरण करने वाले हुड़दंगियों की श्रेणी में रखा। नरेन्द्र मोदी का कहना था कि श्अगर वे अपने व्यवहार के बारे में अपने निर्वाचन क्षेत्रों में सौ लोगों से भी बात करें तो उन्हें पता चलेगा कि वे (मतदातागण) भी खुश नहीं होंगे और उन्हें उनके इस तरह के काम भी याद नहीं होंगे। मतदाताओं को उन्हीं के नाम याद रहते हैं।

# अंतरिम बजट 1 फरवरी 2024 पेश-इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर विकसित भारत की ओर

किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया




**सरकार ने मिडिल क्लास के लिए बड़ा एलान किया है 10 साल पुराना 10 हज़ा ररुपए तक का टैक्स माफ होगा 3 करोड़ और महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का ऐलान। 40 हज़ार रेल बोगी वंदे भारत बोगी में बदलने का ऐलान रिफॉर्म परफॉर्म और ट्रांसफार्म की बातें की गईवित्त मंत्री ने कहा कि सरकार जल्द ही हाउसिंग प्लान लाने की तैयारी में है, जिससे सभी को सस्ता घर मिलेगा। देश में हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी होकर 149 हो गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि देश में 1000 से ज्यादा नए एयरक्राफ्ट का ऑर्डर दिया गया है। सरकार के राज में उद्योगों में महिलाओं की सहभागिता बढ़ी है। वित्त मंत्री ने कहा कि महिलाओं की उद्यमशीलता में 28 प्रतिशत का उछाल आया है। सरकार 3 करोड़ मकानों के लक्ष्य के करीब है और अगले 5 सालों में दो करोड़ अतिरिक्त मकानों का निर्माण कार्य शुरू कर रहे हैं।**

वैश्विक स्तरपर भारत पूरी दुनियां में तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में विख्यात हो चुका है, जिसने ब्रिटेन को पछाड़कर पूरी दुनियां की पांचवी अर्थव्यवस्था बन चुकी है, अब दुनियां की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर हो रही है और भारत अपना विजन बन चुका है कि 2047 के पूर्व दुनियां की नंबर वन अर्थव्यवस्था बनाना है। अर्थव्यवस्था नंबर वन बनना, याने विकसित भारत का पर्याय माना जाता है और अर्थव्यवस्था का नंबर वन बनने के लिए सबसे सटीक आधार हमारा वार्षिक बजट है जिसके आधार पर पूरी आर्थिक व्यवस्था का रोडमैप दर्ज होता है। चूंकि आज 1 फरवरी 2024 को केंद्रीय वित्तमंत्री द्वारा अंतरिम बजट पेश किया गया है, इसलिए कि लोकसभा चुनाव संभावित तौर पर अप्रैल 2024 में हो सकते हैं और 17वीं लोकसभा का यह आखिरी बजट है, इसलिए ही अंतरिम बजट पेश किया गया है। फिर पूर्ण बजट संभावित जुलाई 2024 में लाया जा सकता है। फिक्की के एक कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय मंत्री पहले ही इशारा दे चुकी है कि यहअंतरिम बजट है, इसलिए इस पर अधिक उम्मीदें नहीं लगाना चाहिए। यह लेखा-जोखा का चार माह का हिसाब किताब तैयार करना है और कुछ जरूरी संशोधनों को लाना है, फिर जुलाई 2024 में पूरी तरह से विचार विमर्श कर अनेक स्कीमों सुविधाओं को सम्मिलित करने के लिए अनेक योजनाओ की घोषणा और स्कीम सम्मिलित की गई है उनके कहने का सटीक परिणाम हमने आज देख लिया है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे अंतरिम बजट 1 फरवरी 2024 में लोकसभा चुनाव 2024 के दबाव का अंशका प्रभाव नहीं दिखनें को रेखांकित करना जरूरी है। साथियों बात अगर हम 1 फरवरी 2024 को घोषित बजट की मुख्य बातों की करें तो, वित्त मंत्री ने कहा कि इस बजट में हमारा 4 जातियों पर फोकस है। उन्होंने कहा कि महिला, गरीब, युवा और किसान ही हमारे फोकस में हैं। सरकार ने इस बार आयकरदाताओं को कोई राहत नहीं दी है। वित्त मंत्री ने कहा कि टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं होगा। सरकार ने मिडिल क्लास के लिए बड़ा एलान किया है 10 साल पुराना 10 हज़ा ररुपए तक का टैक्स माफ होगा 3 करोड़ और महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का ऐलान। 40 हज़ार रेल बोगी वंदे भारत बोगी में बदलने का ऐलान रिफॉर्म परफॉर्म और ट्रांसफार्म की बातें की गईवित्त मंत्री ने कहा कि सरकार जल्द ही हाउसिंग प्लान लाने की तैयारी में है, जिससे सभी को सस्ता घर मिलेगा। देश में हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी होकर 149 हो गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि देश में 1000 से ज्यादा नए एयरक्राफ्ट का ऑर्डर दिया गया है। सरकार के राज में उद्योगों में महिलाओं की सहभागिता बढ़ी है। वित्त मंत्री ने कहा कि महिलाओं की उद्यमशीलता में 28 प्रतिशत का उछाल आया है। सरकार 3 करोड़ मकानों के लक्ष्य के करीब है और अगले 5 सालों में दो करोड़ अतिरिक्त मकानों का निर्माण कार्य शुरू कर रहे हैं।2025 में बुनियादी ढांचे के लिए बजट बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। घरेलू पर्यटन कोबढ़ावा देने के लिए, लक्षद्वीप सहित हमारे द्वीपों पर पोर्ट कनेक्टिविटी, टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर और फैसिलिटी के लिए परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए राज्यों में कई सुधारों की आवश्यकता है। इन सुधारों में मदद करने के लिए इस वर्ष 50-वर्षीय ब्याज-मुक्त ऋण के रूप में 75,000 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित । देश में तीन प्रमुख रेलवे इकोनॉमिक कॉरिडोर प्रोग्राम लागू किए जाएंगे।ये हैं एनर्जी, मिनरल और सीमेंट कॉरिडोर; पोर्ट कनेक्टिविटी कॉरिडोर और हाई ट्रैफिक डेंसिटी कॉरिडोर। मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी को सक्षम करने के लिए पीएम गति शक्ति के तहत परियोजनाओं की पहचान की गई है।ये रेलवे इकोनॉमिक कॉरिडोर लॉजिस्टिक्स एफिशिएंसी में सुधार करेंगे और लागत कम करेंगे।कृषि क्षेत्र की और वृद्धि के लिए, सरकार फसल कटाई के बाद की गतिविधियों में सार्वजनिक और निजी निवेश को और बढ़ावा देगी। रक्षा उद्देश्यों के लिए डीप-टेक प्रौद्योगिकियों को मजबूत करने और आत्मनिर्भरता में तेजी लाने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी। हमारी सरकार विभिन्न विभागों के तहत मौजूदा अस्पतालों के बुनियादी ढांचे का उपयोग करके अधिक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की योजना बना रही है,इस उद्देश्य के लिए एक समिति गठित की जाएगी।

साथियों बात अगर हम अंतरिम बजट 2024 से आम जनता को जो उम्मीदें थी उसकी करें तो,2024 के अंतरिम बजट में भी सरकार लुभावने ऐलान कर सकती थीं।ऐसा मानने की कई वजहे हैं जिनमें सबसे बड़ी है तेज आर्थिक रफ्तार जिसने सरकार की खर्च करने की गुंजाइश बढ़ा दी है।दूसरा है- सरकार का डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन जो 2023-24 में बजट अनुमान से 1 लाख करोड़ ज्यादा रह सकता है। इसीलिए ही आम जनता को कुछ सुविधाओं की उम्मीद थी, जो इस प्रकार हैं। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली को विशेष रूप से 75 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए योगदान और निकासी पर कर रियायतें बढ़ाकर और अधिक आकर्षक बनाने की उम्मीद थी। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और कर्मचारी भविष्य निधि में कर समानतासरकार दोनों योजनाओं में नियोक्ताओं के योगदान पर समान कर कीघोषणा कर सकती थीं।कृषि ऋण लक्ष्य वृद्धि सरकार

खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और प्रत्येक पात्र किसान को संस्थागत ऋण तक पहुँच प्रदान करने के लिए अगले वित्तीय वर्ष में कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 22-25 लाख करोड़ तक की पर्याप्त वृद्धि की घोषणा कर सकती थीं। पीएलआई योजना विस्तारसरकार


विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहित और रोजगार सृजित करने के लिए पीएलआई योजना के दायरे में परिधान, आभूषण औरहस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों को शामिल कर सकती थी। निजी निवेश को प्रोत्साहन निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार 15 प्रतिशत कॉर्पोरेट कर की दर को नये विनिर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए एक साल बढ़ाकर 31 मार्च, 2025 तक बढ़ा सकती थीं।

साथियों बात अगर हम केंद्रीय वित्त मंत्री के इस छठवें बजट पेश करने के रिकॉर्ड की तुलना अन्य वित्तमंत्रियों से करें तो, वित्त मंत्री एक फरवरी को लगातार छठा बजट पेश किया है। इसके साथ ही उनके नाम कई रिकॉर्ड दर्ज हुए। वह लगातार पांच पूर्ण बजट और एक अंतरिम बजट पेश करने के पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के नाम दर्ज रेकॉर्ड की बराबरी की।

## विचार

# गंभीर समस्या बन रही एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति बढ़ती प्रतिरोधकता

डॉ अरुण मिश्रा




**भारत मानव एंटीबायोटिक उपयोग में विश्व में अग्रणी है। एक लैंसेट अध्ययन के अनुसार, श्एंटीबायोटिक दवाओं का ओवर-द-काउंटर उपयोग, जागरुकता की कमी, डायग्नोस्टिक्स का अपर्याप्त उपयोग, भीड़भाड़, क्रॉस-संक्रमण, फार्मास्यूटिकल्स द्वारा डॉक्टरों का वित्तीय मुआवजा और खराब स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा भी भारत की रोगाणुरोधी प्रतिरोध समस्या को बढ़ाता हैय। एक तरफभारत में दवाओं की ओवर प्रिस्क्रिप्शन है तो दूसरी तरफनियामक प्रणाली बहुत अप्रभावी है।**

भारत के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने डॉक्टरों से कहा है कि वे एंटीबायोटिक दवाओं का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करें और जब भी इस्तेमाल करें तो कारण बतायें। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) अतुल गोयल ने कहा है कि डॉक्टरों को रोगाणुरोधी दवाएं लिखते समय संकेत, कारण और औचित्य अवश्य बताना चाहिए। यह बढ़ते रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) की पृष्ठभूमि में है जो विश्व स्तर पर खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। रोगाणुरोधी प्रतिरोध का मतलब है कि संक्रमण पैदा करने वाले बैक्टीरिया या कवक एंटीबायोटिक या एंटिफंगल उपचार के प्रति प्रतिरोधी हैं। इसलिए यदि अभी इसे रोकने के कदम नहीं उठाये गये तो भविष्य में संक्रमण को नियंत्रित करना मुश्किल हो जायेगा। यदि ऐसा होता है तो विशेषकर विकासशील देशों में जहां संक्रमण दर अधिक है, इसके गंभीर परिणाम होंगे। इस बात के पर्याप्त प्रमाण हैं कि एएमआर के परिणामस्वरूप संक्रमण की रोकथाम और उपचार एक चुनौतीपूर्ण कार्य बनता जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप लंबी बीमारी और मृत्यु का खतरा बढ़ रहा है। आईसीएमआर शोधकर्ता कामिनी वालिया के अनुसार, एएमआर भारत में महामारी का रूप ले रहा है।

19 जनवरी 2024 को द ट्रिब्यून में प्रकाशित समाचार के अनुसार, उनके हवाले से बताया गया कि एंटीबायोटिक दवाओं के विवेकपूर्ण उपयोग की तत्काल सलाह दी जाती है या हम प्री-एंटीबायोटिक युग में वापस आ जायेंगे। एएमआर एक वैश्विक चुनौती का प्रतिनिधित्व करता है। 2019 में मरने वाले 49.5लाख लोग दवा-प्रतिरोधी संक्रमण से पीड़ित थे। एएमआर सीधे तौर पर उनमें से 12.7 लाख मौतों का कारण बना। इनमें से 5 में से एक मौत 5 साल से कम उम्र के बच्चों की हुई। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में दवा-प्रतिरोधी संक्रमणों का अधिक बोझ है। 204 देशों में एएमआर से जुड़ी प्रति 100,000 जनसंख्या पर आयु-मानकीकृत मृत्यु दर के मामले में भारत 145वें स्थान पर है। 2019 में, 297,000 मौतों का कारण, और1,042,500 मौतें सीधे एएमआर से बताई गई। 2019 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एएमआर को सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए शीर्ष दस वैश्विक खतरों में से एक के रूप में चिह्नित किया। भारत मानव एंटीबायोटिक उपयोग में विश्व में अग्रणी है। एक लैंसेट अध्ययन के अनुसार, श्एंटीबायोटिक दवाओं का ओवर-द-काउंटर उपयोग, जागरुकता की कमी, डायग्नोस्टिक्स का अपर्याप्त उपयोग, भीड़भाड़, क्रॉस-संक्रमण, फार्मास्यूटिकल्स द्वारा डॉक्टरों का वित्तीय मुआवजा और खराब स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा भी भारत की रोगाणुरोधी प्रतिरोध समस्या को बढ़ाता हैय। एक तरफ भारत में दवाओं की ओवर प्रिस्क्रिप्शन है तो दूसरी तरफ नियामक प्रणाली बहुत अप्रभावी है। क्षय रोग, एक संचारी रोग के रूप में, एक सतत वैश्विक महामारी है जो वैश्विक मृत्यु दर और रुग्णता के उच्च बोझ के लिए जिम्मेदार है। वैश्विक स्तर पर, अनुमानित 1 करोड़ नये मामलों और लगभग 14लाख मौतों के साथ, टीबी 2019 में रुग्णता और मृत्यु दर के शीर्ष 10 कारणों में से एक के रूप में उभरा है। ग्लोबल टीबी के अनुसार, दुनिया के सभी टीबी मामलों में से 28 फीसदी भारत में हैं। रिपोर्ट 2022 के अनुसार 2021 में 21.3 लाख मामले सामने आये। तपेदिक (टीबी) से निपटने के लिए बजट में वृद्धि के बावजूद, भारत में संक्रामक बीमारी के कारण होने वाली मौतों की अंतरिम अनुमानित संख्या 10 प्रतिशत बढ़ गई, जो 2020 में 500,000 से बढ़कर 2021 में 505,000 हो गई, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा जारी ग्लोबल टीबी रिपोर्ट 2022 में कहा गया है। इसका मतलब है कि प्रतिदिन भारत में टीबी से 1383 मौतें होती हैं। इससे लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ता है और बड़ी रकम खर्च होती है। मृत्यु और विकलांगता के अलावा, एएमआर की महत्वपूर्ण आर्थिक लागतें हैं। विश्व बैंक का अनुमान है कि एएमआर के परिणामस्वरूप 2050 तक अतिरिक्त स्वास्थ्य देखभाल लागत में 1 खरब अमेरिकी डॉलर और इससे 2030 तक प्रति वर्ष सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 1 खरब अमेरिकी डॉलर से 3.4 खरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान हो सकता है।

बीएमजे ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित एक नये अध्ययन में पाया गया है कि प्राथमिकता वाले रोगजनकों से निपटने के लिए मौजूदा टीकों के प्रभावी उपयोग और नये टीकों के निरंतर विकास से हर साल पांच लाख से अधिक लोगों की जानें बचाई जा सकती हैं। यह अध्ययन एएमआर के प्रसार को धीमा करने और रोकने में टीकाकरण सहित निवारक उपायों के महत्व पर प्रकाश डालता है समुचित नीति और विनियमन के माध्यम से इस समस्या से निपटने के लिए विभिन्न दृष्टिकोणों की आवश्यकता है। वैज्ञानिक रूप से एंटीबायोटिक के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा और जागरुकता बेहद जरूरी है। रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एक मान्यता प्राप्त वैश्विक खतरा है। इसलिए इसके प्रभावी प्रबंधन के लिए वैश्विक सहयोगात्मक प्रयासों की भी आवश्यकता है।

## पंजाब की प्रेरक पहल

भारत दुनिया में सड़क हादसों की दृष्टि से बहुत बुरी स्थिति में माना जाता है। हर साल होने वाले साढ़े चार लाख से अधिक सड़क हादसों में प्रति वर्ष डेढ़ लाख से अधिक लोग मारे जाते हैं। वहीं घायलों का आंकड़ा भी साढ़े चार लाख से अधिक है। उसमें उन लोगों की संख्या भी अच्छी-खासी है जो जीवनपर्यंत अपंगता का शिकार हो जाते हैं। दुर्भाग्य से हादसों में मरने व घायल होने वाले लोगों में कामगार व युवा आबादी की संख्या ज्यादा होती है। ऐसे में परिवार के कमाने वाले सदस्य के जाने के बाद पूरा परिवार गरीबी के दलदल में चला जाता है। इस भयावह संकट के मद्देनजर एक कारगर व रचनात्मक पहल पंजाब सरकार की ओर से हुई है। पंजाब सरकार ने हर साल सड़क हादसों में मरने वाले लगभग चार हजार लोगों की जान बचाने के लिये कदम उठाया है। पंजाब की पांच हजार पांच सौ किमी सड़कों पर हादसों को टालने के लिये 144 अत्याधुनिक वाहन तैनात करने का फैसला किया है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने राज्य के बारह जिलों के लिये निगरानी करने वाले 129 हाईटेक वाहनों को हरी झंडी दिखायी। दरअसल, इन वाहनों से उन लोगों पर भी अंकुश लगाया जा सकेगा, जो नियम-कानून तोड़कर हादसों को अंजाम देते हैं। दरअसल, दुर्घटनाओं के मूल में अनियंत्रित गति और नशे में तेज वाहन चलाना ही होता है। इन तैनात वाहनों में स्पीड गन, अल्कोमीटर, मेडिकल किट,ई-चालान मशीन व एआई आधारित स्मार्ट प्रणाली लगी होगी। जो अनियंत्रित यातायात को नियंत्रित करने में सहायक होंगे। दरअसल, एक फरवरी से तैनात होने वाली सड़क सुरक्षा फोर्स की टीम हर जिले की रोड से जुड़ने वाले राजमार्गों पर इंटरसेप्ट करेगी। दरअसल, हर तीस किलोमीटर पर तैनात इन वाहनों में एक प्रशिक्षित टीम तैनात रहेगी। सबसे अच्छी बात यह है कि किसी भी दुर्घटना होने पर ये अत्याधुनिक वाहन घटना स्थल पर पहुंचेंगे और घायलों को तुरंत प्राथमिक उपचार देने के बाद अस्पताल में भर्ती करवाएंगे। निश्चित रूप से सड़क हादसों को रोकने की दिशा में पंजाब की आप सरकार की यह सार्थक पहल है। इस कार्य को संवेदनशील ढंग से संचालित किये जाने के लिये पूर्व ओलंपियन गगन अजीत सिंह को सड़क सुरक्षा फोर्स का एसएसपी नियुक्त किया गया है। निस्संदेह, इस तरह की पहल करने वाला पंजाब देश का अग्रणी राज्य है। यह अच्छी बात है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि कीमती जानें बचाने का यह मेरा सपना साकार हो रहा है। उल्लेखनीय है कि सांसद के रूप में भी मान संसद में सड़क दुर्घटनाओं का मुद्दा अकसर उठाते रहे हैं। इसी सोच के चलते इस अभिनव योजना को अंजाम दिया जा सका। निस्संदेह, हम अकसर सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों को गिनती के रूप में देखते हैं। जिस परिवार का सदस्य बेमौत मारा जाता है उसके दर्द को महसूस नहीं करते। यह विडंबना है कि अकसर लोग दूसरों की लापरवाही से मारे जाते हैं, जिसमें उनका कोई कसूर नहीं होता है। वे न चाहते हुए भी परिवार को जीवन भर का दुख दे जाते हैं। बहरहाल, राज्य शासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सड़क सुरक्षा फोर्स मुस्तैदी से काम करे और उस लीक को तोड़े जिसके लिये अब तक पुलिस की आलोचना सुस्ती के लिये की जाती है। तभी राज्य में हर रोज सड़क दुर्घटना में मरने वाले चौदह लोगों का अनमोल जीवन बचाया जा सकेगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि नये भर्ती किये गए करीब तेरह सौ पुलिसकर्मी अपने कैरियर की शुरुआत जिंदगियां बचाकर शानदार ढंग से करेंगे। दरअसल, मौजूदा 432 पुलिसकर्मियों के साथ आठ घंटे की ड्यूटी में ये सुरक्षाकर्मी 24 घंटे अत्याधुनिक वाहनों में तैनात रहेंगे। उल्लेखनीय है कि सड़क सुरक्षा फोर्स के लिये नये भर्ती जवानों को पुलिस प्रशिक्षण अकादमी कपूरथला में विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। उत्साहवर्धक बात यह है कि वाहन चालकों में 90 महिला पुलिसकर्मी हैं। हालांकि, पंजाब सरकार ने एक लंबी तैयारी के बाद इस सड़क सुरक्षा योजना को अंजाम दिया है।



## राशिफल

**मेषः-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**बृषभः-** मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

**मिथुनः-** आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

**कर्कः-** पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**सिंहः-** मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्य का ध्यान रखें।

**कन्याः-** मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों को भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतण्ररख कर्त्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

**तुलाः-** आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिकः-** आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनुः-** निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मकरः-** मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभः-** अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीनः-** किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# राम नाम सत्य है

सर्वमित्रा सुरजन




**रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी है, लेकिन अभी सत्ता की प्रतिष्ठा और परीक्षा दोनों बाकी है। निहारिका ने खुद को लूजर मान लिया, लेकिन क्या आत्महत्या करने से पहले उसे मोदीजी की परीक्षा पर चर्चा का 7वां एपिसोड नहीं सुन लेना चाहिए था। क्या पता मोदीवाणी सुनकर मन के विचार बदल जाते। मीडिया में तो यही बताया गया है कि पीएम सर ने अपनी मेगा क्लास में परीक्षा में बैठने के गुर बच्चों को बतलाए। उन्हें टाइम मैनेजमेंट से लेकर आने वाली हर चुनौती के लिए तैयार करने को प्रेरित किया। मोदी सर ने बताया कि हमें किसी भी प्रेशर को झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाना चाहिए। दबाव को हमें अपने मन की स्थिति से जीतना जरूरी है। हालांकि इस सीख में कुछ भी नयापन नहीं है। गीता के उपदेश से लेकर जीत आपकी जैसी मोटिवेशनल यानी (तथाकथित) प्रेरणादायी किताबों में ऐसी ही बातें लिखी रहती हैं।**

परीक्षा का दबाव झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाने की सीख देने भर से बच्चे जीवन के तनाव को झेलने के लिए तैयार नहीं हो जाएंगे। उसके लिए उन्हें सकारात्मक माहौल भी बना कर देना पड़ेगा। मगर इस वक्त देश के आम आदमी के हिस्से में निराशा का अंधेरा ही भरा हुआ है। इस अंधेरे को दूर करने के लिए जब कोई उपाय नहीं सूझता तो वह भगवान की शरण में जाता है और यहीं भाजपा लाभ लेने पहुंच जाती है। मम्मी पापा आई कान्ट डू जेईई, सो आई सुसाइड, आई एम लूजर, आई एम वर्स्ट डॉटर, सॉरी मम्मी पापा, यही लास्ट ऑप्शन है। और इन पंक्तियों के साथ ही 19 बरस की निहारिका का संभावनाशील जीवन खत्म हो गया। मां-बाप ने बड़े चाव से नाम रखा होगा कि उनकी बच्ची का जीवन आकाशगंगा की तरह जगमगाता रहेगा। लेकिन केवल 19 साल की उम्र में निहारिका ने अपने जीवन में छाई निराशा को इतना गहन अंधकार समझ लिया कि उसने जीने की जगह मरने का विकल्प चुना। निहारिका ने खुद को लूजर यानी हारा हुआ समझा और उसके बाद अपने मम्मी-पापा को सॉरी कहते हुए बता दिया कि यही लास्ट ऑप्शन है। कोटा में जेईई मेन्स की तैयारी कर रही निहारिका का 30 जनवरी को इम्तिहान था और उससे एक दिन पहले 29 जनवरी को उसने आत्महत्या कर ली। कोचिंग संस्थाओं के गढ़ कोटा में पिछले साल 30 छात्रों ने परीक्षाओं के दबाव और नतीजों के कारण आत्महत्या की है, इस साल अभी दो ही आत्महत्याओं की खबर आई है। निहारिका से पहले 24 जनवरी को एक 18 साल के लड़के ने खुद की जान ले ली थी, उसे नीट की परीक्षा में बैठना था। वैसे बीते एक सप्ताह में देश के अलग-अलग शैक्षणिक संस्थानों में और भी बच्चों ने आत्महत्याएं की हैं, लेकिन अब जवान मौत की खबरें तब तक सुर्खियां नहीं बनतीं, जब तक उनमें कोई सनसनीखेज तथ्य, प्रेम त्रिकोण या एकतरफा प्रेम का कोण नजर नहीं आए। देश के नौजवान निराश होकर मौत को गले क्यों लगा रहे हैं, ऐसे गंभीर सवालों पर चर्चा करने अगर बैठ जाएं तो फिर मंदिर का काम कौन करेगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी है, लेकिन अभी सत्ता की प्रतिष्ठा और परीक्षा दोनों बाकी है। निहारिका ने खुद को लूजर मान लिया, लेकिन क्या आत्महत्या करने से पहले उसे मोदीजी की परीक्षा पर चर्चा का 7वां एपिसोड नहीं सुन लेना चाहिए था। क्या पता मोदीवाणी सुनकर मन के विचार बदल जाते। मीडिया में तो यही बताया गया है कि पीएम सर ने अपनी मेगा क्लास में परीक्षा में बैठने के गुर बच्चों को बतलाए। उन्हें टाइम मैनेजमेंट से लेकर आने वाली हर चुनौती के लिए तैयार करने को प्रेरित किया। मोदी सर ने बताया कि हमें किसी भी प्रेशर को झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाना चाहिए। दबाव को हमें अपने मन की स्थिति से जीतना जरूरी है। हालांकि इस सीख में कुछ भी नयापन नहीं है। गीता के उपदेश से लेकर जीत आपकी जैसी मोटिवेशनल यानी (तथाकथित) प्रेरणादायी किताबों में ऐसी ही बातें लिखी रहती हैं। इन्हें किसी भी किताब की दुकान से खरीदकर बच्चे पढ़ सकते हैं। अगर प्रधानमंत्री लाखों रुपए खर्च करके कोई चर्चा कर रहे हैं, और उसका दो कौड़ी का लाभ न मिले, तो फिर ऐसी परीक्षा पर चर्चा का क्या प्रयोजन। परीक्षा का दबाव झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाने की सीख देने भर से बच्चे जीवन के तनाव को झेलने के लिए तैयार नहीं हो जाएंगे। उसके लिए उन्हें सकारात्मक माहौल भी बना कर देना पड़ेगा। मगर इस वक्त देश के आम आदमी के हिस्से में निराशा का अंधेरा ही भरा हुआ है। इस अंधेरे को दूर करने के लिए जब कोई उपाय नहीं सूझता तो वह भगवान की शरण में जाता है और यहीं भाजपा लाभ लेने पहुंच जाती है। अयोध्या में अगर रोजाना दर्शन के लिए लाखों लोग पहुंच रहे हैं, तो वे महज भक्ति भाव से उमड़ रहे हैं, या उन्हें अपने जीवन की बेहतरी के लिए भगवान का ही सहारा है, इस बात का ईमानदार विश्लेषण और सर्वेक्षण किया जाए, तो शायद कोई नए तथ्य सामने आएं। बहरहाल, प्रधानमंत्री परीक्षा पर चर्चा में उपदेश देने की जगह अगर परीक्षा के दबाव को कम करने की स्थितियां निर्मित करने में अपनी ऊर्जा लगाएं, तो इस देश के करोड़ों बच्चों का जीवन संवर जाएगा। हर साल जेईई की परीक्षा में 12-15 लाख बच्चे औसतन बैठते हैं और इनमें से केवल 50-60 हजार बच्चों के लिए ही स्थान रहता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# बुन्देलखण्ड की परंपरायें, विरासतें, रीति रिवाज धरोहरें विशेष महत्व रखती हैं: गौरीशंकर

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

> हॉट एयर बैलून, योगा, हेरिटेज वॉक, टेथर्ड फ्लाईटस, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बुंदेलखंड गौरव महोत्सव का भव्य शुभारंभ

**पर्यटन विभाग** व संस्कृति विभाग द्वारा जनपद में बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में हॉट एयर बैलून, योगा, हेरिटेज वॉक, टेथर्ड फ्लाईटस, सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य शुभारम्भ राजकीय इंटर कॉलेज उरई प्रांगण में किया गया। महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर अन्य प्रदेशों की उपस्थित लोकप्रिय कलाकारों द्वारा राई लोक नृत्य एवं गायन, उत्तर प्रदेश का नृत्य, लोकप्रिय गायन आदि कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। मंच से नगर की बालिका गौरी नायक ने योगासन कर सभी को हैरत में डाल दिया। इस पर सदर विधायक ने बालिका का उत्साहवर्धन किया।


सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि बुन्देलखण्ड एक बड़े भू-भाग क्षेत्र में विस्तारित है। बुन्देलखण्ड की परम्परायें, विरासतें, रीतिरिवाज एवं धरोहरें स्वयं में विशेष महत्व रखती है, जिनके दर्शनार्थ बुन्देलखण्ड में पर्यटकों का आवागमन होता है। इस क्षेत्र में पर्यटन की संभावना के विकास हेतु मुख्यमंत्री द्वारा बुन्देलखण्ड के 7 जनपदों झांसी, जालौन, ललितपुर, चित्रकूट, हमीरपुर, बांदा और महोबा में बुन्देलखण्ड गौरव




महोत्सव मनाने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्डवासी अत्यन्त सौभाग्यशाली है कि उन्हें बुन्देलखण्ड महोत्सव का प्रत्यक्षदर्शी बनने का अवसर प्राप्त हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि जालौन में बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव का आयोजन जनपदवासियों के लिए अत्यधिक गौरव की बात है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग व सांस्कृतिक विभाग द्वारा आयोजित यह महोत्सव जनपद में 1 व 2 फरवरी तक पर्यटकों को विशेष अनुभव की अनुभूति हेतु आयोजित किया जा रहा है। बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के अन्तर्गत जनपद में राजकीय इंटर कॉलेज उरई प्रांगण में प्रातः हॉट एयर बैलून, योगा एवं कालपी में हैरिटेज वॉक व टेथर्ड फ्लाइट्स कार्यक्रम आयोजित किए गए। उक्त महोत्सव का हिस्सा बनने वालों को हैरिटेज वॉक के दौरान कालपी में प्राचीन मंदिर, गौरवशाली इतिहास जानने का अवसर प्राप्त हुआ, साथ ही हॉट एयर बलून के माध्यम से शहर का विहंगम दृश्य भी देखने को मिला। बुंदेलखंड के गौरवशाली इतिहास, प्राचीन किलों व संस्कृति के बारे में विस्तार से बताया गया, साथ ही हॉट एयर बैलून मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। हॉट एयर बैलून का लोगों ने लुफ्त सुबह व शाम को हॉट एयर बैलून के माध्यम से शहर का दृश्य लोगो को दिखाया गया, लोगो ने इस बैलून में बैठकर शहर को करीब 50 फिट की ऊंचाई से देखा। इस अवसर पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक ईरज राजा, मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी कीर्ति सहित अनेकों अधिकारी उपस्थित रहे।

# खुले जमीन में ट्रांसफॉर्मर दे रहा मौत को दावत

श्रीदत्तगंज, बलरामपुर। समृद्धि न्यूज




**विकास खण्ड** श्रीदत्तगंज में ब्लॉक मुख्यालय पर विद्युत ट्रांसफॉर्मर खुले जमीन के रखे जाने से किसी बड़ी घटना को दावद देने से इनकार नही किया जा सकता है ,बाजार के व्यापारी व नगर वासियो ने उपखंड अधिकारी से ट्रांसफॉर्मर दुरुस्त कराने की मांग की है। बताते चले कि विद्युत विभाग के लापरवाही से खुले जमीन में ट्रांसफॉर्मर रखे जाने से आम लोगो के जान की खतरा आशंका व्यक्त की जा रही है ।खुले ट्रांसफॉर्मर रखने से स्थानीय लोगो व राहगीरों को भी खतरा है श्रीदत्तगंज बाजार के राहुल जायसवाल महंत जितेंद्र वन मोनू दुबे कृपा राम मौर्या अंजनी मिश्रा ने बताया कि कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों से व विद्युत उपखंड अधिकारी से ट्रांसफॉर्मर सही ढंग से रखवाने की मांग किया गया है परंतु अभी तक कोई ठोस कदम विभागीय अधिकारी द्वारा नही उठाया गया है ।उपखण्ड अधिकारी रमेश कुमार मौर्या का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है ट्रांसफॉर्मर को हटवाने का लिखित पत्र भेजा जाएगा जिससे अग्रिम कार्यवाई की जा सके।

## खबरें एक नजर में

### दलित नाबालिग से दुष्कर्म के अभियुक्त को न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास व 1,20,000 रु0 का अर्थदण्ड

**बलरामपुर।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा एक माह में सजा कराए जाने हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित मुकदमों में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार के निर्देशन में निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्तों को सजा कराये जाने के अभियान के क्रम में- दिनांक 12.12.2022 को वादिनी शान्ती देवी पत्नी धनीराम थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर की तहरीरी सूचना के आधार पर कि विपक्षी लखविन्दर सिंह पुत्र कश्मीर सिंह नि0 झील पार्ट पो0 पटियाला थाना त्रिपुरी, पटियाला, पंजाब द्वारा वादिनी की नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाना व दुष्कर्म की घटना कारित करने के सम्बन्ध में आरोपी लखविन्दर सिंह के विरुद्ध थाना रेहरा बाजार पर मु0अ0सं0 234/2022 धारा 363, 366(ए), 376 भा0द0वि0 व 4 पोक्सो एक्ट/3(2)ङ्क एससीएसटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया । अभियोग की विवेचना क्षेत्राधिकारी उदय राज सिंह द्वारा की गयी व आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। न्यायालय में दौराने विचारण अभियोग की पैरवी मॉनीटरिंग सेल की नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव के नेतृत्व में मॉनीटरिंग सेल प्रभारी श्री सर्वेन्द्र नाथ व पवन कुमार वर्मा विशेष लोक अभियोजक (पाक्सो एक्ट) एवं थाना रेहरा बाजार पुलिस के न्या0 पैरोकार द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप न्यायालय स्छ्व/स्पे0 जज पाक्सो कोर्ट बलरामपुर द्वारा धारा 363, 366(ए), 376 भा0द0वि0 व 4 पोक्सो एक्ट/3(2)ङ्क एससीएसटी एक्ट में अभियुक्त लखविन्दर सिंह पुत्र कश्मीर सिंह उपरोक्त को आजीवन कारावास व 1,20,000 रु0 अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

### अखिलेश यादव तीन को बलरामपुर में

**उतरौला/बलरामपुर।** समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री नेता विरोधी दल अखिलेश यादव 3 फरवरी को बलरामपुर में जिले के एक दिवसीय भ्रमण पर हेलीकाप्टर द्वारा आ रहे हैं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बलरामपुर में दिवंगत सपा विधायक पूर्व मंत्री डॉ शिव प्रताप यादव के आवास पर आयोजित शोकसभा में श्रद्धांजलि अर्पित करने उनके निजी आवास पर बलरामपुर में आगमन होगा। दिवंगत सपा विधायक के पुत्र पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व ब्लाक प्रमुख राकेश यादव व परिवार से मुलाकात कर शोक-संतप्त परिवार से मुलाकात करेंगे। उक्त जानकारी सपा नेता आदर्श यादव ने दी।

### मारपीट के मामले में पुलिस ने लिखा मुकदमा

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर।** थाना श्रीदत्तगंज अंतर्गत ग्राम कर्मा में लेंन देन व उधार पैसा मांगने को लेकर दो पक्षो में मार पीट के सबन्ध में पीड़ित अरुण कुमार के तहरीर पर विपक्षी के खिलाफ धारा 323,504,506 आई पी सी व 3 (1)द ध ह्यष/ह्यह्ल ष्ह्ल के तहत कैलाश यादव पुत्र बुधई ,मनीष पुत्र घनश्याम व घनश्याम पुत्र रक्षा राम के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। थानाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने बताया कि थाना छेत्र ग्राम कर्मा में दो पक्षो में लेन देन मामले को लेकर भिड़ंत हो गई पीड़ित अरुण कुमार के तहरीर पर 3 लोगो के खेलाफ मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है ,पुलिस छान बीन में जुट गई है।

### रंजिशन युवक ने युवती के साथ की मारपीट

**जालौन (उरई)।** पुरानी रंजिश को लेकर ग्राम पहाड़पुरा में युवक ने युवती के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफमामला रिपोर्ट दर्ज कर ली। कोतवाली क्षेत्र पहाड़पुरा निवासी वर्षा पुत्री बुद्ध सिंह ने बताया कि दरवाजा लगाने को लेकर पारिवारिक चाचा से विवाद चल रहा है। पुरानी रंजिश को लेकर उनके पारिवारिक चाचा ने उनके साथ गाली गलौज मारपीट कर दी तथा जान से मारने की धमकी दी है। धमकी के कारण युवती डरी हुई है तथा परेशान हैं। युवती के शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।

### युवती से गाली गलौज करने पर युवक के विरुद्ध दर्ज हुआ मुकदमा

**जालौन (उरई)।** युवती के साथ मोहल्ले के ही युवक ने उसके साथ गाली गलौज मारपीट कर दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र संध्या देवी पुत्री अमर सिंह निवासी चिमनदुवे ने बताया कि वह विवाह के पूर्व अपने पड़ोसी युवक योगेन्द्र से बातचीत होती थी। तीन वर्ष तक बातचीत होने के बाद माता-पिता को पता चला तो उन्होंने बात करना बंद करा दी। इसके बाद विवाह हो गया है। विवाह होने के बाद युवक उन्हें परेशान कर रहा है। महिला का आरोप है कि युवक भाई को मारने की धमकी दे रहा है तथा गाली-गलौज कर मारपीट कर दी है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायालय

**कोन ।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा के निकट पर्यवेक्षण में महिला संबंधी अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को कोन पुलिस द्वारा थाने में पंजीकृत धारा 376 (ष्ठ)5त्र/6 पॉक्सो एक्ट तथा 67 आईटी एक्ट संबंधित प्रकरण में संलिप्त एक नफर बाल अपराध अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया तथा दो नफर वांछित अभियुक्त मगरू उर्फ इंसाफ अली पुत्र जुनाव अली निवासी देवाटन तथा मो0 इशहाक पुत्र नजीरूद्दीन निवासी देवाटन को लगभग 8ः15 बजे खेतकटवा चौराहे के समीप से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कोन लक्ष्मण पर्वत सहित वरिष्ठ उप निरीक्षक रविंद्र प्रसाद हेड कांस्टेबल त्रिभुवन प्रसाद कांस्टेबल सचिन यादव तथा कांस्टेबल रमेश कुमार मौजूद रहे ।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने वाटर कूलर का लोकार्पण व नाली का किया शिलान्यास

**चोपन/सोनभद्र।** स्थानीय नगर पंचायत की तरफ से हर वार्डो में नगरवासियों को शुद्ध जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वाटर कूलर स्थापित करने का कार्य चल रहा है जिसमे से कुछ वाटर कूलर को पूर्व में ही नगरवासियों के इस्तमाल के लिए लोकार्पित किया जा चुका है। इसी क्रम में अवकाश नगर में नवनिर्मित वाटर कूलर का गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने वार्डवासियों की उपस्थिति में लोकार्पण कर उन्हें समर्पित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि फिल्टर पानी स्टोरेज 500 लीटर की क्षमता से युक्त यह प्लांट अन्य मौसमों के साथ ही भीषण गर्मी में शीतल पेयजल के रूप में आमजन को राहत देने का काम करेगा। इससे गर्मी के मौसम में नगर के लोगों एवं सड़क पर चलने वाले राहगीरों को शुद्ध ठंडा पेयजल पीने का लाभ मिलेगा।

# रामलाल के दर्शन के लिए भक्तों का जत्था अयोध्या धाम के लिये प्रस्थान

> जनपद में जगह-जगह गूंजने लगे जय श्री राम के उद्घोष

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**अयोध्या में** भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद अब चहुं और भगवान श्री राम के भक्तों में रामलला के दर्शनों के लिए दिनों दिन उत्साह बढ़ गया है आज गुरुवार को भी जिला मुख्यालय से 80 राम भक्तों का एक जत्था अयोध्या के लिए रवाना हुआ। इस दौरान राम भक्तों का उत्साह इस कदर था कि चारों ओर जय श्री राम के नारों से आकाश गूंज उठा।

पिछले दिनों अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि धाम में भव्य तरीके से भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी प्राण प्रतिष्ठा समारोह को टीवी चौनल पर देखने के बाद राम भक्तों में रामलला के भव्य दर्शनों को करने की चाह दिखलाई



देने लगी थी नगर ग्रामीण क्षेत्र हर कहीं राम भक्तों को रामलला के दर्शन करने के लिए उत्साह दिनों दिन पड़ रहा था जैसे ही आम जनता के लिए श्री रामलला के दर्शन किए जाने की अधिकृत सूचनाओं जारी हुई वैसे ही श्री राम भक्त अब अब जल्दी से जल्दी अयोध्या धाम पहुंचने की तैयारी करने लगे हैं तो वहीं आज गुरुवार को नगर के ही एक राम भक्त जाते ने अयोध्या के लिए प्रस्थान कर लिया तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी जगह-जगह रामलीला के दर्शनों का उत्साह लोगों में दिखलाई दे रहा है और रामबाग चाहते हैं कि जल्दी से जल्दी वह अपने आराध्य भगवान श्री राम के बाल स्वरूप बालक राम मूर्ति के प्रत्यक्ष दर्शन कर सुखद आनंद की अनुभूति कर सकें और अपने जीवन को सार्थक बना सकें।

# ग्राम सभा भिठौड़ी पशु आरोग्य मेले का हुआ आयोजन



श्रीदत्तगंज ,बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

**स्थानीय विकास** खण्ड श्रीदत्तगंज क्षेत्र के ग्राम सभा भिठौडी में पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य मेले का शुभारंभ किया गया मेले का शुरुवात ग्राम प्रधान रामनरेश यादव द्वारा गौ पूजन करके फीता काटकर किया गया, मेले में पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा कृत्रिम गर्भाधान एवं पशु बीमारी के बारे में ग्रामीणों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी ,उन्होंने पशुओं को टीकाकरण निः शुल्क कराने को प्रेरित तथा किया तथा पशु पालकों को पशुपालन संबंधी सभी जानकारी मेले में आए हुए पशु पालकों को दी।इस अवसर पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राहुल गौतम पशुधन अधिकारी संजय कुमार पशुमित्र रामराज जयप्रकाश बुद्ध प्रिय रंजीत वर्मा संदीप कुमार व सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# 24 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दो नफर अभियुक्त गिरफ्तार



बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

**पुलिस अधीक्षक** बलरामपुर केशव कुमार द्वारा जनपद बलरामपुर में अवैध मादक पदार्थो की रोकथाम एवं अवैध मादक पदार्थ विक्रेताओं के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा *थानाध्यक्ष श्री अखिलेश कुमार पाण्डेय के कुशल नेतृत्व मे- आज दिनाक 01.02.2024 को थाना को0 जरवा पुलिस टीम द्वारा अभि0 1. नानबाबू पुत्र गनेशी नि0ग्राम धूतकहवा थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर को कुल 12 लीटर अवैध कच्ची शराब व 2. अभि0 लाल जी सिंह पुत्र कल्लू नि0 माधवडीह थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर को कुल 12 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 12/2024 व 13/2024 अंतर्गत धारा 60(1) श्व×ष्ह्ल पंजीकृत कर अभियुक्तगण उपरोक्त को न्यायालय रवाना किया गया।

# अज्ञात शरारती ने मंदिर में घुस हनुमान प्रतिमा को उखाड़ ले गया

> पुलिस ने हनुमानजी की दूसरी मूर्ति की मंदिर में करायी स्थापित

जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज

**घर के** बाहर बने मंदिर में स्थापित मूर्तियों में हनुमानजी की मूर्ति को रात में अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। सूचना मिलते ही कोतवाल, सीओ और एसडीएम मौके पर पहुंचे और चोरी को लेकर जानकारी ली। पुलिस ने उस स्थान पर तत्काल हनुमानजी की नई मूर्ति की स्थापना करा दी है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिरदेशाह गढ़ा निवासी हरनारायण विश्वकर्मा का मकान है। उन्होंने दिसंबर माह में घर के बाहर मंदिर में शंकर परिवार व हनुमानजी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कराई थी। बुधवार की रात वह घर के अंदर सो रहे थे। तभी रात में किसी अज्ञात शरारती तत्व ने मंदिर में घुसकर हनुमानजी की मूर्ति



को उखाड़ लिया और उसे चोरी कर ले गया। सुबह जब गृहस्वामी जागकर मंदिर में पहुंचे तो मूर्ति चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने मोहल्ले के लोगों से जानकारी ली लेकिन कोई कुछ नहीं बता सका। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मंदिर में मूर्ति चोरी होने की सूचना मिलते ही कोतवाल विमलेश कुमार, सीओ रामसिंह व एसडीएम सुशील कुमार मौके पर पहुंच गए और मंदिर का मुआयना कर आसपास के लोगों से जानकारी ली। पुलिस ने आसपास क्षेत्र में मूर्ति की तलाश भी की लेकिन मूर्ति कहीं नहीं मिली। पुलिस ने शांति बनाए रखने के उद्देश्य से वहां हनुमानजी की दूसरी मूर्ति की स्थापना करा दी है। साथ ही गृहस्वामी की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मूर्ति चोरी की रिपोर्ट भी दर्ज कर ली है। इस संदर्भ में सीओ रामसिंह ने बताया कि मूर्ति चोरी की सूचना पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। पुलिस मूर्ति चोृरी करने वालों की तलाश कर रही है। पुलिस आसपास सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाले जा रहे है। जिसने भी यह शरारत की उसे बख्शा नहीं जाएगा।

## 301 कलश व 151 मीटर चुनरी यात्रा का आयोजन 19 को

**जालौन (उरई)।** मां नव दुर्गा नगर सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित 301 कलश एवं 151 मीटर चुनरी यात्रा का आयोजन 19 फरवरी को सुबह 8:00 बजे से बड़ी माता मंदिर प्रांगण से अकोढ़ी दुबे महागौरी मां कामांक्षा देवी मंदिर के लिए पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। संरक्षक शैलेंद्र सिंह राजावत व अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह यादव ने बताया कि बताया कि मां नवदुर्गा नगर सेवा समिति प्रतिवर्ष चुनरी यात्रा का आयोजन करती है। मां कामांक्षा देवी मंदिर पर चुनरी चढ़ाने के बाद भंडारे की भी व्यवस्था की जाएगी। जिसमें भक्तों को प्रसाद का वितरण किया जाएगा। उन्होंने माता के भक्तों से चुनरी यात्रा में मौजूद रहने की अपील की है। इसके अलावा उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जिन महिलाओं को कलश उपलब्ध नहीं हो पाए है वह नगर के बड़ी माता मंदिर में अपनी कलश की रसीद प्राप्त कर लें।

**जिम्मेदार कौन** | प्राण प्रतिष्ठा के दिन मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में बाजार बंद रहा इसका जिम्मेदार कौनःसीओ

# नगर का साम्प्रदायिक माहौल दुरुस्त रखना सबकी जिम्मेदारीः एसडीएम

> अगर अब माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया तो होगी कड़ी कार्रवाई

कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**गुरुवार को** कोतवाली में शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ जिसमें नगर के साम्प्रदायिक सौहार्द को दुरुस्त बनाये रखने पर चर्चा हुई।

विदित हो कि विगत कुछ दिनों से नगर में कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इस तरह के विभिन्न मामलों को लेकर प्रशासन को परेशान होना पड़ा था इतना ही नहीं अभी भी प्रशासन सतर्क है और संवेदनशील स्थलों पर अभी भी पुलिस बल तैनात है। इसी बात से चिन्तित प्रशासन ने गुरुवार को एसडीएम हेमन्त पटेल व सीओ डा. देवेन्द्र पचौरी की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक का



आयोजन हुआ। इस दौरान उप जिलाधिकारी ने मौजूद जिम्मेदार नागरिकों से कहा कि समाज का साम्प्रदायिक माहौल दुरुस्त रखना सबकी जिम्मेदारी है। वही सीओ ने शांति समिति के सदस्यों को आगाह किया कि फेटो खिंचवाने से सामाजिक सौहार्द नहीं बनेगा बल्कि इसके लिए जिम्मेदारी निभानी होगी इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में बाजार बंद रहा इसका कौन जिम्मेदार था। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर अब माहौल बिगड़ा तो कड़ी कार्यवाही होगी। बैठक के दौरान कोतवाली प्रभारी कामता प्रसाद, ने कहा कि इससे नगर की आम सोहरत खराब होती है और इसका खामियाजा आमजनता को भोगना पड़ेगा। इस मौके पर अतिरिक्त निरीक्षक मुहम्मद अशरफ पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव, पूर्व पालिका अध्यक्ष कमर अहमद, रामकुमार तिवारी, नीलाभ शुक्ला, राकेश पुरवार रामप्रकाश पुरवार, सभासद सुनील पटवा, इकवाल अहमद, रिजवान लाला, रियाजुल, दिनेश, विनोद, सहित वडी संख्या में जागरूक लोग मौजूद रहे।

# एसपी ने खोये मोबाइल बरामद कर मालिकों को किए वितरित

**उरई (जालौन)।** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने पत्रकारों को बताया कि यह बेहद खुशी की बात है कि पिछले दिनों लोगों के गायब हुए 101 मोबाइल फोन को साइबर क्राइम की टीम नें बरामद करने में सफलता प्राप्त की थी। बरामद हुये मोबाइलों की कीमत 19 लाख रुपए बतायी जा रही है। इन्हें आज सभी मोबाइल मालिकों को उन्हें वापस दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पहले भी साइबर क्राइम की पुलिस बड़े पैमाने पर मोबाइल फोन को बरामद कर उनके मालिकों को उनके माध्यम से दिलवा चुकी है। मोबाइल वापस पाने पर लोगों के चेहरे खुशी से खिल गए। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा में बताया कि उनकी कीमत करीब 19 लाख रुपए है। जिसमें खोये हुये मोबाईल मालिक मनोज कुमार यादव, श्याम बोहदपुरा, दीपू क्योंलारी को पुलिस अधीक्षक नें मोबाईल स्वामियों को मोबाईल सुपुर्द किया। मोबाइलों को बरामद कराने वाली टीम में साइबर क्राइम थाना प्रभारी संजय सिंह, एस आई विपिन सिंह, साइबर एक्सपर्ट वीर विक्रम सिंह मौजूद रहे।



## कार्यालय ग्राम पंचायत खण्डौली वि0ख0 राजेपुर, फर्रुखाबाद

पत्रांकःमीमो/ग्रा0पं0/स्वच्छ भारत मिशन/एस.एल.डब्लू.एम. योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2023-24 दिनांक 29/01/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

स्वच्छ भारत मिशन/एस0एल0डब्लू0एम0 योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2023-24 अन्तर्गत ग्राम पंचायत खण्डौली की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 30/01/2024 से दिनांक 05/02/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 05/02/2024 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | ग्राम पंचायत में आरआरसी सेंटर में मिट्टी व वाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य | मिट्टी, ईट, सीमेन्ट, मौरम आदि | 4.18 लाख | 2 प्रतिशत | 500 | 15 दिन |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

(हरेन्द्र सिंह सोमवंशी) ग्रा0पं0 खण्डौली, राजेपुर (राजीव सुमन)

# डीजे की अध्यक्षता में हुई रिव्यू ट्रायल कमेटी की बैठक

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

▸ जनपद न्यायालय के मीटिंग हॉल में आयोजित हुई बैठक में विचाराधीन बंदियों के विषय में हुई चर्चा, दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश



**अपर जनपद** न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष लोकेश वरूण की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय की मीटिंग हाल में अण्डर टॉयल रिव्यू कमेटी की बैठक आहूत की गयी। बैठक में डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला, एसपी अमित कुमार आनन्द व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल तथा जेल अधीक्षक विजय कुमार रहे। बैठक में जेल अधीक्षक ने ऐसे 02 विचाराधीन बंदियों का विवरण प्रस्तुत किया, जो कारित अपराध की अधिकतम सजा की आधी अवधि व्यतीत कर चुके हैं। समिति के सदस्यों द्वारा उक्त दोनों विचाराधीन बंदियों के मामलों का अवलोकन कर संबंधित न्यायालय में उक्त विचारधीन बंदियों की रिहाई हेतु आवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। अधीक्षक द्वारा एक ऐसे बंदी का विवरण प्रस्तुत किया गया जिसकी जमानत न्यायालय द्वारा स्वीकार की जा चुकी थी, लेकिन उसकी आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण जमानतदार दाखिल करने में असमर्थ था, जिस पर समिति द्वारा सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि उच्चतम न्यायालय के दिशा निर्देशो के अनुपालन में इसे व्यक्तिगत बंधपत्र पर छोड़ा जाए। व्यक्तिगत बंधपत्र छोड़े जाने के लिए सम्बंधित न्यायालय को निर्देशित किया गया, जिसके उपरांत सम्बन्धित न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा उक्त बन्दी को व्यक्तिगत बंधपत्र पर छोड़े जाने के लिए आदेश पारित किया गया, जिससे कि वह बाहर निकल कर 30 दिन के अन्दर अपने जमानतदार स्वयं दाखिल कर सके। इसके अलावा छिबरामऊ तहसील सभागार में प्रवासी मजदूरों के विषय पर कानूनी जानकारी के सम्बन्ध में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन अपर जिला जज एवं प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल की देख रेख में किया गया। उक्त शिविर में पराविधिक स्वयं सेवक सीमा बानो ने महिला एवं पुरूष एवं महिला कामगारों को समान पारिश्रमिक अधिनियम 1978 के अंतर्गत महिला एवं पुरूष कामगारों को समान कार्य के लिये समान वेतन दिये जाने के प्रावधान से जागरूक किया। श्रमिकों को यह भी बताया कि सेवा योजक द्वारा समस्त श्रमिकों से संबंधित अभिलेखा यथा महिला एवं पुरुष कामगारों के पृथक से रखे जाने का प्रावधान है। महिला एवं पुरूष कामगारों के लिये पृथक-पृथक शौचालय की व्यवस्था कार्यस्थल पर रखना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त यह भी बताया गया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रवासी कामगारों के लिये विभिन्न योजनाए संचालित की गयी है। इसके अलावा निर्माण श्रमिकों के लिये उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य का निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। बताया गया कि असंगठित क्षेत्र के प्रत्येक मजदूर का श्रम विभाग में पंजीकरण कराया जाना आवश्यक है, जिससे यह योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके। पंजीकरण के लिए आवश्यक है कि श्रमिक की ओर से पिछले वर्ष कम से कम 10 दिन श्रमिक के रूप में कार्य किया हो। यह पंजीकरण तीन वर्षों के लिए मान्य है। पंजीकरण के पश्चात मजदूर को राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पेंशन बच्चों की पढ़ाई लड़की की शादी मकान निर्माण इत्यादि के बारे में बताया गया।

# बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को बचाने का चुनाव है: अरविंद सिंह यादव



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**सपा सुप्रीमो** निर्देशानुसार पीडीए पखवाड़ा विधानसभा में ग्राम सभा रकरा प्रेमपुर हरकरनपुर नगला पट्टीया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छिबरामऊ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने कहा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को बचाने का चुनाव है आने वाली पीढ़ी के भविष्य को बचाने का चुनाव है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता के लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकार छीन रही है समाजवादी पार्टी पीडीए को एकजुट कर रही है लोकसभा चुनाव में पीडीए ही भाजपा की एनडीए हरायेगा किसान का हाल बेदहाल है रात भर खेतों को रखा कर किसान परेशान है इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रताप सिंह यादव विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल बृजपाल सिंह शाक्य रवि यादव पूर्व महासचिव प्रभाकर उर्फ़ बोबी शाक्य प्रधान देवेंद्र सिंह पूर्व प्रधान अशोक यादव अमित गुप्ता करण सिंह राजपूत अंकुर सिंह मीडिया प्रभारी कमलेश प्रधान लखन सिंह यादव सत्यप्रकाशशिवमंगल शिवनाथ सिंह मैजूद रहे।

# रेलवे स्टेशन स्थापना दिवस पर केक काटकर गिनाई उपलब्धियां

▸ नागरिकों ने उठाई प्लेटफार्म दो पर टिकट खिड़की व निकास की मांग

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**



कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण व ज्ञापन देते नागरिक समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज रेलवे** स्टेशन का 143 वां स्थापना दिवस पर क्षेत्रीय रेल परामर्श दात्री सदस्य एवं रेलवे स्टेशन परामर्श दात्री सदस्य सहित सहायक वाणिज्य प्रबंधक ने संयुक्त रूप से केक काटकर मनाया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से दूरगामी ट्रेनों पर यात्रा करके राजस्व बढाये जाने पर बल दिया। वहीं सभासद सहित नागरिकों ने ज्ञापन सौंपकर प्लेटफार्म दो पर टिकट खिडकी व निकास दिये जानें की मांग की।

गुरुवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन पर आयोजित स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय रेल परामर्शदात्री समिति के सदस्य राजेश कुमार शर्मा उर्फ राज, इज्जतनगर मंडल के सहायक वाणिज्य प्रबंधक ईश्वर सिंह राणा; रेलवे स्टेशन परामर्शदात्री के सदस्य अनुराग गुप्ता ने केक काटनें के उपरान्त कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जनहित में अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन का कायाकल्प कर विकसित किया जा रहा है। उन्होनें नागरिकों को स्वच्छता अपनानें व दूसरों को प्रेरित करने की बात कही। कार्यकम के समापन पर क्षेत्रीय रेल परामर्श दात्री सदस्य एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक को सभासद मैनुददीन उर्फ भूरा, पूर्व सभासद प्रतिनिधि मो. नफीस सहित नागरिकों नें ज्ञापन सौपनें के उपरान्त कहा कि प्लेटफार्म दो पर करीब 28 ग्रामों के लोग टेऊन द्वारा आवागमन करते हैं। बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण होनें से मार्ग बंद हो गया है जिसके कारण दो किलोमीटर घूम कर जाना पडता है। उन्होनें प्लेटफार्म दो पर टिकटघर व रास्ता खुलवाये जाने की मांग की है। इस दौरान आदित्य वर्मा; पंकज दुबे; राजेश दिवाकर सहित मंडल वाणिज्य निरीक्षक, कन्नौज राजकुमार वर्मा; मुख्य वाणिज्य अधीक्षक, गुरसहायगंज योगेन्द्र कुमार सहित भाजपा नेता संजीव गुप्ता उर्फ संजू, संतोष चतुर्वेदी, भूरा कठेरिया, गंगा सिंह कुशवाहा, मनोज गुप्ता, अनिल चौरसिया, चंदन चौरसिया, जितेंद्र दोहरे, दीपक गौड़, राजा तिवारी, दिनेश गुप्ता, अंकित गुप्ता व रेल कर्मी मौजूद रहे।

# हेल्थ क्लीनिक का पूर्व विधायक, चेयरमैन प्रतिनिधि ने फीता काटकर उद्घाटन किया



**समधन, समृद्धि न्यूज़।** पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने नगर पंचायत समधन में पहुंचकर चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी के साथ अरबाज प्रायमरी हेल्थ क्लीनिक का फीता काटकर उद्घाटन किया। समधन नगर की मुख्य सड़क पर अरबाज प्रायमरी हेल्थ क्लीनिक पर पहुंचकर गुरुवार को पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी व समधन चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी ने फीता काटकर लोकार्पण करने के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर व क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने में हेल्थ क्लीनिक के डॉक्टर अरबाज खान मील का पत्थर साबित होगे इस अवसर पर डाक्टर एम खान,मो0 चांद,चुनने खां, मानू खान आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## चोरी गयी एक अदद साइकिल को बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

**तालग्राम छिबरामऊ कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के मार्ग निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी देवेश कुमार के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 राममनोज द्विवेदी मय हमराह हे0का0 जयशंकर पटेल ,का0 सचिन व का0 अंकुश द्वारा अभियुक्त आकाश उर्फ छोटे पुत्र रामआसरे खटीक उम्र करीब 20 वर्ष नि0 अमोलर थाना तालग्राम जनपद कन्नौज को त्वरित कार्यवाही करते हुये मय चोरी गयी एक अदद साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोतरी कर अभियुक्त को जेल भेजा।

## भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की बैठक कर संगठन का विस्तार किया गया

**छिबरामऊ कन्नौज।** भाजपा नगर कार्यालय में भाजपा युवा मोर्चा की बैठक संपन्न हुई जिसमें संगठन का विस्तार किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष आनंद गुप्ता ने कहा कि किसी भी संगठन के लिए युवा रीड होता है युवाओं के जोश के सहारे आगामी लोकसभा का चुनाव भारी बहुमत से जीत जाएगा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का कार्य युवा ही करेगा नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा अतुल वर्मा ने संगठन का विस्तार करते हुए नगर महामंत्री अभिषेक त्रिपाठी नगर उपाध्यक्ष शिवम दुबे नगर मंत्री विकास दीक्षित कोषाध्यक्ष श्यामवीर गुप्ता कार्यालय प्रभारी सोमदेव शाक्य मीडिया प्रभारी आयुष वर्मा एवं नगर कार्य समिति सदस्य अमित दिवाकर को नियुक्त किया इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष दिलीप गुप्ता जी प्रवीण आदि लोग उपस्थित रहे।

## वे मौसम बारिश होने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** पूरे जनवरी माह के अंत तक जहां एक ओर सर्दी ने आम जनमानस का हाल वे हाल कर?? रख दिया बीता बुधवार को सुबह से धूप निकली जिससे आम जनमानस को सर्दी से काफी राहत मिली देर रात मौसम ने करवट ली और गुरुवार सुबह तड़के तेज हवाएं चली हवा के साथ-साथ काफी देर तक बारिश हुई बारिश को देख किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई देने लगी। दोपहर में फिर बारिश हुई वे मौसम बारिश से एक तरफ सर्दी भी बड़ गई। किसानों ने बताया कि इस समय बे मौसम बारिश होने से खेतों में तैयार हो रही आलू फसल की वेल धूप निकलते ही जल्द खत्म होने लगेगी इस बारिश से आलू किसानों को काफी चिंता हो रही है कि अगर ज्यादा बारिश होगी तो खेतों में पानी भरने से आलू खराब होने लगेगा वहीं किसानों ने यह भी बताया कि खेतों में तैयार हो रही सरसों की फसल को भी इस बारिश से नुकसान होगा और जिन लोगों के खेत में गेहूं की फसल तैयार हो रही है उन लोगों को इस बारिश में काफी फायदा पहुंचेगा।

## दौड़ प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** एंपावर इंडिया वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर डुंडबा बुजुर्ग के तत्वाधान में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लड़का वर्ग के लिए 400 मीटर की दौड़ एवं लंबी कूद जबकि लड़कियों के लिए 200 मीटर की दौड़ एवं खो-खो प्रतियोगिताएं शामिल थी। गुरुवार को आयोजित खेल प्रतियोगिता में लड़कों की दौड़ में ग्यारह प्रतिभागी एवं लंबी कूद में आठ थे। जिसमें से दौड़ में प्रथम स्थान फैसल, दूसरा स्थान बिरजू व तीसरा स्थान रोहित पाल ने प्राप्त किया। वहीं लंबी कूद में प्रथम स्थान रोहित पाल, द्वितीय स्थान फैसल, तृतीय स्थान उमर ने प्राप्त किया। लड़कियों की दौड़ में दस प्रतिभागी व खो-खो में आठ प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें दौड़ में प्रथम स्थान अर्शी ने प्राप्त किया दूसरे स्थान पर अनम व तीसरे स्थान पर जैनब रहीं। खो-खो प्रतियोगिता में कप्तान अर्शी की टीम विजई रही। विजेताओं को संस्था के अध्यक्ष एमके खान चरफकोऑर्डिनेटर सुनील वर्मा एवं कोऑर्डिनेटर गुलाम रब्बानी ने पुरस्कार वितरित कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन मो. शादाब खान द्वारा किया गया। इस दौरान नगर व क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जिले में तैनात तीन अधिशाषी अधिकारियों का गैर जनपद हुआ तबादला

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जिले में तैनात तीन अधिशाषी अधिकारियों का गैर जनपद तबादला होने की जानकारी मिली है। नगर पालिका परिषद कन्नौज की ईओ नीलम चौधरी अब बाँदा नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी होंगी उनके स्थान पर सुल्तानपुर से शामेंद्र मोहन चौधरी को भेजा गया है। गुरसहायगंज की अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह अब कुशीनगर जिले की हाटा नगर पालिका परिषद की ईओ होंगी उनका स्थान बागपत की खेकड़ा नगर पालिका परिषद के ईओ अनिल कुमार पंडित लेंगे, जबकि तिर्वा नगर पंचायत के ईओ उमेश कुमार सिंह को इटावा जिले की इकदिल नगर पंचायत भेजा गया है उनका स्थान हरदोई की कुरसठ नगर पंचायत से आ रही देवांशी दीक्षित लेंगी।

## दोष सिद्ध बंदी की बीमारी के चलते मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला कारागार में आजीवन सजा काट रहे दोष सिद्ध बंदी की बीमारी के चलते मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार सिद्ध दोष बंदी बादाम सिंह बहेलिया पुत्र बंशी उम्र 79 वर्ष निवासी रामपुर थाना कायमगंज का निवासी था। उसे 28 फरवरी 2017 को थाना कम्पिल में दर्ज मु0अ0सं0 322/1992 धारा 302 व 364/34 आई.पी.सी. में न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनवाई गई थी। जिसका मुकदमा थाना कम्पिल में दर्ज है। बंदी फेफड़ो व डायबिटीज की गम्भीर बीमारी से ग्रसित चल रहा था। दिनांक 31 जनवरी को तबियत अधिक खराब होने पर उसे लोहिया अस्पताल में लाया गया था। जहां जहां के दौरान चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## लाखों के जेवरात व नगदी चोरों ने की पार, मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात व नगदी चोरी कर लेने के मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र बंधौआ निवासी अजीत कुमार पुत्र नन्हे लाल ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसके पिता का 30 जनवरी को स्वर्गवास हो गया। उनके अंतिम संस्कार करने के बाद रात्रि को घर पर आया और पुराने घर पर ही लेट गया। नये घर पर ताला लगा था। जिसका ताला तोड़कर चोरों ने चोरी कर ली।

# गौरी क्रिकेट टूर्नामेंट का पूर्व विधायक ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**समधन, समृद्धि न्यूज़**



**गुरुवार को** दारासराय कालोनी ग्राउंड में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने फीता काटकर उद्घाटन किया इसके बाद पहला मैच तिर्वा व फरिकापुर टीम के बीच खेला गया। टूर्नामेंट आयोजन में पहुंचे पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी का आयोजकों ने फूल मालाऐं पहनाकर जोरदार स्वागत किया इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान अर्थ युग में हर कोई पैसे की ओर भाग रहा है शारीरिक स्वास्थ्य का भी हम सभी को ध्यान रखना चाहिए खेलकूद युवाओं में शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ बौद्धिक क्षमता का भी विकास करते हैं। इससे पूर्व ग्राउंड पर पहुंचकर ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने दोनों टीमों तिर्वा व फरिकापुर टीम के खिलाड़ियों से परिचय कर हौसला अफजाई की गई इस अवसर पर टूर्नामेंट कमेंटी के अध्यक्ष नफीस खान, अब्दुल्ला खान,नदीम,शीरु खां के अलावा अकील खान, मुजफ्फर खान, शान मोहम्मद,करिया,मानू खान, मुजम्मिल उर्फ कबूतर,रुकसाद पहलवान, सीमा आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# बेमौसम बरसात से आलू किसान चिंतित

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**



खेतों में पड़ा किसान का आलू समृद्धि न्यूज

**रुक-रुककर हो** रही बेमौसम बरसात से आलू किसान काफी चिंतित नजर आ रहा है, क्योंकि सबसे ज्यादा नुकसान आलू किसानों को ही होगा। वहीं ज्यादा बरसात होने पर गेहूं व सरसों की फसल को भी नुकसान पहुंच सकता है।

जानकारी के अनुसार बीती रात से रुक-रुककर हो रही बेमौसम बरसात से अन्नदाता चिंतित नजर आ रहा है। किसानों का कहना है कि इस बरसात से आलू की फसल को भारी नुकसान पहुंचेगा। कई लोगों का तो आलू खेतों में खुदा पड़ा है। जिससे अब अन्नदाता की मुश्किलें बढ़ती दिखाई दे रही हैं। वहीं कई किसानों का कहना है कि यदि सामान्य बरसात होती है तो गेहूं की फसल को लाभ है। यदि बरसात का मौसम ज्यादा बिगड़ गया, तो गेहूं की फसल को भी नुकसान होने से कोई रोक नहीं पाएगा। वही सरसों की फसल को भी नुकसान पहुंचने की प्रबल संभावना है। जिससे अन्नदाता के माथे पर चिंता की लकीरें देखी जा रही हैं। क्षेत्र के ग्राम जाार नगर, बरतल, नगला बाराग, नगला जोधा, डभऊआ, दुर्गा नगला, जोगापुर, नगला बेग, हमीरपुर आदि कई गांवों को देखा गया। जिसमें हर अन्नदाता के मुंह पर एक ही बात है कि भगवान भला करें बे मौसम बरसात इतने से ही रुक जाए, नहीं तो अन्नदाता को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

## कम दहेज मिलने पर विवाहिता को दिया तलाक

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराली जनों द्वारा विवाहिता के साथ अभद्रता व मारपीट करने सहित तलाक दिए जाने के मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गवार लगाई है। क्षेत्र के ग्राम बिलंदपुर निवासी नगमा पत्नी वाशिब द्वारा पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि उसकी शादी वासिब पुत्र नन्हे के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराली जनों पति वासिब, सास नसीमा, ससुर नन्हे, ननंद सकीना, जेठ खालिद, देवर गरीबुल एवं नसीबुल ने अतिरिक्त दहेज में कार की मांग करते हुए शारीरिक मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। उसके द्वारा असमर्थता जताने पर उक्तगणों ने 25 जनवरी को उक्तगण में गाली गलौज करते हुए लात घूसों व डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और ससुराली जनों ने उसके पति वसिब से तलाक दिलवा कर जबरिया घर से पहने हुए कपड़ों में निकाल दिया।

# विशाल किसान पंचायत की रणनीति बनाई



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**भारतीय किसान** यूनियन (अवधेश) की विशाल किसान पंचायत 1 फरवरी गुरुवार को दोपहर 1 बजे से गंगोत्री गैलेक्सी गेस्ट हाउस में होगी। वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक में इसे सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने कहा सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता दोपहर 1 बजे विशुनगढ़ रोड स्थित लिटिल स्टार मैरिज होम में एकत्र होंगे। यहां से सभी एक साथ गंगोत्री गेस्ट हाउस के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां मयंक गुप्ता हनी की अध्यक्षता में विशाल किसान पंचायत होगी। इसमें किसानों के हित में आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने कहा हमारा संगठन सबसे अधिक लोकप्रिय है जो किसानों की समस्याओं के लिए समर्पित है। इसमें सदस्यता के लिए किसी तरह का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद गुप्ता ने कहा अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपनी ताकत का एहसास कराएं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता के संचालन में हुई बैठक में राष्ट्रीय संरक्षक अटल प्रकाश चतुर्वेदी, राजपाल सिंह चौहान, राष्ट्रीय महामंत्री अविनाश सक्सेना, राष्ट्रीय सचिव शुभम उर्फ पल्ली पांडेय व सनी खान, प्रदेश संयुक्त सचिव ज्ञान प्रकाश वर्मा, प्रदेश सचिव राम जी तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष गोपाल दुबे, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह पाल, जिला उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ नवी मुकुंद, तहसील उपाध्यक्ष मनीष कमल, तहसील उपाध्यक्ष सर्वेश मिश्रा व ब्लॉक उपाध्यक्ष जयदीप कश्यप सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## किशोरी को ले जाने के मामले में युवक पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**किशोरी को** बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरुकर दी। कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला ग्रानगंज निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस से शिकायत कर बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री 28 जनवरी को शाम के समय घर से अपनी दुकान पर जाने के लिए निकली थी, लेकिन वह नहीं पहुंची। काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इस दौरान मोहल्ले के ही एक युवक ने बताया कि अभिषेक कुमार उर्फ गोरा पुत्र राजेश कुमार निवासी मानपुर हरी थाना बेवर जनपद मैनपुरी जो बुआ के यहां रह रहा था। उसी की ओर इशारा किया। जब उसके घर जाकर पता किया तो वह भी गायब था। उसी पर मुझे शक है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अभिषेक उर्फ गोरा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# न्यायालय के फैसले के बाद पुलिस एलर्ट, धर्मस्थलों की बढ़ायी सुरक्षा



पीस कमेटी की बैठक करते थाना अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा तथा कस्बे के संभ्रात व्यक्ति समृद्धि न्यूज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**न्यायालय के** फैसले के बाद उच्च अधिकारियों के निर्देशन में थाना अध्यक्ष ने पीस कमेटी की बैठक बुलायी तथा धर्मस्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज में उच्च अधिकारियों के निर्देशन में न्यायालय का फैसला आने के बाद थाना अध्यक्ष ने पीस कमेटी की बैठक बुलायी। जिसमें सभी धर्म गुरुओं को आमंत्रित किया गया। वहीं थाना अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने सभी धर्म गुरुओं से अपील कर कहा कि वह सभी लोग न्यायालय का सम्मान करें। न्यायालय के आदेश का सम्मान करना सभी के हित में अच्छी बात है। ऐसे ही कई बिंदुओं पर थाना अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने धर्म गुरुओं से वार्ता की तथा सभी को सौहार्दपूर्ण तरह से रहने की अपील की। उन्होंने धार्मिक स्थलों की भी सुरक्षा बढ़ाई। सुबह से ही थाना पुलिस की गाड़ियां गांव-गांव में सभी धर्मस्थलों के पास पहुंची और उनकी सुरक्षा की जानकारी की।

# फरियादियों की शिकायत पर शीघ्र होगा निस्तारण, नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर: डीएम

- मेड़बंदी के मुकदमों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के दिये निर्देश
- निरीक्षण के दौरान सभी विभागों को समय से कार्य करने की दी नसीहत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



अधीनस्थों के साथ निरीक्षण करते नवागंतुक जिलाधिकारी बी.के.सिंह

**नवागन्तुक जिलाधिकारी** बी.के.सिंह ने गुरुवार को कार्यभार ग्रहण करते ही वह एक्शन में दिखायी दिये। कलेक्ट्रेट से संबंधित सभी विभागों का निरीक्षण किया और सभी को निर्देशित किया कि जो जिस पटल पर है वह अपना कार्य पूर्ण रखे और किसी प्रकार की कोई शिकायत यदि बाद में मुझे मिली, तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही होगी।

डीएम ने नजारत, असलाह पटल, बंदोबस्त कार्यालय, एडीएम कार्यालय सहित विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों के दफ्तरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्यालय का भी निरीक्षण किया और निर्देश दिये कि जो जिस सीट पर है वह अपना काम पूरा करे। उप जिलाधिकारी सदर न्यायालय का डीएम ने निरीक्षण किया। न्यायालय में कुर्सियों समेत बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिये। एसडीएम सदर के न्यायालय में डीएम ने पेशकार से लंबित मुकदमों की जानकारी ली। पेशकार ने बताया की कुल 648 मुकदमें लंबित है। 210 मामले मेड़बंदी से संबंधित हैं। डीएम ने एसडीएम सदर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को मेड़बंदी से संबंधित मुकदमों के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के निर्देश दिये। वहीं जिलाधिकारीर ने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। युवा मतदाताओं के संदर्भ में भी उन्होंने जानकारी की कि अभी तक कितने नये युवा मतदाता जोड़े गये हैं। कर्मचारियों ने बताया कि प्रति बूथ 15 नए मतदाता बनाने का लक्ष्य मिला है। डीएम ने कहा कि यहां पर तैनात सभी कर्मचारी बेहतरीन ढंग से काम करें। सिर्फ कंप्यूटर खोलकर न बैठें, अगर कोई भी लापरवाही मिली तो कड़ी कार्रवाई की जायेगी। एडीएम में निर्वाचन कार्यालय में हुई विगत समय में घटना के संबंध में भी डीएम को दी जानकारी। निरीक्षण के दौरान एसडीए कोर्ट के बाहर खड़े कई फरियादियों से आने का कारण पूछा, तो कई पीड़ितों ने बताया कि जमीन से संबंधित मामला न्यायालय में है। उसी के संबंध में आये है। एक फरियादी ने बताया कि साहब मेरी मेड़बंदी का मामला है। कई बार आये, लेकिन कोई कार्य नहीं हुआ। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि इनके कार्य को देखें और उसका निस्तारण करायें। इस मौके पर एडीएम, सीडीओ, एसडीएम, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## शांतिपूर्ण मतदान कराना मेरी पहली प्राथमिकता: जिलाधिकारी



वार्ता करते डीएम

**फर्रुखाबाद।** नवागंतुक जिलाधिकारी बी.के. सिंह ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि अब किसी भी फरियादी को मुख्यालय के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। वह 2013 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। शासन की मंशा के अनुरूप जन कल्याण कारी योजनाओं का बेहतर ढंग से लागू कराने की बात कही। आने वाले चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को पहली प्राथमिकता बतायी। लचर स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार करने के जिलाधिकारी ने निर्देश दिये। तहसील स्तर पर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो। फर्जी निस्तारण के सवाल पर डीएम ने कहा की अगर ऐसे मामले सामने आएंगे तो कार्यवाही अवश्य होगी। शहर में अतिक्रमण के चलते जाम की समस्या के सवाल पर बोले इसका जल्द समाधान होगा। महा योजना 2031 पर आई 4000 से अधिक आपत्तियों के सवाल पर डीएम ने कहा कि दिखवाते हैं।

# डॉ. वीरेंद्र सिंह यादव हुए सेवानिवृत्त डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव बोले भावुक कर देने वाला क्षण



डॉ0 वीरेंद्र सिंह यादव को सम्मानित करते संस्था के चेयरमैन डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव — समृद्धि न्यूज

- केक काटकर दी गयी विदाई, वर्ष 2006 से दे रहे थे आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज को सेवायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मेजर एस.डी.** सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में अपनी सेवायें दे रहे डॉ0 वीरेंद्र सिंह यादव के सेवानिवृत्त होने पर साथी डाक्टरों व संस्थान के चेयरमैन ने विदाई देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। जानकारी के अनुसार मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में डॉ0 वीरेंद्र सिंह यादव ने वर्ष 2006 में ज्वाइनिंग की थी। आज उनके सेवानिवृत्त होने पर साथी डाक्टर व संस्था के चेयरमैन डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने भावभीनी विदाई दी तथा सम्मानित किया। इस मौके पर चेयरमैन डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत ही भावुक कर देने वाला क्षण है, क्योंकि मैंने कभी सोचा ही नहीं था कि डॉ0 वीरेंद्र सिह यादव कभी हमें और हमारे संस्थान को छोड़कर जायेंगे। हमें यह लगता था कि हम एक परिवार की तरह हमेशा साथ रहेंगे, परन्तु निरन्तर रुप से आगे बढ़ते रहने का नाम ही जीवन है। हमें कुछ पाने के लिए हमेशा ही कुछ न कुछ पीछे छोड़ना होता है। डॉ0 वीरेंद्र सिंह अद्भुत प्रतिभा के धनी व्यक्ति हैं। उनका व्यक्तित्व बहुत ही आकर्षण और उच्चकोटि का है। वह हमेशा ही अपने जूनियर और सीनियर की मदद करते या उनसे हंसी मजाक करते नजर आते थे। मुझे लगता है कि वह आगे भी ऐसे ही करते रहेंगे। इसी के साथ हम उनके स्वास्थ्य और उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इस मौके पर डॉ0 मुकेश विश्वकर्मा, अनूप कुमार आदि मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## जानलेवा हमले में दो युवकों को दो-दो वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** धारदार हथियार से हमला करने के मामले में दो युवकों को दोषी करार देते हुए अपर जिला जज विशेष एससी/एसटी न्यायाधीश महेंद्र सिंह ने राजा उर्फ रेहान पुत्र कमर अली निवासी मोहल्ला भीकमपुरा व विकास यादव पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी खंदिया थाना मऊदरवाजा को दोषी करार देते हुए दो वर्ष का कारावास व 16 हजार -16 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। बीते चार वर्षो पूर्व थाना मऊदरवाजा के मोहल्ला भीकमपुरा निवासी विजय वाल्मीकि पुत्र रामदास ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि 22 जून 2020 को शाम लगभग 8 बजे विकास यादव, अजहर, राजा, आकाश यादव आदि लोगो ने मेरे भांजे अर्जुन वाल्मीकि निवासी कानपुर जो कि लॉकडाउन के चलते हमारे ही घर पर था जिसको इन लोगो ने तेज धारदार हथियार से हत्या के इरादे से हमला कर दिया था। जिससे मेरा भांजा गम्भीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने विकास, अजहर, राजा के विरूद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अशोक कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश ने विकास, राजा उर्फ मोहम्मद, रेहान को दोषी करार देते हुए दो वर्ष का कारावास 16 हजार-16 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## करंट का शिकार हुई बकरी, बचाने में बालिका झुलसी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** उक्त कहावत उस समय चरितार्थ हो गई जब बिजली के खुले पड़े तारों की चपेट में आने से बकरी चिपक गई और बकरी को बचाने गई किशोरी भी करंट का शिकार हो गयी। मौके पर मौजूद लोगों ने लाठी-डंडों के सहारे किशोरी तथा बकरी की जान बचाई। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव रजलामई निवासी बबलू सक्सेना की 12 वर्षीय पुत्री खुशबू गुरुवार की सुबह मंदिर के निकट जानवरों को चरा रही थी। यही पर टूटी पड़ी एलटी लाइन के तार जिसमे जानवर चिपक गए। जानवरो की चीख सुन खुशबू ने दौड़कर लाठी-डंडों के सहारे बचाने और छुड़ाने की कोशिश की। इसी दौरान खुशबू भी करंट का शिकार हो गई। जब मुहल्ले के लोगो ने यह नजारा देखा, तो सनसनी फैल गई। लोगों ने हिम्मत का परिचय देकर लाठी-डंडों के सहारे जैसे तैसे बालिका तथा बकरी को बचाया। बताते हैं करंट के कारण बालिका बेहोश थी। जिसे मुहल्ले के लोगो ने होश में लाने की कोशिश की। बाद में परिजनों ने यही के एक चिकित्सक को दिखाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बालिका को घर भेज दिया गया। बताते हैं गांव में एलटी विद्युत लाइनों के स्थान पर बंच केबिल लगाई गई थी। वहीं दो तार जो टूटे पड़े थे को एक तरफ बांध दिया गया था, लेकिन अचानक रिमझिम बरसात होने के कारण तारों में करंट आ गया।

## पाक्सो एक्ट के मामले में दो युवकों को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने प्रभाकर पुत्र रामकुमार राजपूत, हरवेंद्र पुत्र जंग सिंह राजपूत निवासीगण सिलसण्डा मेरापुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास व शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक के लिए दण्डित किया। बीते वर्ष थाना मेरापुर क्षेत्र की निवासी एक युवती ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया था कि मेरी 17 वर्षीय पुत्री 25 जून 2023 को शाम के समय खेत में शौंच करने गयी हुई थी। घर वापस आते समय पहले से घात लगाए हुए प्रभाकर, हरवेंद्र ने जबरदस्ती पकड़कर ज्वार के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया था और उसका मोबाइल से वीडियो बना लिया था। किसी तरह मौके से भागकर पुत्री ने घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायधीश सुमित प्रेमी ने प्रभाकर, हरवेंद्र को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास और दोनों आरोपियों को 60 हजार-60 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# प्यार की हुई जीत, वैवाहिक बंधन में बंधे प्रेमी प्रेमिका

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**



वैवाहिक बंधन में बंधते प्रेमी युगल — समृद्धि न्यूज

**एक बार** फिर प्यार की जीत हुई और मां बाप को झुकना ही पड़ा। जानकारी के अनुसार सुरभि पुत्री अवधेश निवासी बिल्सड़ पुवाया थाना राजा का रामपुर जनपद एटा और आशीष पुत्र अवधेश निवासी ग्राम रसीदपुर पोस्ट बरखेड़ा थाना कम्पिल का आपस में प्रेम प्रसंग पिछले लगभग 1 वर्ष से चल रहा था। दोनों की फोन पर बातचीत होती थी। पिछले कुछ दिनों पूर्व लड़की के घरवालों को इस बात की जानकारी हुई। लड़की के घरवालों ने लड़की से आपत्ति जताई कि वह आशीष से फोन पर बात ना करें और मारापीटा। लड़की के शैक्षिक कागजात हाईस्कूल, इंटर एवं ग्रेजुएट के कागज परिजनों द्वारा जला दिए गए। लड़की ने इसकी शिकायत 1090 महिला हेल्पलाइन पर की। जिस राजा का रामपुर पुलिस एक्शन में आई और परिजनों को समझाया। जिससे लड़की के परिजन लड़की को लेकर 30 जनवरी को लड़के के घर पर आए। जहां पर लड़के के मां-बाप और लड़का दिल्ली में प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। परिजनों ने लड़की को लड़के के घर के बाहर छोड़ दिया। फोन पर लड़के ने अपने ताऊ को फोन करके लड़की को अपने घर पर ले जाने को कहा और वह दिल्ली से घर आया। इसके बाद लड़के के परिजन लड़की को लेकर थाना कंपिल पहुंचे। थाना प्रभारी एवं परिजन द्वारा शादी की बात कही गयी। इसके बाद 31 जनवरी को ग्राम रसीदपुर में आशीष और सुरभि की शादी बड़ी ही धूमधाम से लड़के के परिजनों ने कराई। इसमें लड़की के घर से कोई नहीं आया।

## अनियंत्रित कार की टक्कर से 12 वर्षीय किशोर घायल

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम उलियापुर निवासी आयुष पुत्र अवधेश कुमार उर्फ भूरे उम्र 12 वर्ष को एक कार के चालक ने उस वक्त टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया जब किशोर घर के सामने खड़ा था। फर्रुखाबाद से कायमगंज की ओर जा रही एक कार के चालक ने लापरवाही से चलाकर किशोर को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख पुकार सुनकर मोहल्ले के लोगों ने कार चालक को रोकने की कोशिश की, तो घबराया कार चालक मौके से कार लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना डायल 112 नंबर पर पुलिस को दी गई। साथ ही कार चालक के फैजबाग की ओर भागने की जानकारी दी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस की दोनों गाड़ियों ने पीछा किया। फैजबाग में कार को रोक लिया गया। पुलिस ने आरोपी कार चालक को कार सहित थाने भेज दिया।

## अधेड़ महिला की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गगा दरवाजा निवासी कुन्ती उम्र 45 वर्षीय पत्नी सुशील कुमार की हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी में लेकर आये। जहाँ डाक्टर अमरेश कुमार ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# हथकड़ी सहित भागे गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी को दस माह का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**पुलिस अभिरक्षा** से गैंगस्टर एक्ट के फरार अभियुक्त द्वारा दायर की गई अपील को स्वीकार करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय/विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र कृष्ण कुमार ने पूर्व में सुनाई गयी सजा में कुछ संशोधन करते हुए पूर्व में दिए गए दंड को यथावत रखा है।

वर्ष 23 जुलाई 2010 को गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त कन्हैया लाल उर्फ कालीचरण नट पुत्र राम सिंह निवासी अदउली हथियापुर थाना मऊदरवाजा को कानपुर अदालत में पेशी करने के बाद एटा के लिए वापस ले जाते समय मथुरा छपरा एक्सप्रेस ट्रेन कायमगंज रेलवे स्टेशन पर जब रुकी तो अभियुक्त कन्हैया लाल उर्फ कालीचरण हथकड़ी रस्सी सहित गाड़ी से उतरते समय फरार हो गया था। सिपाही बने सिंह की तहरीर पर अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। जिस समय यह घटना घटी उस समय सिपाही अनुज कुमार, वीरेश कुमार भी साथ में मौजूद थे। इसी मामले में अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय/विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र कृष्ण कुमार ने अभियुक्त कन्हैया लाल को 19 जुलाई 2022 को दोषी करार देते हुए एक वर्ष के साधारण कारावास में 2 हजार रुपये के अर्थ दंड की सजा से दंडित किया था। जिस पर उसके द्वारा अपील की गई। जिसकी सुनवाई के पश्चात दंडित करने के आदेश को संशोधित करते हुए अभियुक्त को 10 माह के साधारण कारावास की सजा से दंडित किया व पूर्व में लगाये अर्थदंड 2 हजार रुपये को यथावत रखा।

# चोरों ने 14 लाख की नगदी तथा लाखों के जेवर उड़ाये

- पीड़ित ने सिपाही तथा उसके सिपाही भाई के खिलाफ दी तहरीर
- चोरी की घटना के बाद घर में विवाह की खुशियां हुई काफूर
- पुलिस मौके पर पहुंचकर की जांच, पुलिस ने कहा मामला संदिग्ध

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**



घटना की जानकारी देते गृहस्वामी — समृद्धि न्यूज

**थाना क्षेत्र** के ग्राम खुड़िना खार निवासी शिवराज सिंह गंगवार पुत्र लालमन के घर उस वक्त चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया जब घर के सदस्य अपने-अपने कमरों के अंदर सो रहे थे। बताया गया है चोर जीने के सहारे घर के अंदर दाखिल हुए तथा पहले कमरे के ताले तोड़े और बाद में संदूक तथा बक्से आदि तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी के बाद घर परिवार में हड़कंप मच गया। पीड़ित के अनुसार चोर 14 लाख रुपए की नगदी तथा सोने चांदी के आभूषण चुरा ले गए। घटना की जानकारी होने ग्रामीणों की भीड़ लग गई। चोरी की घटना को लेकर पीड़ित ने एक पुलिसकर्मी जो वर्तमान में कायमगंज कोतवाली में तैनात है तथा सिपाही के भाई के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। घटना को लेकर पीड़ित शिवराज सिंह गंगवार की पुत्री भावना गंगवार पत्नी राजीव गंगवार निवासी कुइयांधीर थाना शमशाबाद ने बताया उसके भाई आशीष कुमार का विवाह होना सुनिश्चित हुआ था। विवाह की तैयारियां जोरशोर से चल रही थीं। तैयारियों के मद्देनजर घर की गोदाम में रखा लगभग पांच लाख का गेहूं भी विक्रय किया गया था। कुल मिलाकर 14 लाख रुपए की नगदी तथा सोने चांदी के जेवरात रखे थे। पीड़ित की पुत्री ने यह भी बताया कायमगंज कोतवाली में तैनात सिपाही नकुल भाटी से उसके भाई की दोस्ती थी और दोस्ती के चलते घर आना जाना था। उन्होंने यह भी बताया घर में रखे पैसे की जानकारी दोनों को थी। मगर घर परिवार के लोग अनभिज्ञ थे। दो दिन के अंदर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। पीड़ित ने दोनों आरोपियों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। तहरीर मं ग्राम अद्दूपुर का भी जिक्र किया गया। पीड़ित की तहरीर के बाद हरकत में आई शमशाबाद थाना पुलिस ने मौके की जांच पड़ताल की। इस दौरान महिलाओं ने सिपाही नकुल भाटी तथा उसके सिपाही भाई अंकुश भाटी पर चोरी के आरोप लगाए। आशीष की शादी आगामी 6 फरवरी को होनी है।

# मुकदमे में वांछित तीन अभियुक्त चोरी के तीन मोबाइल व बाइक सहित गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



पुलिस हिरासत में अभियुक्त — समृद्धि न्यूज

**पुलिस अधीक्षक** विकास कुमार के मार्गदर्शन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 11/24 धारा 392 भादवि बनाम दो अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध पंजीकृत अभियोग का खुलासा करते हुए 03 नफर अभियुक्तगण करन पुत्र बलवीर निवासी तकीपुर कोतवाली मोहम्मदाबाद, अंकित पुत्र हंसराज निवासी मोहल्ला टिकोरन पूर्वा ठठिया थाना ठठिया जनपद कन्नौज, सुमित उर्फ बाँबी पुत्र मनोज निवासी अम्बेडकर नगर तकीपुर कोतवाली मोहम्मदाबाद को चोरी के 03 मल्टीमीडिया मोबाइल व 01 मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। बताते चलें कि कोतवाली मोहम्मदाबाद पर दिनांक 28 जनवरी को पीड़ित दीपांशू कुमार पुत्र हरिओम निवासी कटिन्ना मानिकपुर कोतवाली मोहम्मदाबाद उपरोक्त मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। विवेचना के क्रम में दिनांक 1 फरवरी 2024 को वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया गया। अभियोग उपरोक्त में धारा 411,120 बी भादवि की बढ़ोत्तरी करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगण ने पूछताछ में बताया कि हम लोग मोहम्मदाबाद व आसपास के क्षेत्रों में मोबाइल से रास्ते में बात करने वाले राहगीरों से मोबाइल छीन लेते थे तथा सुमित उर्फ बॉबी से मोबाइल का लॉक खुलवाकर अनजान व्यक्तियों को सस्ते दामो में बेच देते थे। अभियुक्त करन के विरुद्ध मोहम्मदाबाद में 02 मुकदमे, अंकित के विरुद्ध फतेहगढ़ में 02 व थाना ठठिया जनपद कन्नौज में 01 मुकदमा दर्ज है, जबकि सुमित उर्फ बाँबी पर एक उपरोक्त मुकदमा दर्ज किया गया है। अभियुक्तगणों को प्र0नि0 मनोज कुमार भाटी, नि0अ0 निर्भयचन्द्र, व0उ0नि0 नरेन्द्र सिंह, उ0नि0 सूर्यप्रकाश उपाध्याय, हे0का0 अनिल कुमार, का0 सौरभ कुमार, का0 शोभित चौहान, का0 गुलाम गौस का नाम शामिल है।

**बैठक** | जिलाधिकारी ने अधीनस्थों के साथ की परिचय बैठक, दिये आवश्यक निर्देश

# सभी अधिकारियों की जाँच ऐसी हो कि प्रथम जाँच ही अंतिम जाँच हो: डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



अधिकारियों के साथ बैठक करते नवागंतुक जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**नवागंतुक जिलाधिकारी** डॉ0 बी0के0 सिंह कलेक्ट्रेट सभागार में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ एक परिचय बैठक आहूत की। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि आई0जी0आर0एस0 की शिकायतों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप सम्यक नियमानुसार व पारदर्शी हों। शिकायतकर्ता को उसकी शिकायत के निस्तारण की जानकारी उपलब्ध कराई जाये। शिकायतकर्ता यदि जाँच अधिकारी की जाँच से संतुष्ट नहीं है तो उसकी जाँच उच्चाधिकारी द्वारा की जाये। यदि फिर भी शिकायतकर्ता जाँच से संतुष्ट नहीं है तो जाँच आख्या में उसका कारण दर्ज कराया जाये। सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये गये कि तहसील में जनसुनवाई में समय से बैठें व कोर्ट में भी समयानुसार बैठें। पैमाइश मे वादों का निस्तारण सही एवं समयान्तर्गत किया जाये। जनता के साथ विनम्र व्यवहार करें। सभी सूचनायें समयान्तर्गत भिजवाना सुनिश्चित करें। निर्वाचन के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। सभी अधिकारियों की जाँच ऐसी हो कि प्रथम जाँच ही अंतिम जाँच हो। कार्यालयों की साफ-सफाई समुचित रखें। कार्यालयों के सभी रिकॉर्ड दुरूस्त कर लिये जायें। किसी भी विभाग की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिये। सभी अधिकारी कार्यालय से बाहर जाने पर मूवमेंट रजिस्टर में अंकित करें एवं सभी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करें। जिलाधिकारी ने कहा कि वह जल्द ही सभी विभागों का आकस्मिक निरीक्षण करेंगे। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि जिले की सभी सीएचसी/पीएचसी का निरीक्षण कर तीन दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अस्पताल में किसी भी मरीज को बाहर की दवा न लिखी जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी सहित सभी उप जिलाधिकारी, सभी तहसीलदार व संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बल्ला टूटकर लगने से मजदूर की मौत



जांच करते डॉ0 अभिषेक चतुर्वेदी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मैच खेलने के दौरान अचानक बल्ला टूटकर मजदूर के सीने में जा लगा। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ अनतौरा बड़ा गाँव निवासी 26 वर्षीय मुकेश पुत्र गोपी अहिरवार अपने 13 साथियों के साथ लगभग एक माह पूर्व मजदूरी करने आया था। वर्तमान में वह ताजपुर के निकट नाली निर्माण में मजदूरी कर रहा था। उसी के पास कुछ युवक मैच खेल रहे थे। अचानक बल्ला टूटकर मजदूरी कर रहे मुकेश के सीने में लग गया। जिससे मुकेश मौके पर ही गिर गया। परिजन उसे लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉ0 अभिषेक चतुर्वेदी नें उसे मृत घोषित कर दिया।

# इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव न होने से लोगों में निराशाः अविनाश दुबे

- इस बजट से एनपीएस कर्मचारियों को बहुत उम्मीद थीः ज्ञान प्रकाश
- इस बजट से देश की स्थिति मजबूत होगीः मुकेश गुप्ता
- चुनावी बजट होने के बाबजूद लोगों की आकांक्षाओं पर खरा नहीं उतरा बजटः राजकिशोर



मुकेश गुप्ता, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, अविनाश दुबे, मयंक गुप्ता, संतोष दुबे, राजकिशोर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**केंद्रीय वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा अंतरिम बजट पेश किया गया। जिस पर लोगों ने अपनी प्रतिक्रियायें दी है। इस वर्ष का बजट खास नहीं रहा, ऐसी प्रतिक्रियायें आयी है। वहीं कुछ लोगों ने बजट को सही बताया है। सेवानिवृत्त बैंक कर्मी/भाजपा नेता एवं व्यापार मण्ड के जिला मंत्री व मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता ने बताया कि हमारे देश की वित्त मंत्री द्वारा जो अंतरिम बजट पेश किया गया। इसमें देश की कनेक्टिविटी सुधारने पर और भारत के बॉन्ड मार्केट को और अच्छी स्थिति में लाने के लिए विशेष फोकस किया गया है। इससे हमारे देश की आर्थिक स्थिति काफी मजबूत होगी और हमारे देश में टूरिज्म में भी भारी बढ़ोतरी होगी। विकसित भारत की कल्पना को साकार करने के लिए जरूरी कनेक्टिविटी सुधार के अंतर्गत रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर पर ज्यादा वरीयता देते हुए भारतीय रेलवे को ज्यादा मॉर्डिनाइज करके ग्लोबल स्टैंडर्ड पर लाना जरूरी है। इसलिए इस बजट में 40000 साधारण रेलवे बोगियों को वंदे भारत के स्टैंडर्ड में बदलने और नए शहरों में मेट्रो रेल की सुविधा बढ़ाने का कदम दोनों ही मिलकर इस कार्य में पॉजिटिव भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 2 करोड़ और नए घर बनाने का लक्ष्य बेघर गरीबों के लिए एक वरदान साबित होगा। इस प्रकार यह अंतरिम बजट भारत की इकोनॉमी को तेज गति प्रदान करने वाला साबित होगा। रस्तोगी इंटर कालेज के इतिहास प्रवक्ता व पेंशन बचाओ मंच के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि सरकार के अंतरिम बजट में सरकारी कर्मचारियों को कोई राहत नहीं दी गई है। आयकर स्लेब में कोई बदलाव नहीं किया गया। एनपीएस कर्मचारी जो बजट से बहुत उम्मीद लगाये बैठे थे कि एनपीएस में गारंटीड रिटर्न या निश्चित पेंशन की घोषणा सरकार कर सकती है, ऐसा नहीं किया गया है। कोई नई घोषणायें भी नहीं की गई है। इस प्रकार लगता है कि सरकार निश्चित ही पुनः वापसी होगी, ऐसा बजट से प्रतीत होता है। आयकर व जीएसटी अधिवक्ता अविनाश दुबे ने बताया कि इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव न होने से निराशा है, लेकिन 2009 से 10 तक की अवधि के लिए 25 हजार और 2014 व 2015 अवधि तक के लिए 10 हजार तक की प्रत्यक्ष मांगों को वापस लेने से काफी राहत मिलेगी। सेंट्रल बैंक कर्मी व यूपी बैंक एम्प्लॉयज यूनियन के संयुक्त मंत्री मयंक गुप्ता ने बताया कि केंद्रीय अंतरिम बजट में वित्त मंत्री ने आवास, बॉन्ड्स मार्केट, टूरिज्म और स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों पर विशेष वरीयता दी है। भारतीय बॉन्ड्स मार्केट को ज्यादा विकसित करने से पूरे विश्व में भारत की इकोनॉमी एक अच्छे स्थान पर होगी। नए मेडिकल कालेजों की स्थापना से भारतीय जनता को अपने नजदीक ही काफी कम समय में अच्छी चिकित्सा सुविधा कम पैसों में उपलब्ध होगी। भारत एक कृषि प्रधान देश है, इसलिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के द्वारा किसानों की आय बढ़ाने का प्रयास भी एक प्रशंसनीय कदम है। जैसा कि यह अंतरिम बजट था, इसलिए यह पूरी उम्मीद थी कि टैक्स रेट में किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। रेलवे के लिए ज्यादा बजट आवंटित करके यात्रियों को पहले से ज्यादा सुविधाजनक और सुरक्षा सहित रेलवे यात्रा उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि सरकार अगर पुरानी पेंशन बहाल करती तो कर्मचारियों के हित में उनका एक साहसी कदम होता। क्रिश्चियन इंटर कालेज के शिक्षक व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष संतोष दुबे ने बताया कि बजट 2024-25 प्रदेश के लाखों शिक्षक तथा कर्मचारियों को सरकार से बहुत उम्मीद थी। सरकार ने इस बजट में टैक्स स्लैब के दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया और ना ही पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा की गई। हम सभी को उम्मीद थी कि कम से कम कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में निश्चित धनराशि देनी चाहिए थी, लेकिन ऐसी कोई भी घोषणा बजट में नहीं हुई। यह बजट शिक्षक कर्मचारियों के लिए संतोषजनक नहीं है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने कहा कि कर्मचारियों और शिक्षकों को आयकर छूट की बड़ी उम्मीद थी, लेकिन बजट से उन्हें निराशा हुई। गृहिणी सीमा, गिरिजा, ज्योति, अंजू, रश्मि, राजो, रेनू ने कहा कि बजट में मंहगाई कम नहीं हुई। तेल, घी, दालों और सब्जियों की मंहगाई के कारण रसोई का बजट मुश्किल हो रहा है। भाजपा शासित मध्यप्रदेश, राजस्थान आदि प्रदेशों में गैस सिलेंडर सस्ता दिया जा रहा है। शिक्षा बहुत मंहगी है, जिससे बच्चों को पढ़ाना दूबर हो रहा है। सरकार दावा करती है जीएसटी की वसूली में जबरदस्त उछाल आ रहा है और आयकर जमा करने वालों संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई फिर भी बेरोजगारों, किसानों, कर्मचारियों और गृहणियों को बजट में निराशा हुई।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष की अपील पीडीए जन पंचायत के तहत पहुंचायेः राजेन्द्र कुमार गौतम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज




बैठक को सम्बोधित करते विधायक राजेन्द्र कुमार गौतम — समृद्धि न्यूज

**आवास विकास** स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला कार्यकारणी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। लोकसभा के प्रभारी विधायक राजेंद्र कुमार गौतम ने जनपद के नेताओं के समक्ष आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर अपने सुझाव साझा किए। विधायक राजेंद्र कुमार ने कहा कि हमें अपनी समस्त बूथ कमेटियों को दुरुस्त करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पीडीए जन पंचायत के तहत हमें जन-जन तक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अपील को पहुंचाना है। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि हमारे सभी पदाधिकारियों में जबरजस्त क्षमता है और लोकसभा का प्रत्याशी घोषित किया जा चुका है। वह सभी पदाधिकारी नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपील करते हैं कि सभी लोग अपनी पार्टी को मजबूत करने के लिए लग जाएं। सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल शरद शरण ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष की नीतियों और उनकी सोच का कोई जोड़ नहीं है, बस हमें यह बात जनता तक पहुंचानी है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर, सुमित शाक्य, रमेश चंद्र कठेरिया, नागेंद्र शाक्य, शशांक सक्सेना, इलियास मंसूरी, उदय प्रताप उर्फ भोला यादव, नरेंद्र सिंह यादव, चंद्रेश राजपूत, सुलक्षणा सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर रवि यादव, नीलम सिंह चौहान, विशाल यादव, जितेंद्र यादव सिरौली, अजय यादव, अश्विनी यादव, रफी अहमद अंसारी, निजाम अंसारी, ईश्वर दयाल, शिव शंकर शर्मा, मीडिया प्रभारी विवेक यादव आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलायी गई एल्बेंडाजोल टेबलेट



एल्बेंडाजोल की टेबलेट खाते लोग — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में आंगनबाड़ी मेमवती, आशा कार्यकर्ता रामदेवी, नोडल शिक्षक योगेन्द्र कुमार की देखरेख में कृमि नाशक दवा खिलाई गई। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बच्चों को दाल रोटी खिलाने के बाद गोली चवा-चवाकर खाने और पानी के साथ टेबलेट लेने का तरीका बताया। टेबलेट साल में दो बार खिलाई जाती है। इससे पूर्व अगस्त में बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाई थी। उन्होंने बताया कि छूटे हुए बच्चों को पांच फरवरी को पुनः दवा खिलाई जायेगी। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ के अलावा मेमवती, राम बेटी, शबनम, कामिनी, आशा, उमा, खेतल सिंह आदि ने भी टेबलेट खाई।

## खबरें एक नजर में

### सेंट एंथोनी स्कूल में साइबर सेफ्टी सिक्योरिटी एण्ड हाइजीन सेमीनार सम्पन्न



कार्यक्रम में मौजूद ब्रिगेडियर पीवीएस संधू व फादर सीजू जॉर्ज आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेंट एंथोनी स्कूल द्वारा साइबर सेफ्टी सिक्योरिटी एंड हाइजीन पर सेमिनार का आयोजन हुआ। डिजिटल डाइट का शुद्ध होना बहुत जरूरी है। आज 11 साल से लेकर 15 साल के बच्चों के बीच डिजिटल डाइट बहुत ही खराब तरीके से उनके ब्रेन में पहुंच रही है। ऐसे उदगार रचित टंडन विश्व प्रसिद्ध साइबर क्राइम सेफ्टी साइबर हाइजीन विशेषज्ञ ने आरआरसी थिएटर में रखें आज लगभग 100 से अधिक सैन्य अधिकारियों और 400 से अधिक बच्चों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारे नवयुवक बच्चों का दिमाग एक डिजिटल स्लैब की तरह बनता जा रहा है। उन्होंने कि गार्बेज इन गार्बेज आउट मतलब खराब डालोगे तो खराब ही पैदा होगा, इसलिए हमें अपने बच्चों को साइबर क्राइम साइबर सेफ्टी और साइबर हाइजीन के बारे में अवेयर करना है। किसी भी लिंक पर हमको रिस्पांस नहीं देना है किसी भी ऐसे अननोन अप को हमें डाउनलोड भी नहीं करना है और आपके साथ अगर कोई ऐसी घटना घट गई है तो आपको तुरंत साइबर सेल को इन्फॉर्म करना है। आजकल साइबर क्राइम का सबसे बड़ा खतरा पोर्न साइट व गेम्स के द्वारा हो रहा है, इसलिए हमें अपने बच्चों को गेम व मोबाइल देते समय बहुत ही सावधानी बरतनी चाहिए। हमको अपने ईमेल अकाउंट, व्हाट्सएप, फेसबुक सभी में डबल सिक्योरिटी फीचर का इस्तेमाल करना चाहिए। सेमिनार में ब्रिगेडियर पीवीएस संधू कमांडेंट आरसी, फादर सीजू जॉर्ज प्रिंसिपल सेंट एंथोनी स्कूल तथा अन्य विद्यालयों के साइबर एक्सपर्ट उपस्थित रहे।

### फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन के 143 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया गया स्थापना दिवस



केक काटकर स्थापना दिवस मनाते सदस्यगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल पर फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन के 143 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस स्टेशन महोत्सव के रूप में मनाया गया। पूर्वोत्तर रेलवे के क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य जितेंद्र सिंह एवं संजीव कुमार गुप्ता तथा इज्जतनगर मंडल के मंडल रेल परामर्शदात्री समिति के सदस्य विपिन बिहारी सक्सेना ने केक काटा। इज्जतनगर मंडल द्वारा एक भव्य फिल्म प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसमें फर्रुखाबाद का संक्षिप्त इतिहास, स्टेशन का परिचय, रेलवे स्टेशन पर वर्तमान में यात्री सुख-सुविधाओं एवं अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। रेलवे स्टेशन पर स्टेशन परामर्श समिति के सदस्य शैलेंद्र भदौरिया, अनिल श्रीवास्तव, राजकुमार वर्मा एवं नरेंद्र आर्या मौजूद रहे। मंडल वाणिज्य प्रबंधक आशीष त्रिपाठी ने बताया कि 143 वर्ष पूर्व यानी 1 फरवरी 1881 को फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन अस्तित्व में आया था। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत किए जा रहे पुनर्विकास के कार्यों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

### एससी/एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमित कठेरिया व अमृतपुर विधानसभा सचिव बनेअजय यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष की संस्तुति पर एससी/एसटी प्रकोष्ठ का अमित कठेरिया को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी कार्यालय में चन्द्रपाल यादव ने विधायक राजेन्द्र कुमार गौतम की उपस्थित में उनका स्वागत किया गया। साथ ही अजय यादव को अमृतपुर विधानसभा का सचिव मनोनित किया गया। विधायक ने अजय यादव को मनोनयन पत्र सौंपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव सुभाष शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।

# यज्ञ मनुष्य के आत्मकल्याण का सर्वोत्तम साधन हैः संदीप आर्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेला रामनगरिया के वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण शिविर में प्रातः काल वर्षा की रिमझिम फुहारों के बीच भी यज्ञ किया गया। कल्पवासियों ने बड़ी ही श्रद्धा के साथ पवित्र यज्ञ में आहुतियां देकर सुख संवृद्धि की कामना की। आचार्य संदीप आर्य ने वैदिक ऋचाओं से यज्ञ संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि यज्ञ मनुष्य के आत्मकल्याण का सर्वोत्तम साधन है। यज्ञमय जीवन जीकर ही मनुष्य इस भवसागर से पार हो सकता है। मुनष्य का शरीर जीवात्मा को ईश्वर की साधना के लिये प्राप्त हुआ है। परन्तु आज का मनुष्य साधना की अपेक्षा साधन की उन्नति में लगा रहता है और साधना भूल जाता है। यही मनुष्य के दुःखों का कारण है। साधना का मार्ग हमें केवल वेद के विद्वानों के सत्संग से प्राप्त हो सकता है। रामनगरिया के मेले में एक मास तक हम सभी साधना करने के उद्देश्य से कल्पवास करने आये हैं। हमारा लक्ष्य केवल परमात्मा होना चाहिए। आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने कहा कि महर्षि दयानंद ने हमें ईश्वर के सही स्वरूप का बोध कराया तथा संसार में ईश्वर के नाम पर फैले भ्रम को दूर किया। उन्होंने कहा परमात्मा संसार के कण-कण में विराजमान हैं। उसे किसी स्थान विशेष पर ढूढने की आवश्यकता नहीं। मध्यान्ह की सभा मे धनीराम बेधड़क, हरदेव आर्य ने इश्वर भक्ति के भजनों से भक्तिरस की धारा प्रवाहित की। कार्यक्रम में स्वामी महेन्द्रानंद, संजीवानंद, बाबा लखन गिरी, डॉ0 रामकुमार, सुरेश चंद्र वर्मा, शिशुपाल आर्य, उदयराज, राजाराम आर्य, उपासना कटियार, रत्नेश द्विवेदी, रेनू आर्या, उदिता आर्या आदि उपस्थित रहें।

# प्री-प्राइमरी बाल वाटिका, आंगनबाड़ी गतिविधि प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज




कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व आंगनवाड़ी — समृद्धि न्यूज

**विकास खण्ड** शमशाबाद के कम्पोजिट विद्यालय मुरैठी प्री-प्राइमरी बाल वाटिका आंगनवाड़ी का 52 सप्ताह गतिविधि कैलेंडर आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कम्पोजिट विद्यालय में सम्पन्न हुआ। खण्ड शिक्षाधिकारी सतीश कुमार वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। बीईओ सतीश कुमार वर्मा ने कहा कि सभी प्रतिभागियों से पूरी तनमनता से प्रशिक्षण लें। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण देश की बेसिक शिक्षा की नीव को मजबूत करने वाला है। साथ ही उन्होंने उपस्थित संदर्भदाताओं अनुपम सक्सेना, असगर हुसैन, अनुपम मौर्या, मंजू पाल से पूरी गंभीरता व पूरे समय तक प्रशिक्षण संचालित करने को कहा। प्रशिक्षण के प्रारम्भ में प्रार्थना के उपरान्त सभी प्रशिक्षार्थियों का रजिस्ट्रेशन, प्रशिक्षण सामग्री, स्टेशनरी आदि वितरित की गई। प्रतिभागियों का प्रीटेस्ट लेकर उनके अनुभव का आकलन किया गया। संदर्भदाता असगर हुसैन पूर्व बचपन देखभाल, शिक्षा के बारे में बताया तथा बेसिक शिक्षा में प्री-प्राइमरी शिक्षा के महत्व की जानकारी दी। संदर्भदाता अनुपम सक्सेना ने आंगनवाड़ी से संबंधित एक दिवसीय दिनचर्या का वीडियो को दिखाकर उस पर चर्चा की। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को बताया कि पहले औपचारिक प्रदान की जाती थी। अब अनौपचारिक शिक्षा प्रदान की जायेगी। दूसरे दिवस के प्रारम्भ में संदर्भदाता अनुपम सक्सेना ने सामूहिक गतिविधिया व आयुवर्ग खेल के बारे में बताया। असगर हुसैन ने बच्चों के विश्वास के आयामों पर चर्चा की। आंगनवाड़ी कक्ष में बने कोनो की महत्वता बतायी। 52 सप्ताह गतिविधि कैलेंडर को पहल सप्ताह के थीम के अनुसार अभ्यास कराया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में सभी ने प्रतिभाग किया। बाल पुष्टाहार विभाग की सुपरवाइजर अनुपम मौर्या, मंजू पाठक का सहयोग रहा।

# जनता भारतीय इंटर कालेज में छात्र विदाई समारोह व काव्यपाठ का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



काव्यपाठ के दौरान मौजूद अतिथि व कवि — समृद्धि न्यूज

**जनता भारतीय** इंटर कालेज भरखा में छात्र विदाई समरोह एवं काव्य समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के संयोजक विद्यालय प्रधानाचार्य प्रेमपाल सिंह की देखरेख में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता शिवपाल सिंह ने की। मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे व विशिष्ठ अतिथि जिला मंत्री नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी रहे। कवि दशरथ सिंह राठौर, महेश पाल सिंह उपकारी, डा0 गरिमा पाण्डेय, स्मृति अग्निहोत्री, वैभव सोमवंशी, नीलकमल त्रिवेदी ने काव्य पाठ किया। संचालन युवा साहित्यकार वैभव सोमवंशी ने किया। मां शारदा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्राओं व अभिभावक मौजूद रहे। गरिमा पाण्डेय ने वाणी वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रधानाचार्य ने शब्दों से कवियों व आगंतुओ को धन्यवाद दिया और छात्र-छात्राओं को परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि लालाराम दुबे ने काव्य पाठ की सराहना की और कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को अच्छे संस्कार और साहित्य की विशेष आवश्यकता है। नरेन्द्र पाल सिंह ने कार्यक्रम की सराहना की। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रेम पाल सिंह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्र वर्मा, ओमपाल सिंह रघुवंशी, विनीत चौहान, करुणेन्द्र सिंह राठौर, शिक्षक ईश्वर दयाल पाठक, बृजकरण सिंह, कृष्ण कुमार शुक्ला, श्रीकांत शुक्ला, अनिल सिंह राठौर, शिवम प्रताप सिंह, दुर्गेश कुमार, मोहम्मद सीमम, पुष्पेन्द्र कुमार, पंकज, प्रतिभा निषाद, प्रगति सिंह, सोनी बाथम, नीरज बाथम, शशि मौजूद रही।

# स्टेट ट्रेनिंग कमिश्नर ने स्काउट मास्टर राजकुमार को किया सम्मानित



सम्मानित होते स्काउट मास्टर राजकुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ अध्यापक और स्काउट गाइड के प्रशिक्षक राजकुमार को प्रादेशिक कार्यालय उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड लखनऊ में प्रशिक्षण की श्रृंखला में हिमालय वुड वेज का प्रशिक्षण किए जाने पर सम्मानित किया गया। प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा, गौरव शाक्य और गाइड कैप्टन पुष्पा सिंह की उपस्थिति में प्रादेशिक कार्यालय के सभागार में सम्मानित किया। भविष्य में स्काउट गाइड आंदोलन को आगे बढ़ाए जाने में राजकुमार का विशेष सहयोग रहेगा और बेसिक शिक्षा विभाग के ब्लॉक स्काउट मास्टर के रूप में जनपद को एक नई उपलब्धि मिली है। इस अवसर पर एसटीसी द्वारा उनको हिमालय उड बैज की बीड्स और पर्चमेंट प्रमाण पत्र लेने के बाद राजकुमार ने सभी को धन्यवाद दिया। साथ ही जनपद के स्काउट मास्टर व गाइड कैप्टन ने उन्हें बधाई दी।

### एमआईसी फतेहगढ़ में प्रयोगात्मक परीक्षाएं 4, 5, 6 तथा 8 फरवरी को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार द्वितीय चरण की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 02 फरवरी से प्रारंभ हो रही है। जिसके अनुपालन में म्युनिसिपल इण्टर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर द्वारा द्वारा अवगत कराया गया है कि उनके विद्यालय में प्रयोगात्मक परीक्षाएं 04 फरवरी से प्रारंभ होंगी। जिसमें 04 फरवरी को जीव विज्ञान प्रयोगात्मक परीक्षा, 05 फरवरी को रसायन विज्ञान प्रयोगात्मक परीक्षा, 06 फरवरी को भौतिक विज्ञान प्रयोग परीक्षा तथा 08 फरवरी को भूगोल प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न होगी। सभी छात्र प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु पूर्ण तैयारी के साथ प्रातः 9 बजे से विद्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अनुपस्थित हुए परीक्षार्थी स्वयं व्यक्तिगत रूप से उत्तरदाई होंगे।

# समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत जनपद स्तरीय रंगोत्सव प्रतियोगिता सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

- छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया मंत्रमुग्ध
- प्रतियोगिता में सिदरा, रिषिका, मालती, मोनिका, बुशरा, निशि, आन्या ने मारी बाजी




कार्यक्रम में सम्मानित होती छात्रायें मौजूद अतिथि

**मदन मोहन** कानोडिया बालिका इंटर कालेज में समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत जनपद स्तरीय रंगोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह, प्रबंधक सुनील अग्रवाल, प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी व महेश राजपूत, संतोष त्रिपाठी, प्रमोद गंगवार, डा0 संदीप चतुर्वेदी, नीरज अग्रवाल, रीता द्विवेदी द्वारा दीप प्रज्वलन व सरस्वती पूजन कर किया गया। संचालन इन्द्रा राठौर व दर्शना शुक्ला ने किया। कार्यक्रम की व्यवस्था पूनम शुक्ला ने देखी। निर्णायक समिति में रामदास कुसुमलता व तनुजा सरकार ने भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कालेज, नारायन आर्य कन्या इंटर कालेज, सिटी गर्ल्स इंटर कालेज, महावीर इंटर कालेज, मोहन लाल शुक्ला इंटर कालेज आदि विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। रंगोत्सव प्रतियोगिता में दस विधायें जैसे-सुलेख कैलीग्राफी, निबंध, स्लोगन, पोस्टर, रंगोली, वॉल पेटिंग, निष्प्रयोज्य सामग्री वस्तुओ का निर्माण, क्रॉफ्ट, कोलाज मैकिंग, स्केचिंग आदि प्रतियोगितायें सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता के विषय सब पढ़े-सब बढ़े पर सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। सुलेख प्रतियोगिता में सिदरा प्रथम, तनीषा द्वितीय, सोनाक्षी पाण्डेय तृतीय रही व बालक वर्ग में आर्यन प्रथम, प्रणब प्रताप सिंह द्वितीय रहे। स्लोगन प्रतियोगिता में रिषिका प्रथम, अलीशा खान द्वितीय, प्रज्ञा तृतीय रही। बालक वर्ग में राजेश शर्मा प्रथम, प्रियांश कुमार द्वितीय रहे। निबंध प्रतियोगिता में मालती देवी प्रथम, वैष्णवी दुबे द्वितीय, स्वाती अवस्थी तृतीय रही। बालक वर्ग में हर्ष शर्मा प्रथम, हरिओम द्वितीय रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में मोनिका देवी प्रथम, मुन्तहा व सबीहा द्वितीय, तनु शर्मा तृतीय रही। बालक वर्ग में अभिषेक बाथम प्रथम, अंकुश द्वितीय रहे। रंगोली प्रतियोगिता में बुशरा खातून प्रथम, आराध्या द्वितीय, जोया कायनात तृतीय रही। निष्प्रयोज्य सामग्री सीवी तिवारी प्रथम, निशु भारती द्वितीय, अनामिका तृतीय स्थान पर रही।


क्रॉफ्ट प्रतियोगिता में निशी शाक्य प्रथम, मानवी द्वितीय, सौम्या तृतीय रही। कोलॉज मेकिंग प्रतियोगिता में आन्या भारद्वाज प्रथम, सांझ द्विवेदी रही। वॉल पेटिंग में इषिका गुप्ता प्रथम, काजल बाथम द्वितीय स्थान पर रही। स्केचिंग प्रतियोगिता में आयुषी पाठक प्रथम, सोनम मिश्रा द्वितीय, शिखा सिंह तृतीय रही। बालक वर्ग में किशन कुशवाहा रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम दर्शना आर्य, सुनीता पाण्डेय, जया अवस्थी ने कराया। छात्रा यशिका शुक्ला द्वारा नृत्य प्रस्तुति व गीता उपदेश पर समूह नृत्य की सभी ने सराहना की। प्रतियोगिता में सभी शिक्षिकाओं ने सहयोग किया। इस मौके पर शिक्षिका मंजू सिंह, जया सिंह, दर्शना आर्या, राधा दीक्षित, सीमा देवी, पारुल मिश्रा, नमिता वर्मा, अंजना दीक्षित, अर्चना देवी, अंजली यादव, कुसुमलता, सुनीता पाण्डेय, अर्चना कपूर, पवित्रा राठौर, वरिष्ठ लिपिक अजंट सिंह, राघव मिश्रा, प्रदीप कुमार, पंकज औदिच्य व शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

# बजट भारतीय अर्थव्यवस्था को उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जायेगा : नड्डा

एजेंसी।

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट को 'रामराज्य के विज़न' और विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का बजट बताया है और कहा है कि यह बजट भारतीय अर्थव्यवस्था को उज्ज्वल भविष्य की ओर आगे बढ़ायेगा।

श्री नड्डा ने संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किये गये अंतरिम बजट पर पार्टी की ओर से प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए यह कहा और इसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण के प्रति आभार प्रकट किया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, यह अंतरिम बजट एक गरीब कल्याणकारी और देश के विकास के प्रति समर्पित दूरदर्शी बजट है। इस बजट में मातृशक्ति का दर्शन है, तो रामराज्य का विजन भी है। इस बजट में विकसित भारत का संकल्प है, तो आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य भी है। इस अंतरिम बजट में गरीब कल्याण, किसान का उत्थान, मातृशक्ति का सम्मान और नौजवानों की मुस्कान समाहित है। ऐसे सर्व स्पर्शी एवं सर्व समावेशी और देश के जन-जन और हर क्षेत्र के सर्वांगीण कल्याण के लिये समर्पित बजट के लिये मैं श्री मोदी तथा वित्तमंत्री श्रीमती सीतारमण और उनकी पूरी टीम को अपनी पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं की ओर से हार्दिक बधाई देता हूं और उनका अभिनंदन करता हूं।



श्री नड्डा ने कहा, पिछले 10 वर्षों में श्री मोदी ने अथक परिश्रम के साथ जहां लगभग 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है तो वहीं दूसरी ओर भारत ने अर्थव्यवस्था में प्रगति के सारे रिकार्ड भी तोड़ डाले हैं। यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य की बुनियाद है। हम गरीबी हटाने का नारा नहीं देते बल्कि गरीबी दूर करके दिखाते हैं। हम विकसित और विकास की केवल बात नहीं करते बल्कि विकास को घर-घर पहुंचाने में यकीन रखते हैं। उन्होंने कहा कि अंतरिम बजट में मध्यम वर्ग के लिये आवास योजना लाये जाने का निर्णय एक क्रांतिकारी कदम है। अगले पांच साल में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लगभग दो करोड़ घर बनाने का निर्णय लिया गया है। अगले पांच साल में अब हमारी सरकार तीन करोड़ से अधिक लखपति दीदी बनाने का सुनियोजित लक्ष्य रख कर चली है। एमएसएमई सेक्टर को ग्लोबल बनाने के लिये सरकार ने जो निर्णय लिया है, वह आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने में सहायक सिद्ध होगी।

श्री नड्डा ने कहा कि इस बजट में पर्यटन पर भी खासा ध्यान रखा गया है। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिये हमारी सरकार ने 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' के तहत एक करोड़ घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाये जाने का निर्णय लिया है। इस अंतरिम बजट में किसान, मध्यवर्ग, महिला से लेकर सभी वर्गों को और उसकी जो रूप-रेखा रखी है, वह भारतीय अर्थव्यवस्था को सही रास्ते और उज्ज्वल भविष्य की ओर आगे बढ़ायेगी।

## किसानों के लिए समर्पित है अंतरिम बजट : शाह

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अंतरिम बजट को किसानों के लिए समर्पित बताते हुए कहा है कि यह देश के किसानों के लिए खुशहाली तथा समृद्धि के नए अवसर लेकर आया है। श्री शाह ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा गुरूवार को लोकसभा में पेश वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि सरकार की आत्मनिर्भर भारत योजना से प्रेरित इस बजट में एक तरफ तिलहनों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया गया है, तो दूसरी तरफ नैनो-डीएपी के प्रयोग



एवं डेयरी विकास पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है।

उन्होंने कहा कि सरकार 11.8 करोड़ किसानों को वित्तीय सहायता और 4 करोड़ किसानों को फसल बीमा से सुरक्षा दे रही है। बजट में अत्याधुनिक भंडारण व्यवस्था और प्रभावशाली आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के संबंध में लिये गए अहम फैसलों से अन्नदाता आर्थिक तौर पर सशक्त एवं समृद्ध बन सकेंगे। इस बजट में लखपति दीदी के लक्ष्य को बढ़ाकर 3 करोड़ करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करता हूँ।

## हमारे पास इंग्लैंड की आक्रामकता का मुकाबला करने की योजना : केएस भरत

एजेंसी

**विशाखापत्तनम।** विकेटकीपर केएस भरत ने गुरुवार को कहा कि भारतीय टीम ने यहां कल से शुरु हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड की आक्रामक रणनीति का मुकाबला करने के लिए नई रणनीति बनाई है, जिसमें जरूरत पड़ने पर स्वीप शॉट का उपयोग करना शामिल है।



भरत ने कहा कि टीम ने श्रृंखला के शुरूआती मैच से ही अपनी गलतियों पर काम किया है, जहां इंग्लैंड ने अविश्वसनीय वापसी करते हुए 28 रनों से जीत हासिल की।

इंग्लिश बल्लेबाजों, विशेषकर ओली पोप ने स्वीप और रिवर्स स्वीप की झड़ी लगाकर भारतीय स्पिनरों की रणनीतियों को बाधित कर दिया। शुक्रवार को विशाखापत्तनम में टेस्ट शुरू होने पर वे इस तरह का प्रयास जारी रखने का इरादा रखते हैं।

भरत ने यहां आयोजित प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, उन्होंने वास्तव में बहुत अच्छा खेला। उन्हें श्रेय जाता है। ओली पोप ने वास्तव में अच्छे शॉट खेले। चोटों के कारण भारत को अपने शीर्ष बल्लेबाज केएल राहुल और स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की कमी खलेगी। भरत ने कहा, हमारी टीम की बैठकों में हमने उन चीजों के बारे में बात की जिन्हें हम बेहतर कर सकते थे और हां, हमारे पास निश्चित रूप से कुछ योजनाएं हैं। हम निश्चित रूप से देख रहे हैं कि उन्होंने पहले गेम में कैसा प्रदर्शन किया, कुछ उलटफेर किए। यह कुछ ऐसा है, जिसपर हमने निश्चित रूप से काम किया है।

भारतीय बल्लेबाज़ ज़्यादा स्वीप शॉट नहीं खेलते हैं लेकिन दूसरे टेस्ट से पहले दो प्रशिक्षण सत्रों में उन्हें उस शॉट का अभ्यास करते देखा गया। क्या इसका मतलब यह है कि घरेलू टीम अधिक स्क्वायर ऑफ द विकेट खेलेगी। भरत ने कहा, भारत में खेलते हुए, हम इन ट्रैकों पर बहुत अधिक क्रिकेट खेलते हैं। ऐसा नहीं है कि हम स्वीप, रिवर्स स्वीप या पैडल करना नहीं जानते हैं, लेकिन उस विशेष दिन पर टीम की स्थिति के आधार पर, हम बल्लेबाज के रूप में अपना योगदान देते हैं। और यह हमारे लिए बहुत स्पष्ट है कि हम स्वतंत्रता के साथ बल्लेबाजी करें। हमने पहले गेम से पहले रिवर्स का भी अभ्यास किया था। लेकिन यह बल्लेबाजों की व्यक्तिगत योजना है। अगर टीम हमसे एक निश्चित तरीके से खेलने की मांग करती है , तो हम इसके लिए तैयार हैं।

भारतीय बल्लेबाजों का अनुभवहीन हार्टले के सामने आत्मसमर्पण करना आश्चर्यजनक था लेकिन भरत ने उनके प्रयास का बचाव किया।

उन्होंने कहा, हम गेंदबाजों को नहीं खेलते हैं, हम गेंद को खेलते हैं। किसी भी दिन, यह अनुभवी या अनुभवहीन गेंदबाज हो सकता है, क्रिकेट में अनुभवहीनता जैसा कुछ नहीं है। उस विशेष दिन, अगर कोई अच्छी गेंदबाजी करता है, तो आपको उन्हें श्रेय देना होगा। वैकल्पिक सत्र में छह खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं, हालांकि बुधवार को टीम का हर सदस्य मौजूद था, लेकिन आज सुबह के वैकल्पिक अभ्यास सत्र में केवल छह खिलाड़ी आए। इनमें शुभमन गिल, सौरभ कुमार, रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जयसवाल और सरफराज खान शामिल थे। नेट्स के दौरान, रजत और सरफराज, जो ग्यारह में एक स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, एक लंबी लेकिन रचनात्मक बातचीत में लगे रहे। गिल ने काफी मेहनत की और बाएं हाथ की स्पिन का काफी सामना किया, लेकिन फिलहाल वह टेस्ट क्रिकेट में अपनी सफेद गेंद वाली फॉर्म को दोहरा नहीं पा रहे हैं।

## उद्धव ठाकरे ने बीजेपी पर साधा निशाना, कहा- वित्त मंत्री ने पेश किया मोदी सरकार का आखिरी बजट

एजेंसी।

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बृहस्पतिवार को अंतरिम बजट पेश होने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार का आखिरी बजट पेश किया है। उन्होंने रायगढ़ जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सीतारमण ने अनुसार बजट गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों पर केंद्रित होगा।



ठाकरे ने कहा कि सरकार को आखिरकार एहसास हुआ कि देश में इन चार वर्ग के लोग हैं। उन्होंने कहा, श्मोदी सरकार ने अपना आखिरी बजट पेश किया है। वित्त मंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि उन्होंने बहुत भारी मन से इस कार्य को किया और आखिरी बजट पेश किया।श् सीतारमण ने लोकसभा चुनाव से पहले बृहस्पतिवार को लगातार अपना छठा बजट पेश किया। सीतारमण ने चुनाव से पहले बजट पेश किया जो तकनीकी रूप से अप्रैल में शुरू होने वाले नए वित्तीय वर्ष के पहले चार महीनों के लिए केंद्र सरकार के आवश्यक खर्च को पूरा करने के लिए लेखानुदान है। इसे अंतरिम बजट के रूप में जाना जाता है। अप्रैल-मई में प्रस्तावित लोकसभा चुनाव के बाद चुनी गई नई सरकार संभवतः जुलाई में पूर्ण बजट पेश करेगी।

आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2024-2025 के अंतरिम बजट ने आम जनता की उम्मीदों पर पानी फेर दिया क्योंकि इसमें कोई कर रियायत नहीं दी गई है।

## जम्मू-कश्मीर नेशनल हाईवे यातायात के लिए हुआ बंद, 200 से अधिक वाहन फंसे

**जम्मू, एजेंसी।** श्रीनगर रामबन जिले में भूस्खलन के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बृहस्पतिवार को यातायात के लिए बंद कर दिया गया जिससे 200 से अधिक वाहन फंसे हुए हैं। राजमार्ग पर भी कई स्थानों पर फिर से बर्फबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन जिले के शेरबीबी इलाके में हुआ जहां भारी बारिश भी हुई। यातायात पुलिस ने 'एक्स पर पोस्ट किया, ''जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर शेरबीबी के पास सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है और यातायात बहाली का काम शुरू होने वाला है। राजमार्ग के विभिन्न बिंदुओं पर 200 से अधिक वाहन फंसे हुए हैं। 270 किलोमीटर लंबा राजमार्ग कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से हर मौसम में जोड़ने वाली एकमात्र सड़क है। उन्होंने कहा कि यातायात के लिए राजमार्ग को फिर से खोलने का काम जारी है लेकिन रामबन-बनिहाल सेक्टर में लगातार बारिश के कारण इस कार्य में बाधा आ रही है। यातायात पुलिस ने लोगों को मौसम में सुधार होने और सड़क साफहोने तक राजमार्ग पर यात्रा करने से बचने की सलाह दी है।

# खेलों में हमारे युवाओं द्वारा नई ऊंचाईयों को छूने से देश गौरवान्वित : सीतारमण

एजेंसी।

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास के मंत्र पर जोर देते हुए कहा कि खेल में हमारे युवाओं द्वारा नई ऊंचाईयां छूने से देश गौरवान्वित है। वित्त मंत्री ने एशियाई खेलों में भारत की उपलब्धियों उल्लेख करते हुए कहा कि एशियाई खेलों और एशियाई पैरा खेलों में अब तक की सर्वाधिक संख्या में पदक जीते हैं जो बढ़े हुए आत्मविश्वास को दर्शाता है।

उन्होंने अपने बजट भाषण में यह भी कहा कि शतरंज के दिग्गज एवं शीर्ष रैंक के खिलाड़ी प्रज्ञानंद ने 2023 में वर्तमान शतरंज वर्ल्ड चैंपियन मैगनस कार्लसन को कड़ी टक्कर दी। शतरंज में भारत की सफलता पर उन्होंने कहा कि आज भारत में 80 से अधिक शतरंज ग्रैंडमास्टर हैं जबकि 2010 में 20 से थोड़े अधिक ग्रैंड मास्टर हुआ करते थे। श्रीमती सीतारमण ने अपने बजट भाषण में 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण के साथ एक लाख करोड़ रुपए का एक कोष स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। इस कोष के जरिए दीर्घकालिक वित्त पोषण अथवा पुनर्वित्तपोषण कम या शून्य ब्याज दोनों पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि तकनीक प्रेमी हमारे युवाओं के लिए यह एक स्वर्णिम काल होगा। आज ऐसे कार्यक्रमों की जरूरत है जो युवा शक्ति और प्रौद्योगिकी को जोड़े रखे। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस कोष से निजी क्षेत्र अधिकांशतः नए उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान और नई पहल को उल्लेखनीय रूप से बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित होगा।

# भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन घोषित

### जेम्स एंडरसन-शोएब बशीर को मौका

**एजेंसी, विशाखापत्तनम।** इंग्लैंड ने विशाखापत्तनम में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए गुरुवार को अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा कर दी है। चोटिल जैक लीच की जगह स्पिनर शोएब बशीर को मौका मिला है, जो टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करेंगे।

इसके अलावा तेज गेंदबाज मार्क वुड के स्थान पर अनुभवी सीमर जेम्स एंडरसन को टीम में शामिल किया गया है। इंग्लिश टीम ने तीन-स्पिन आक्रमण की अपनी रणनीति जारी रखी है। टीम में तीन स्पिनर मौजूद हैं, जिनमें टॉम हार्टले, रेहान अहमद और बशीर शामिल हैं, जो मददगार पिच पर भारत की परीक्षा लेंगे। बता दें कि पहला टेस्ट मैच 28 रन से जीतने के बाद इंग्लिश टीम पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 1-0 से आगे है।

**दूसरे टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन इस प्रकार है :** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फोक्स, रेहान अहमद, टॉम हार्टले, शोएब बशीर, जेम्स एंडरसन।



# उत्तर प्रदेश में 18 प्रतिशत जनसंख्या प्री डायबिटीज से ग्रसित : प्रो. अनुज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

2 फरवरी से 4 फरवरी तक अटल बिहारी बाजपेई साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर लखनऊ में रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डाइबिटीज इन इंडिया उत्तर प्रदेश शाखा के तत्वधान में UPCON 2024 का आयोजन किया जा रहा है इसमें देश विदेश व उत्तर प्रदेश से 110 डायबिटीज के क्षेत्र में अग्रणी वक्ता डायबिटीज से संबंधित विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देंगे।

कार्यक्रम में शुक्रवार के दिन 150 शोधार्थी अपनाशोधपत्र पढ़ेंगे कार्यक्रम में शुक्रवार 2 बजे से चार बजे के मध्य एक रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डाइबिटीज इन इंडिया उत्तर प्रदेश शाखा की और डायबिटीज रिफ्रेशर कोर्स आयोजित किया जाएगा। 3 फरवरी 2024 दिन शनिवार को दोपहर 12 बजे में



**कन्वेंशन सेंटर में यूपीकॉन 2024 का आयोजन आज से**

कॉन्फ्रेंस का आधिकारिक शुभारंभ उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ मंत्री ब्रजेश पाठक के कर कमलों से होगा।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अश्विनी त्यागी सदस्य विधान परिषद, व डा. अमोद सचान, चेयरमैन हिंद इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, अटरिया व सफेदाबाद होंगे।

संस्था के चेयरमैन प्रो. अनुज माहेश्वरी ने बताया की उत्तर प्रदेश में 18 प्रतिशत जनसंख्या प्री डायबिटीज से ग्रसित है, जो की राष्ट्रीय एवरेज से कही ज्यादा है। डायबिटीज के क्षेत्र में शोध और चिकित्सकों के लिए सतत शिक्षा कार्यक्रम की महती आवश्यकता है प्रो नरसिंह वर्मा, कन्वीनर ने ग्रामीण क्षेत्रों में डायबिटीज के प्रचार प्रसार रोकने व विलेज अडॉप्शन प्रोग्राम की आवश्यकता पर जोर दिया।

संस्था के सचिव डा अजय तिवारी ने बताया कॉन्फ्रेंस को मेडिकल कॉन्सिल ऑफ इंडिया द्वारा 9 CME क्रेडिट्स दिए गए हैं।

## यह नाटक चुटकुलों के बारे में नहीं है, बल्कि खुद एक मज़ाक बने बिना हास्य पैदा करने के बारे में है : आकर्ष खुराना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आकर्ष खुराना के लिए, कहानी सुनाना रोमांच से भरी एक अंतहीन यात्रा है और उन्होंने छोटे और बड़े पर्दे पर अपनी अनूठी शैली की छाप छोड़ी है। कारवां और रश्मि रॉकेट जैसी फिल्मों के निर्देशक के पास थिएटर का भी व्यापक अनुभव है और स्टैंड अप सहित उनके कई टेलीप्ले ज़ी थिएटर के समृद्ध भंडार में मौजूद हैं। स्टैंड अप के निर्देशन की प्रक्रिया के बारे में बताते हुए, आकर्ष कहते हैं, नाटक उन लोगों के बारे में है जो अनूठे व्यक्तिगत और व्यावसायिक मुद्दों से निपट रहे हैं। सेटिंग चाहे जो भी हो, यह एक प्रासंगिक विषय है। कहानी अंत में, चुटकुलों के बारे में नहीं है बल्कि स्वयं एक मजाक बने बिना हास्य पैदा करने के बारे में है। स्टैंड अप पांच नवोदित स्टैंड-अप कलाकारों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक बड़े ओपन-माइक कार्यक्रम की तैयारी के लिए अपने गुरु से मिलते हैं। जब वे मजाकिया होने की कोशिश कर रहे होते हैं तो उन्हें एहसास होता है कि मजाक का पात्र बने बिना चुटकुला सुनाना कितना कठिन है।




मुंबई के कॉमेडी स्टोर में स्टैंड-अप कलाकारों के साथ बातचीत करते समय आकर्ष के मन में यह कहानी उभरी और वे कहते हैं कि उस दौरान जब मैं और मेरे साथी तन्मय भट्ट, रोहन जोशी और आशीष शाक्य जैसे स्टैंड-अप कॉमिक्स के साथ ग्रीन रूम साझा कर रहे थे, मैंने देखा कि वे मंच के पीछे काफी संजीदा रहते थे। अक्सर कहा जाता है कि कॉमेडी एक गंभीर विषय है और वाकई उन्हें देख कर ऐसा ही प्रतीत हुआ। चूंकि स्टैंड अप के अधिकांश पात्र संघर्षरत स्टैंड-अप कॉमेडियन हैं, इसलिए कुछ हंसी मज़ाक तो होना ही था, लेकिन आकर्ष का कहना है कि उनका अंतिम लक्ष्य यह नहीं था। वे बताते है लक्ष्य वास्तव में एक प्रतिस्पर्धा से ग्रस्त समूह के बारे में नाटक लिखना था जो हास्य के जरिए आजीविका कमाने की कोशिश कर रहा है।

## एपेक्स लेबोरेटरीज ने लॉन्च किया इनसोपेक्स

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

एपेक्स लेबोरेटरीज का हर्बल डिवीजन, ग्रीन मिल्क कॉन्सेप्ट, एक नया आयुर्वेदिक फॉर्मूलेशन लॉन्च करने जा रहा है जिसका नाम इनसोपेक्स है। ये फॉर्मूलेशन मूड डिसऑर्डर और अनिद्रा को ठीक करने में मदद करता है।



**मूड डिसऑर्डर और अनिद्रा का आयुर्वेदिक इलाज**

इस अवसर पर गणमान्य अतिथि एस. वी. सुभाषिनी, जीएमसी की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, आर. श्रीधर, वीपी-सेल्स एंड मार्केटिंग, वी.पी. राघवन, एजीएम, डॉ. शिव शंकर त्रिपाठी, (एमडी) आयुर्वेद - राजभवन; डॉ.गुरमीत राम एमडी आयु. कायचिकित्सैक स्टेट आयुर्वेदिक कॉलेज; डॉ. एम एस खान (बी.यू.एम.एस); प्रोफेसर शशि शर्मा, एमडी आयुर्वेद, पीजी विभाग प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग; डॉ. इमरान अंसारी, बीयूएमएस इस इनोवेटिव प्रोडक्टिव के बारे में बताते हुए विशेषज्ञता प्रदान करते हुए लॉन्च की अध्यक्षता करेंगे।

आजकल, गैर-संचारी रोग और जीवनशैली से प्रेरित स्वास्थ्य समस्याएं होने का खतरा बढ़ रहा है। इन समस्याओं में मूड विकार, नींद संबंधी विकार, तनाव, चिंता और अवसाद शामिल हैं। इनसोपेक्स एक अनूठी आयुर्वेदिक दवा है जो इन समस्याओं को दूर करने में मदद करती है। यह न्यूरोट्रांसमीटर के संतुलन को बनाए रखकर काम करती है। इनसोपेक्स एक आयुर्वेदिक दवा है जो तगारा, अश्वगंधा, ज्योतिष्मती, संकपुष्पी और ब्राह्मी जैसे आयुर्वेदिक घटकों से बनी है।

जीएमसी की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर सुश्री एस.वी. सुभाषिनी ने अपना उत्साह व्यक्त किया और कहा कि हमें इस अभूतपूर्व आयुर्वेदिक उत्पाद इनसोपेक्स को लॉन्च करने पर गर्व है। ये मूड डिसऑर्डर और अनिद्रा के लिए एक क्रांतिकारी इलाज साबित होगा और साथ ही समग्र स्वास्थ्य देखभाल की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम होगा।

# सत्ता में बैठे लोगों से सही सवाल पूछने के लिए साहस की जरूरत है : भूमि पेडनेकर

एजेंसी

**मुंबई।** एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने उनकी आने वाली फिल्म 'भक्षक' में एक खोजी पत्रकार की भूमिका निभाई है। यह फिल्म रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन की है और न्याय पाने के लिए एक अटूट महिला की खोज की यात्रा की पड़ताल करती है। भक्षक में भूमि एक गर्ल्स सैलटर होम में बच्चों के यौन उत्पीड़न के मामले की जांच करती नजर आएंगी।

भक्षक फिल्म की रिलीज से पहले, भूमि ने मीडिया से बात की और एक पत्रकार के रूप में कदम रखने के अपने अनुभव को शेयर किया किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता एक कठिन करियर है इसमें सही सवाल पूछने के लिए बहुत साहस की जरूरत होती है, खासकर उन लोगों से जो सत्ता में हैं। निडर होकर सवाल पूछने के लिए निश्चित रूप से बहुत साहस की जरूरत होती है, मैं इसके लिए पत्रकारों को सलाम करती हूं अपना काम ईमानदारी और निडरता के साथ कर रही हूं। इस फिल्म में काम करके मैंने बहुत कुछ सीखा है। मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं। और क्या कुछ कहा भूमि ने देखिये हमारी इस वीडियो में भूमि ने फिल्म के गहन विषय पर भी विचार साझा किए। 'भक्त' पर काम करना काफी चुनौतीपूर्ण था क्योंकि यह एक संवेदनशील और कठिन विषय पर आधारित है। फिल्म मूल स्तर पर ऐसे सवाल पूछती है जो किसी की भी अंतरात्मा को झकझोर देने वाले हैं। मुझे उम्मीद है कि फिल्म बातचीत को बढ़ावा देगी जिससे सार्थक बदलाव आएगा। यह फिल्म बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर प्रकाश डालती है। 'भक्षक' का निर्देशन पुलकित ने किया है। फिल्म में भूमि के साथ-साथ संजय मिश्रा, आदित्य श्रीवास्तव और साई ताम्हणकर भी अहम भूमिका में हैं। यह 9 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



# दिल की बीमारियों से लेकर कैंसर तक को रोकता है कटहल

स्वास्थ्य

कटहल एक पौष्टिक गुणों से भरपूर सब्जी है। खासकर की जो लोग शाकाहरी हैं, उनके लिए कटहल एक बेस्ट पोटीन सब्सीट्यूड है। कटहल की सब्जी को बनाने के प्रोसेस भी काफी हद तक नॉनवेज भी तरह ही होता है। ढेर सारे मसालों को डालकर बनाई गई कटहल की सब्जी में विटामिन बी जैसे की राइबोफ्लेविन, थियामिन के साथ ही मैग्नीशियम, पोटेशियम, कॉपर, मैंगनीज और फाइबर भी मौजूद होते हैं। हमारे शरीर के अलग-अलग फंक्शन्स के लिए ये सारे पोषक तत्व बेहद जरूरी होते हैं। कटहल की सब्जी खाने के अनेक फायदे हैं।

*कैंसर का खतरा होगा कम*

आजकल जहां कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी लोगों को लगातार अटैक कर रही है तो ऐसे में कटहल का सेवन करके इस बीमारी के खतरे को कम करें। कटहल में फाइटोन्यूट्रिएंट्स, एंटीहाइपरटेंसिव, एंटीकैंसर और एंटीअल्सर तत्व पाए जाते हैं जो शरीर में कैंसर सेल्स को बनने के रोकते हैं और पेट में अल्सर होने पर भी काफी हद तक फायदेमंद हैं।

*एनीमिया की बीमारी से रहेंगे दूर*

खराब लाइफस्टाइल और गलत खान-पान की वजह से एनीमिया की बीमारी से कई लोग जूझ रहे होते हैं। ऐसे में कटहल को अपनी डाइट में शामिल करें। इसमें मौजूद विटामिंस, मिनरल्स कॉपर, मैग्नीज, मैंग्नीशियम, विटामिन ए, सी, ई होते हैं जो शरीर में खून बनाने का काम भी करती है। आयरन की कमी की वजह से ज्यादातर औरतें एनीमिया का शिकार हो जाती है. कटहल खाने से एनीमिया की परेशानी दूर हो जाएगी।

*पाचन तंत्र होगा स्ट्रांग*

कटहल में अच्छी- खासी मात्रा में फाइबर मौजूद होता है। इसके सेवन से आंतों में गुड़ बैक्टीरिया की मात्रा बढ़ती है। ये बैक्टीरिया डाइजेस्टिव सिस्टम को स्ट्रांग और हेल्दी रखने का काम करता है और इम्यूनिटी को भी बूस्ट करता है। पाचन तंत्र के सही काम करने से शरीर से कई सारी बीमारियां दूर रहती हैं।

*बल्ड शुगर लेवल रहेगा कंट्रोल*

कटहल में फाइबर भरपूर मात्रा में मौजूद होता है, इससे पेट काफीव देर तक भरा हुआ रहता है और बल्ड शुगर लेवल भी कंट्रोल भी रहता है। इसके साथ ही इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स काफी कम होता है, जो डायबिटीज के मरीजों के लिए एक हेल्दी ऑप्शन है।



*हृदय रहेगा स्वस्थ*

इसमें मौजूद फाइबर, पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट दिल को हेल्दी रखते हैं और दिल से जुड़ी समस्याओं को भी काफी हद तक कम कर देते है।

*आंखों के लिए फायदेमंद*

कटहल में मौजूद बीटा कैरोटीन आंखों के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद है। यह कॉर्निया की फंक्शनिंग में काफी मदद करता है।

**त्वचा में आयेगा निखार:** इसमें एंटीऑक्सीडेंट, एंटीएजिंग के साथ ही विटामिन सी की भी भरपूर मात्रा मौजूद होती है। ये दोनों पोषक तत्व त्वचा को हेल्दी रखने के लिए जरूरी होते हैं। साथ ही इसके सेवन से बढ़ती उम्र के असर को भी कम करती है।